3 राजधानी
राजनीतिक दलों से ज्यादा निर्दलीयों का दबदबा

6 अभिमत
इजरायल की जलवायु संबंधी तकनीक

9 राष्ट्रीय
लुधियाना से 20 किग्रा हेरोइन जब्त की

10 विदेश
बगदाद हवाईअड्डे पर दूसरी बार आग लगी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 16
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नया टी20 कप्तान रखने में कोई परेशानी नहीं
स्पोर्ट्स-12

# उत्तराखंड-हिमाचल से जुड़े श्रद्धा की हत्या के तार

● साक्ष्य जुटाने के लिए आफताब को दोनों राज्यों में लेकर जाएगी पुलिस

● हिरासत अवधि पांच दिन बढ़ी, आरोपी का होगा नार्को टेस्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**श्रद्धा** वालकर हत्याकांड में रोज नए-नए खुलासे होने से पुलिस की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। हत्याकांड के तार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से भी जुड़ रहे हैं। आरोपी आफताब पूनावाला और श्रद्धा कुछ समय के लिए इन राज्यों में गए थे। पुलिस को हत्याकांड में राहुल और बद्री नाम के दो अन्य लोगों की भी तलाश है, जिन्होंने दिल्ली में श्रद्धा व आफताब को किराए का कमरा दिलवाने व हिमाचल में छुट्टियां बिताने के दौरान उनके ठहरने की व्यवस्था की थी।

सूत्रों ने कहा कि पूछताछ के दौरान आफताब के बयानों में विरोधाभास पाया गया है। इसलिए पुलिस उसके खिलाफ ठोस सबूत जुटाने के लिए उसके दो साथियों राहुल और बद्री की तलाश कर रही है। पुलिस आफताब को हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी लेकर जाएगी। वहां कुछ और ठोस सबूत हाथ लग सकते हैं। पूछताछ के दौरान आफताब ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने श्रद्धा का चेहरा इस तरह से जलाया कि यदि शव के अन्य टुकड़े मिल भी जाएं तब भी उसकी पहचान न हो सके। पुलिस की जांच टीम ने गुरुवार को फिर महरौली के उस जंगल की खाक छानी, जहां आफताब ने एक-एक कर शव के टुकड़ फेंके थे। क्योंकि, अभी श्रद्धा का सिर, धड़ और हत्या में प्रयुक्त हथियार नहीं मिला है। दूसरी ओर, पुलिस को साकेत कोर्ट ने आफताब की पांच दिन की हिरासत दे दी है। साथ ही आरोपी का नार्को टेस्ट कराने की भी अनुमति मिल गई है। इससे आने वाले दिनों में कुछ नए खुलासे होने की उम्मीद है।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने मामले में पुलिस की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। सुरक्षा चिंताओं के चलते आफताब को गुरुवार शाम चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए साकेत कोर्ट में पेश किया गया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने कहा कि पुलिस द्वारा सौंपे गए आवेदन के अनुसार आरोपी को कुछ धार्मिक संगठनों और बदमाशों से धमकियां मिल रही थीं। वह सभी से कानून के शासन का पालन करने का अनुरोध करते हैं। पुलिस के अनुसार, 28 वर्षीय पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर (27) की गत 18 मई की शाम को कथित तौर पर गला घोंट कर हत्या कर दी थी और उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे। पहचान छुपाने के लिए आफताब पूनावाला ने जहां उसका चेहरा बुरी तरह जला दिया था, वहीं शव को भी 35 टुकड़ों में काटकर दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा तथा एक-एक टुकड़े को रोज पास के छतरपुर के पहाड़ी जंगल में फेंक आता था। इस जघन्य हत्याकांड के खुलासे के बाद से देश भर में आफताब के प्रति गुस्से का माहौल है। गुरुवार को जहां एक अदालत के परिसर में कुछ वकीलों ने आरोपी के खिलाफ प्रदर्शन किया, वहीं शाम को वसंत कुंज में लोगों ने श्रद्धा को इंसाफ दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला। हालांकि बार संघों ने आरोपी के खिलाफ वकीलों के प्रदर्शन की निंदा करते हुए खुद को इससे अलग कर लिया और कहा कि कानून अपना काम करेगा।



श्रद्धा वालकर हत्याकांड को लेकर कैंडर मार्च निकाल कर लोगों ने मारी गई लड़की को श्रद्धांजलि दी

## पानी का अचानक बढ़ा बिल खोलेगा कई राज

**जिस** फ्लैट में आफताब और श्रद्धा रहते थे, वहां का पानी का बिल आश्चर्यजनक रूप से उस माह बहुत बढ़कर आया था। यह भी पुलिस की जांच का हिस्सा बन गया है। सूत्रों ने बताया कि जहां आफताब रहता था, उस मकान के मालिक ने पुलिस को 300 रुपये के पानी के बिल के बारे में बताया है, जो इस तथ्य को देखते हुए बहुत अधिक है कि हर घर को 20 हजार लीटर पानी मुफ्त मिलता है, जबकि श्रद्धा की मौत के बाद आफताब कमरे पर अकेला रहता था।

अधिक पानी खर्च का मुख्य कारण यह हो सकता है कि उसने शव काटने के दौरान शॉवर चलाकर रखा ताकि काटने की आवाज बाहर न जाए। इसके अलावा इन टुकड़ों को धोने में भी उसने बेतहाशा पानी बहाया। आफताब के कबूलनामे के मुताबिक, उसने पहले श्रद्धा के लीवर और आंत को ठिकाने लगाया, जबकि सिर को काफी दिनों तक फ्रीजर में ही रखा। पूछताछ के दौरान आफताब ने कथित तौर पर खुलासा किया कि उसने हत्या करने, शव को ठिकाने लगाने एवं उसे टुकड़ों में काटने के बारे में इंटरनेट से जानकारी हासिल की।

दक्षिणी दिल्ली पुलिस ने एक मानव सिर सहित शरीर के कटे हुए हिस्सों के डीएनए नमूने का मिलान करने के लिए पूर्वी दिल्ली पुलिस से संपर्क किया है। ये मानव अंग जून में पूर्वी दिल्ली की पुलिस को पांडव नगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरी इलाके से मिले थे। इनमें एक कटा हुआ सिर और हाथ था, जो श्रद्धा की हत्या (18 मई को) के लगभग एक महीने बाद बरामद हुआ था।

## आतंकवाद के लिए सोशल मीडिया बना धन जुटाने का जरियाः एनआईए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● जांच एजेंसी के महानिदेशक ने कहा- भारत के पास साक्ष्य, आतंकवाद वित्तपोषण पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद के लिए धन जुटाने को सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एनआईए प्रमुख का यह बयान आतंकवाद वित्त पोषण पर दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन 'नो मनी फॉर टेरर' की शुरुआत से एक दिन पहले आया है। यह बैठक नई दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगी और इसमें यह मुद्दा जोर-शोर से उठेगा। अंतरराष्ट्रीय मंत्रीस्तरीय सम्मे लन से पूर्व आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गुप्ता ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान इस सम्मेलन में भाग नहीं ले रहे हैं, वहीं चीन ने अपनी भागीदारी पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

एनआईए महानिदेशक ने कहा कि भारत के पास साक्ष्य हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के वास्ते धन जुटाने के लिए किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे तथा इसमें गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या इसमें पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान को आमंत्रित किया गया है, विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने कहा, चीन को आमंत्रित किया गया है। हालांकि उन्होंने इस सम्मेलन में पाकिस्तान, अफगानिस्तान के हिस्सा लेने के बारे में कुछ नहीं कहा। कार्यक्रम का ब्यौरा देते हुए एनआईए के महानिदेशक गुप्ता ने स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन के एजेंडे में किसी विशिष्ट देश पर केंद्रित चर्चा शामिल नहीं है और इसमें 73 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे जिसमें 20 देशों के मंत्री भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल होने वाले प्रतिनिधि सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा करेंगे चाहे, आतंकी स्रोत हो या इसका खतरा अथवा वित्त पोषण।

गुप्ता ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में भारत में आतंकी गतिविधियों में कमी आई है और जम्मू कश्मीर, पंजाब, पूर्वोत्तर क्षेत्रों आदि में आतंकी गतिविधियों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में देश ने अपने आधारभूत ढांचा, तंत्र और वैश्विक आतंकवाद एवं उसके वित्त पोषण की बुराई से लड़ने के ढांचे को मजबूत बनाया है। एजेंडे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के विषय के शामिल होने (शेष पेज 8)

## सीओपी 27: पहले मसौदे में जीवाश्म ईंधन पर भारत के प्रस्ताव का उल्लेख नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● भारत ने इन ईंधनों का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से बंद करने का प्रस्ताव दिया था जिसका यूरोपीय संघ व कई अन्य देशों ने किया था समर्थन

**संयुक्त** राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को जलवायु समझौते का पहला मसौदा प्रकाशित किया और इसमें सभी जीवाश्म ईंधनों का चरणबद्ध तरीके से इस्तेमाल बंद करने के भारत के प्रस्ताव का कोई जिक्र नहीं है जिसका यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों ने समर्थन किया था।

मसौदा संतुलित कोयला विद्युत को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में उपायों में तेजी लाने और राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावहीन जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने तथा बदलाव के लिए समर्थन की आवश्यकता को पहचानने के निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित करता है। पिछले साल ग्लासगो में हुए जलवायु समझौते में भी लगभग इसी भाषा का इस्तेमाल किया गया था। संपर्क किए जाने पर पर्यावरण मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय वार्ताकार इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, क्योंकि बातचीत चल रही है। मसौदे में यह भी उल्लेख नहीं किया गया है कि हानि और क्षति वित्त सुविधा कब शुरू की जाएगी तथा इसकी रूपरेखा क्या होगी।

गरीब और विकासशील देशों ने मांग की है कि सीओपी27 का समापन हानि और क्षति से संबंधित मुद्दे का समाधान करने के लिए एक कोष शुरू करने के निर्णय के साथ होना चाहिए- जलवायु परिवर्तन-संबंधी आपदाओं के कारण अपूरणीय क्षति के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द। मसौदा पाठ वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए पूर्व-औद्योगिक स्तर के तापमान से इसे दो डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं बढ़ने देने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्य को प्राप्त करने के वास्ते सभी स्तरों (शेष पेज 8)

### अवैध खनन मामला

## ईडी ने हेमंत सोरेन से नौ घंटे से अधिक पूछताछ की

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची

**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन मामले के संबंध में बृस्पतिवार को साढ़े नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। सोरेन दोपहर के करीब केंद्रीय जांच एजेंसी के रांची कार्यालय में पहुंचे थे और रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर वहां से निकले। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन रात करीब नौ बजे एजेंसी कार्यालय के बाहर पहुंची। बाद में मुख्यमंत्री जब बाहर आए तो अपनी पत्नी के साथ सीधे मुख्यमंत्री आवास गए। इससे पहले सुबह रांची में ईडी के कार्यालय रवाना होने से पहले सोरेन ने कहा था कि खनन पट्टे संबंधी मामले में उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोरेन को राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि वह विपक्ष की साजिश का (शेष पेज 8)

## सावरकर ने अंग्रेजों की मदद कीः राहुल गांधी



अकोला में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ अभिनेत्री रिया सेन

**पायनियर समाचार सेवा।** अकोला

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विनायक दामोदर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और कारागार में रहने के दौरान उन्होंने डर के कारण माफीनामे पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी और अन्य समकालीन भारतीय नेताओं को धोखा दिया था। राहुल के बयान की विभिन्न दलों ने आलोचना की वहीं सावरकर के पौत्र ने अपने दादा का 'अपमान' करने के लिए गांधी के खिलाफ मुंबई में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। राहुल गांधी ने गत मंगलवार को भी वाशिम जिले में आयोजित एक रैली में हिंदुत्व विचारक सावरकर पर निशाना साधा था। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी सावरकर का बहुत सम्मान (शेष पेज 8)

## भारतीयों को अब सऊदी वीजा के लिए पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं


**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नागरिकों को अब सऊदी अरब की यात्रा के वास्ते वीजा प्राप्त करने के लिए पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। सऊदी अरब के दूतावास ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। सऊदी दूतावास की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने के प्रयासों के तहत यह फैसला लिया गया है। बयान में कहा गया है, सऊदी अरब और भारत के बीच मजबूत संबंधों और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर, उसने भारतीय नागरिकों को पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) जमा करने से छूट देने का फैसला किया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सऊदी अरब की यात्रा के लिए वीजा प्राप्त करने में पीसीसी की आवश्यकता नहीं होगी। दूतावास ने कहा कि वह सऊदी अरब में शांति से रहने वाले 20 लाख से अधिक भारतीय नागरिकों के योगदान की सराहना करता है।

## मुस्लिम पक्ष को झटका, कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

### ज्ञानवापी मामला



**वाराणसी** की फास्ट ट्रैक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने और मस्जिद के वजू खाने में मिले कथित शिवलिंग की पूजा पाठ की अनुमति देने के आग्रह वाली याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई योग्य मानते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को करेगी।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता सुलभ प्रकाश ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद को सुनवाई योग्य माना है। प्रकाश ने बताया कि हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीलें रखी थी कि संपत्ति के अधिकार के तहत देवता को अपनी जायदाद पाने का मौलिक अधिकार है। इस पर अदालत ने यह कहते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी कि इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम 1991 लागू नहीं होता है और ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है। अदालत ने मामले की पोषणीयता पर अपना फैसला पिछले सोमवार को 17 नवंबर तक के लिए टाल दिया था।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पिछली 27 अक्टूबर को अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था जो आठ नवंबर को सुनाया जाना था लेकिन जज के छुट्टी पर होने की वजह से निर्णय नहीं सुनाया जा सका था। गौरतलब है कि इस मामले में वादी किरन सिंह की तरफ से ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर को हिंदुओं को सौंपने और कथित शिवलिंग के पूजा-पाठ एवं भोग की अनुमति मांगी गई थी। मुस्लिम (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,750 | 230 | |
| निफ्टी | 18,343 | 65 | |
| सोना | 53,235 | 161 | /10g |
| चांदी | 61,958 | 1111 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### सीवी आनंद बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त

**नई दिल्ली।** सी. वी. आनंद बोस (71) को बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। बोस केरल कैडर के 1977 बैच के (सेवानिवृत्त) भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने 2011 में सेवानिवृत्त होने से पहले यहां राष्ट्रीय संग्रहालय में एक प्रशासक के रूप में कार्य किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने डॉ. सीवी आनंद बोस को पश्चिम बंगाल का नियमित राज्यपाल नियुक्त किया है। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन इस साल जुलाई में जगदीप धनखड़ को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने के बाद से पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

## टीटीई ने सैनिक को दिया चलती ट्रेन से धक्का, दाईं टांग कटी

**भाषा।** बरेली

**बरेली** रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को कथित रूप से टिकट निरीक्षक (टीटीई) द्वारा चलती ट्रेन से धक्का दिए जाने से सेना के जवान की एक टांग रेलगाड़ी के नीचे आने से कट गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। गंभीर रूप से जख्मी सैनिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद से लापता आरोपी टीटीई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वित्त प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। आरोपी टीटीई अब भी फरार है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक यह घटना आज सुबह प्लेटफार्म नंबर दो पर घटित हुई, जब सुपन बोरे नामक एक टीटीई ने टिकट को लेकर (शेष पेज 8)

## आजम खान से छिना वोट का अधिकार

● मतदाता सूची से नाम काटने का आदेश जारी

**भाषा।** बरेली

**नफरत** भरा भाषण देने के मामले में तीन साल की सजा मिलने के कारण विधानसभा सदस्यता गंवाने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान को एक और बड़ा झटका लगा है। निर्वाचन आयोग ने उनसे मतदान का अधिकार छीन लिया है और उनका नाम मतदाता सूची से हटाने के आदेश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत यह कार्वाई की है। रामपुर सदर सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का हवाला देते हुए आजम का मताधिकार छीनने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है। शिकायतकर्ता आकाश सक्सेना के प्रार्थना पत्र के साथ न्यायालय के आदेश की प्रतियां और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 के सुसंगत प्रावधानों के तहत आजम खान का नाम मतदाता सूची से काट दिया जाए। आजम खान को भड़काऊ भाषण देने के मामले में गत 27 अक्टूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी। उसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो गई थी।



## ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। एक आधिकारिक आदेश से यह जानकारी मिली। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी मिश्रा को 18 नवंबर, 2023 तक सेवा विस्तार दिया गया है। मिश्रा (62) को 19 नवंबर, 2018 को दो साल की अवधि के लिए प्रवर्तन निदेशालय का निदेशक नियुक्त किया गया था। बाद में 13 नवंबर 2020 को एक आदेश में केंद्र सरकार ने पूर्वव्यापी प्रभाव से नियुक्ति पत्र में संशोधन किया और उनके कार्यकाल को दो साल से बढ़ाकर तीन साल कर दिया गया। सरकार पिछले साल एक अध्यादेश लाई (शेष पेज 8)

## भारत में ड्रग लेने वाले 13% की उम्र 20 से कम

● संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने दी जानकारी, किशोरों को बचाने के लिए समाज का दखल व एहतियाती तंत्र की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**संयुक्त** राष्ट्र के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में मादक पदार्थों का नशा करने वाले लोगों में से करीब 13 प्रतिशत की आयु 20 वर्ष से कम है और ऐसे में किशोरों को इससे बचाने के लिए समाज के हस्तक्षेप और एहतियाती तंत्र की जरूरत है।

बच्चे हैं महत्वपूर्ण - मादक पदार्थ मुक्त बचपन का अधिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मादक पदार्थों और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) के कार्यक्रम अधिकारी बिली बैटवेयर ने कहा कि बच्चों के खिलाफ हिंसा, प्रताड़ना और यौन शोषण के कारण उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बहुत कमजोर हो जाता है और उन्हें ड्रग्स या शराब की लत लगने का खतरा बढ़ जाता है।

एक बच्चे की दुनिया में मादक पदार्थ एवं अंतरराष्ट्रीय अपराध और नागरिक समाज की भूमिका विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बैटवेयर ने उक्त बात कही। इस (शेष पेज 8)



## महाराष्ट्र के एक गांव में 18 साल से छोटे बच्चों के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** यवतमाल

**महाराष्ट्र** में यवतमाल के एक गांव में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल फोन इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक ग्राम पंचायत अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यह राज्य में इस तरह का पहला फैसला हो सकता है। गांव के सरपंच गजानन ताले ने कहा कि जिले के पुसद तालुका के बंसी गांव में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल फोन नहीं का फैसला 11 नवंबर को लिया गया था। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा के लिए बच्चों ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना शुरू किया था। इसके बाद उन्हें मोबाइल फोन की आदत लग गई और वे विभिन्न साइट देखने लगे तथा ऑनलाइन (शेष पेज 8)

# रैपिड रेल का तीसरा ट्रेन सेट दुहाई डिपो पहुंचा

## गुजरात के सांवली में बन रही है रेल, दिसंबर के पहले हफ्ते में होगा ट्रायल रन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

देश की पहली रीजनल रैपिड रेल का तीसरा ट्रेन सेट गुजरात के सांवली स्थित मेन्युफेक्चरिंग प्लांट से गुरुवार को गाजियाबाद के दुहाई डिपो में पहुंच गया। इसे छह बड़े ट्रेलरों पर लादकर लाया गया, जिसे डिपो में पहुंचने में कई दिन लग गए।

अब तक रैपिड रेल के तीन ट्रेन सेट आ चुके हैं। दिसंबर के पहले हफ्ते में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच ट्रायल रन होना है, जिसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि 7 मई 2022 को गुजरात के सांवली स्थित एलस्टॉम कंपनी के प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में पहला ट्रेन सेट मिला था। इसके बाद दूसरा और अब तीसरा ट्रेन सेट आ गया है।

इसको दुहाई डिपो में असेंबल कर दिया गया है। अब इलेक्ट्रोनिक समेत अन्य ट्रायल होंगे। मेक इन इंडिया के तहत देश की प्रथम रीजनल रैपिड रेल के लिए 100 प्रतिशत ट्रेनसेट भारत में सांवली गुजरात स्थित एल्सटॉम के मेन्युफेक्चरिंग प्लांट में बनाए जा रहे हैं। दिल्ली से मेरठ तक 82 किलोमीटर लंबे ट्रैक के लिए ऐसे कुल 40 सेमी हाईस्पीड ट्रेनसेट डिलीवर होंगे। इसमें 30 ट्रेन सेट रैपिड रेल के लिए और 10 ट्रेन सेट मेरठ में चलने वाली मेट्रो के लिए होंगे। वर्तमान में दुहाई डिपो में मौजूद दो ट्रेनों की स्टेटिक टेस्टिंग और डायनामिक टेस्टिंग जारी है। इस टेस्टिंग में सफल होने के बाद ट्रेन की इंटीग्रेटेड टेस्टिंग होती है, जिसमें रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और विद्युत सप्लाई की टेस्टिंग होती है। इन सभी की सफ ल टेस्टिंग के बाद प्री.ऑपरेशनल ट्रायल होता है। ट्रायल सफ लता पूर्वक पूरा होने के बाद ट्रेन को यात्रियों के लिए ऑपरेशनल किया जाता है।

दुहाई डिपो में ट्रेनों के लिए रूफ शेड का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही डिपो के आसपास के इलाकों की सुविधा के लिए डिपो लाइन के नीचे से अंडर पास बनाया गया है। डिपो की फेंसिंग और ओएचई लगाने का कार्य भी अंतिम चरण में है और जल्द पूर्ण हो जाएगा।


दुहाई डिपो के बीच ट्रायल रन को तैयार रैपिड रेल का तीसरा ट्रेन सेट।

### साइट से सामान चुराने वाले तीन दबोचे

**गाजियाबाद।** रीजनल रैपिड रेल की साइट से सामान चुराने वाले तीन चोरों को गाजियाबाद पुलिस ने धर दबोचा। मोदीनगर क्षेत्र में दो दिन पहले निर्माणाधीन साइट से चोरी हुआ सामान इन चोरों से बरामद किया गया है। मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी डॉ. नीरज सिंह तोमर ने बताया, पकड़े गए आरोपी अनस पुत्र नूर मोहम्मद, अनस पुत्र इकबाल निवासी मुरादनगर और मोहम्मद अलीजान पुत्र जान मोहम्मद निवासी गांव मोरटा हैं। इनसे लोहे के 16 गाटर, कटे हुए गाटर के 6 पीस, 4 शटरिंग पाइप, वजन उठाने वाली 4 सीलिंग आदि सामान मिला है। आपको बता दें कि दिल्ली से मेरठ तक रैपिड रेल का काम चल रहा है। आए दिन निर्माणाधीन साइट से सामान चोरी होता रहता है।

### डासना जेल में 140 बंदी मिले एचआईवी पॉजिटिव

**गाजियाबाद।** सूबों की कारागारों में बंदियों के स्वास्थ के प्रति सजग रहने वाले एनजीओं द्वारा अधिकारियों की मदद से अभियान चलाकर उनका स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में घातक रोगों के परीक्षण के दौरान डासना जेल में बंद पांच हजार से अधिक बंदियों में से लगभग डेढ़ सौ बंदी एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं। इस सूचना के मिलते ही जेल प्रशासन में हडकंप मच गया। सूत्रों की माने तो तीन दर्जन बंदियों में टीबी की भी पुष्टि हुई है। सूत्रों के अनुसार इन सभी बंदियों का उपचार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। जानकारी मिलने के बाद डासना जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अभी और कैदियों की भी जांच हो सकती है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3609/ई-निविदा सूचना/2022-23 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 16.11.2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती हैः-

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रु.में) | निविदा का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कालसी | सैंसा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 63950.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 2. | कालसी | कोटी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 87350.00 | 3000 +GST | 06 माह |
| 3. | कालसी | ललऊ मसराड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 64000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 4. | कालसी | गडोल सकरौल पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 64300.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 5. | कालसी | कुरोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 77000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 6. | कालसी | बडनू दातनू पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 86000.00 | 3000 +GST | 06 माह |
| 7. | कालसी | ठाणा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 55300.00 | 2000 +GST | 06 माह |
| 8. | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 9. | कालसी | ककाडी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 75500.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 10. | कालसी | छटोऊ पुरोडी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 60000.00 | 2000 +GST | 06 माह |
| 11. | कालसी | परिहाड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 74000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 12. | कालसी | मण्डोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 97300.00 | 3000 +GST | 06 माह |
| 13. | कालसी | मलेथा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 56000.00 | 2000 +GST | 06 माह |
| 14. | कालसी | सैंज पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73500.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 15. | कालसी | काहा नेहरा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 72000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 16. | कालसी | उभरेऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 68000.00 | 2500 +GST | 06 माह |
| 17. | कालसी | खणी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 81000.00 | 3000 +GST | 06 माह |
| 18. | कालसी | दिलऊ सैंज पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 99000.00 | 3000 +GST | 06 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं:

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 22.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 22.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 01.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 06.12.2022 up to17:00 Hrs |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 06.12.2022 upto17:00 Hrs |
| 6 | बिड खोलने की तिथि | 07.12.2022 at 11:00 Hrs |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

''जल संचय-जीवन संचय''

के.सी. पैन्युली
अधिशासी अभियन्ता



**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निपुण कर्नाटिक/ निशा कर्नाटिक/ LBDEL00002345041/ LBDEL00002350678 | डीडीए बिल्ड एलआईजी फ्लैट बियरिंग नंबर 426, चौथी मंजिल, ब्लॉक ए में, कुंडली घरोली, मयूर विहार फेज-III, दिल्ली 110096/ 15 नवंबर, 2022 | जून 30, 2017 ₹ 20,54,044.00/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवम्बर 18, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंकज गोयल/महावीर प्रसाद (13000002270 & QZGUR00005024579) | एच नंबर 1526, गली नंबर 1ए, खतौनी नंबर 74, केएच नंबर 1385 (0-8), न्यू बसेलवा कॉलोनी, हरियाणा, फरीदाबाद/ नवंबर 15, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 21,20,106/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | कल्पना जायसवाल/ जितेंद्र कुमार (19900041852 & QZFDB00005035470) | मकान नंबर- 483, प्लॉट नंबर-33, केएच नंबर-30/11, 12/2, गली नंबर-23, संजय कॉलोनी, सेक्टर-23, फरीदाबाद, हरियाणा/ नवंबर 16, 2022 | अगस्त 20, 2020 ₹ 18,52,419/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 18, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

**पत्रांक : 3608/ई-निविदा सूचना/2022-23** **दिनांक : 16/11/2022**

**ई-निविदा सूचनाः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा क्रं0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कालसी | नेवी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 185000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 2 | कालसी | मरलऊ कोपटा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, विपरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 110400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 3 | कालसी | कालसी ब्यास भूड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 174000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 4 | कालसी | खमरौली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 104000.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्रं0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 23.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 25.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 28.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 03.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 08.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 08.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 09.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता


# लिफ्ट में कुत्ते के काटने पर ग्रेनो प्राधिकरण ने की कार्रवाई, मालिक पर लगाया दस हजार का जुर्माना

## बच्चे के इलाज भी उठाना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत ला रेजीडेंसी सोसाइटी में लिफ्ट में मंगलवार को एक कुत्ते ने बच्चे को काट लिया। यह वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कुत्ते के मालिक कार्तिक गांधी पर 10000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

यह जुर्माना 7 दिनों के अंदर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जमा करना होगा। इसके अलावा बच्चे के इलाज का खर्चा भी कुत्ते के मालिक को ही उठाना होगा। ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में पालतू कुत्तों के द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं आम हो रही हैं। ऐसी कई घटनाएं बीते दिनों सामने आई हैं, जिनमें पालतू कुत्ते ने सोसाइटी में और सेक्टरों में दूसरे लोगों को काट कर जख्मी किया है।

इसके बाद सेक्टर वासियों ने पालतू कुत्तों को पालने के विरुद्ध प्राधिकरण से शिकायत की। इसके बाद बीते दिनों प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा में रहने वाले लोगों के लिए पशु अधिनियम में कुछ बदलाव किए, जिसके द्वारा किसी के पालतू कुत्ते के द्वारा किसी को काटे जाने की घटना की जाती है तो उस व्यक्ति पर 10000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ला रेजीडेंशिया सोसाइटी में शिवम अपने परिवार के साथ सातवें टावर के 1503 फ्लैट में रहते हैं। मंगलवार को उनकी पत्नी प्रिया अपने बेटे रुद्रांश को स्कूल से घर लेकर जा रही थी तभी लिफ्ट में पड़ोसी कुत्ता लेकर आ गया। इस दौरान रुद्रांश को लिफ्ट में जाते समय कुत्ते ने काट लिया।

इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने सोसाइटी में जाकर वीडियो फुटेज को चेक किया और पीड़ित परिवार से शिकायत ली और जांच की जिसके बाद पुष्टि होने पर कार्तिक गांधी पर प्राधिकरण ने जुर्माना लगाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में शिकायतों के बाद पशु अधिनियम में बदलाव किया गया।



### सोसाइटी की 20वीं मंजिल पर लगी आग

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी फर्स्ट एवेन्यू स्थित फ्लैट में बुधवार रात आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। घर में रखा लाखों का मॉल जलकर राख हो गया। गनीमत रही घर में कोई मौजूद नहीं था। सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया।

गौर सिटी के फर्स्ट एवेन्यू टावर संख्या एल के 20वीं मंजिल पर हर्ष झा पत्नी के साथ रहते है। बुधवार को पति और पत्नी किसी काम से घर से बाहर गए थे। उस दौरान सोसायटी में एक डिलवरी ब्याय आया, जिसने इने फ्लैट से धुआं उठता देखा। गार्ड ने सोसाइटी के मेंटेनेंस आफिस को जानकारी दी।

# शत्रु संपत्ति पर बनी इमारतों को प्राधिकरण करेगा ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बरौला गांव में 200 करोड़ से अधिक कीमत की शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने के लिए जिला प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पहले इस जमीन की तारबंदी की गई अब यहां कोई अवैध कब्जा या निर्माण न किया जा सके इसके लिए सीआरपीएफ ने यहां अपना कैंप लगा लिया है।

एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि यहां पर 33 हजार वर्ग मीटर जमीन शत्रु संपत्ति की जमीन है। इसकी तारबंदी कराकर यह जमीन जिला प्रशासन द्वारा गृह मंत्रालय के सुपुर्द की जाएगी। गृह मंत्रालय ने ही जमीन को अपने कब्जे में लेने से पहले इसकी तारबंदी कराने के लिए कहा था। जिला प्रशासन ने यहां एक चेतावनी बोर्ड भी लगाया है।

एसडीएम दादरी ने बताया कि शत्रु संपत्ति की इस जमीन पर तीन बिल्डिंग, कुछ दुकानें, एक शॉपिंग मॉल और बैंकट हॉल अवैध रूप से बना है। इनके संबंध में प्राधिकरण उन्हें रिपोर्ट दे चुका है कि इसमें से किसी का भी नक्शा स्वीकृत नहीं है और यह अवैध रूप से बनी हैं। इन इमारतों को ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण को पत्र लिखा जा चुका है और अब उनका ध्वस्तीकरण प्राधिकरण करेगा।

# जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में खूनी संघर्ष

## चले लाठी-डंडे, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर क्षेत्र के रीलखा गांव में बुधवार को जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया।

इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे और फावड़े चले। इस घटना में एक पक्ष के दो लोगों को गंभीर चोट आई है। जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। गांव के गौरव ने दनकौर पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनका बुधवार को परिवारिक लोगों से जमीन का बंटवारा हो रहा था। उसी दौरान हिस्सा लेने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। जिसके चलते विवाद काफी बढ़ गया।

आरोप है कि परिवार के ही लोगों ने गौरव व उसके चाचा पर लाठी.डंडे और फ ावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में चाचा-भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर होते हुए देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पीड़ित स्वजन का कहना है कि गौरव के सिर में करीब 14 टांके आए हैं जबकि उसके चाचा को भी काफी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने बुधवार की शाम आरोपित पक्ष के तीन लगों को नामजद करते हुए शिकायत दी है।

कोतवाली प्रभारी राधा रमण सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है और पूछताछ कर दोषियों को पकड़ा जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस की इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पर 25 हजार का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। यह कलेक्शन एजेंट से लूट के मामले में फरार चल रहा था।

दादरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि लूट के मामले में फरार चल रहा एक बदमाश की घेराबंदी की। पुलिस के पीछा करने पर बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग के बदमाश के पैर में गोली लग गई। बदमाश की पहचान मनीष के रूप में हुई है, जो अलीगढ़ का रहने वाला है।


जवाबी कार्रवाई में गोली से घायल बदमाश को ले जाते पुलिसकर्मी।

# प्राधिकरण के अधिकारियों से मिले बीकेयू नेता

## मुआवजे को बढ़ाने और प्लॉट की मांग कर है किसान



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मीटिंग हुई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में चली वार्ता में प्राधिकरण की तरफ से एसीईओ दीपचंद, प्रेरणा शर्मा, अमनदीप ढुल्ली आदि और विभागों के लगभग 25 वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने उनकी सभी विभागों से अलग-अलग दिनों पर मीटिंग कर समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रस्ताव रखा था। उसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा सभी किसानों को 64.7 प्रतिशत मुआवजा, 10 परसेंट किसान कोटे के प्लाट तुरंत दिए जाए। साथ ही किसानों की बैकलीज कराई जाए। जब तक किसानों की आबादियों का निस्तारण नहीं होगा तब तक किसी भी किसान की आबादी को नहीं तोड़ा जाएगा। किसानों को महीने में एक दिन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ वार्ता एवं समस्याओं का समाधान के लिए समय दिया जाए। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हुई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजनीतिक दलों से ज्यादा निर्दलीयों का दबदबा

## निर्दलीय 439, आम आदमी पार्टी 250, कांग्रेस के 247 उम्मीदवार मैदान में

**संजय राय। नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम चुनाव में इस बार प्रमुख दलों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों का भी दबदबा रह सकता है। 250 वार्डों के लिए सोमवार को पूरी हुई नामांकन प्रक्रिया में 2,021 प्रत्याशियों ने 2585 पर्चा भरा है। जिसमें सर्वाधिक संख्या 439 निर्दलीयों की है। दूसरे स्थान पर आप और भाजपा है।




आप से 250, भाजपा से 250, कांग्रेस से 247 , बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 138 प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। शेष नामांकन अन्य राज्यों के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से भी किए गए थे। बुधवार को शुरू हुई नामांकन पत्रों की छंटनी की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। इस कुल 1419 नामांकन उचित पाए गाए हैं जबकि 1166 रद्द कर दिए गए हैं। राज्य चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक सभी रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में बुधवार सुबह से ही नामांकन जांच की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो बृहस्पतिवार को समाप्त हुई।

आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि नामांकन रद्द होने के कई कारण हैं। जिसमें गलत नामांकन फार्म होने के साथ ही कुछ अधूरे हैं। कई के प्रस्ताव भी अधूरे थे। कई में एफिडेविट भी नहीं था। कुछ प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन भी किए थे और उनके कवरिंग उम्मीदवार भी थे।

कई आरक्षित श्रेणी से थे लेकिन उनका जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं पाया गया। साथ ही कई के पास चुनाव चिह्न आर्डर के लिए जरूरी फाम भी सही नहीं था। इसलिए भी नामांकन रद्द किए गए हैं। आयोग के अनुसार 19 नवंबर तक कोई भी प्रत्याशी पर्चा वापस ले सकता है।

### पुरुषों से ज्यादा महिलाएं लड़ रहीं नगर निगम चुनाव



**नई दिल्ली।** निगम चुनाव में जीत का सेहरा किस दल के सिर पर सजेगा, यह तो सात दिसंबर को मतगणना के बाद ही चल सकेगा लेकिन जिस हिसाब से महिला प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं, उससे लगता है कि इस बार महिला पार्षदों का दबदबा रहने वाला है। दिल्ली राज्य चुनाव आयोग को कुल 2,021 नामांकन मिले हैं जिसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा नामांकन किए हैं। आयोग के अनुसार कुल नामांकनों में 1124 पुरुष प्रत्याशियों की अपेक्षा में 1461 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। आयोग के अनुसार सर्वाधिक 24 प्रत्याशियों ने बपरौला वार्ड नामांकन किया है। सात वार्ड में सबसे कम चार प्रत्याशियों ने नामांकन किए। 12 प्रत्याशी नजफगढ़ वार्ड में हैं, तो 10 प्रत्याशी विकासपुरी वार्ड में हैं। 14 प्रत्याशी वाले तीन। 13 प्रत्याशी वाले 10। 12 प्रत्याशी वाले छह। 11 प्रत्याशी वाले 16। 10 प्रत्याशी वाले 25। नौ प्रत्याशी वाले 29। आठ प्रत्याशी थाले 40। सात प्रत्याशी वाले 50। छह प्रत्याशी वाले 39। पांच प्रत्याशी वाले 22 जबकि चार प्रत्याशी वाले सात वार्ड हैं। निगम में कुल 250 वार्ड हैं।

### भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश भाजपा ने आप सरकार पर अपने वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया और उसके खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप पत्र पढ़ते हुए दावा किया कि इसमें उठाए गए मुद्दों की पड़ताल कर ली गई है। साथ ही उन्होंने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को उनके साथ इस पर बहस करने की चुनौती दी।

बिधूड़ी में आरोप लगाया, अपने 8 साल के शासन में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को दुनिया की सबसे प्रदूषित राष्ट्रीय राजधानी और शहर की हर गली में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति देकर इसे नशे की राजधानी भी बना दिया। केंद्र द्वारा यमुना की सफाई के लिए 2,500 करोड़ मुहैया कराए जाने के बाद भी नदी गंदे पानी का नाला बनी हुई है।

# फूड ब्लॉगर से बर्बर हत्यारा बना आफताब

● पूनावाला के सोशल मीडिया अकाउंट पर 9 हजार से अधिक फॉलोअर्स

**एजेंसी। नई दिल्ली/मुंबई**



पेशे से शैफ और फोटोग्राफर आफताब आमीन पूनावाला के बारे में कभी किसी ने नहीं सोचा था एक दिन वह हैवानियत की सभी हदें पार कर देगा। क्राइम शो देखने के शौकीन पूनावाला ने शादी को लेकर हुए झगड़े के बाद अपने लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर दी।

उसने बताया कि शव के 35 टुकड़े करने का विचार उसे एक अमेरिकी क्राइम टीवी सीरीज डॅक्सटर से आया। पूनावाला का जन्म मुंबई में हुआ और वह वहां अपने छोटे भाई अहद, पिता आमिन और मां मुनीरा बेन के साथ वसई उपनगर स्थित युनीक पार्क हाउसिंग सोसायटी में रहता था।

सोसायटी के लोगों का कहना है कि दोनों भाइयों में काफी झगड़े होते थे लेकिन कभी उसके व्यक्तित्व में ऐसा कुछ नजर नहीं आया जिससे इसके इस शैतानी पक्ष का पता चल पाता।

पुलिस ने कहा कि यह पूनावाला की चालाकी ही है कि वह हिंदी जानते हुए भी अंग्रेजी में जवाब देता है। वह श्रद्धा के सोशल मीडिया खातों पर भी सक्रिय रहता था, लेकिन आखिरकार उसकी किस्मत ने उसका साथ देना बंद कर दिया और पुलिस उस तक पहुंच ही गई। पूनावाला को गत रविवार को गिरफ्तार किया गया था। पूनावाला का आक्रामक रूप दिल्ली के एक चिकित्सक ने मई में उसका इलाज करते समय देखा था। उसी महीने श्रद्धा की हत्या की गई थी।

डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि पूनावाला बेहद उग्र व अशांत नजर आ रहा था। जब मैंने उससे पूछा कि उसे चोट कैसे लगी तो उसने कहा कि फल काटते समय। हत्या के मामले के सामने आने से कुछ दिन पहले ही पूनावाला ने अपने परिवार को वसई से मुंबई जाकर रहने में मदद की थी।

दिल्ली पुलिस ने पूनावाला का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है, ताकि शव के बाकी हिस्से बरामद किए जा सके। मामले की जांच अब भी जारी है। मुंबई के एल. एस. रहेजा कॉलेज से स्नातक पूनावाला इस साल की शुरुआत में श्रद्धा से मिलने के बाद दिल्ली में रहने लगा। पूनावाला के सोशल मीडिया अकाउंट हंगरी छोकरों पर 29 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं।

# एसीबी के सामने पेश हुए विधायक अखिलेश

● टिकट रिश्वत मामला

भाजपा ने की त्रिपाठी और राजेश गुप्ता को बर्खास्त करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पार्षद चुनाव का टिकट दिलवाने के बदले कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए।

एसीबी ने नगर निकाय चुनाव में आप के एक कार्यकर्ता की पत्नी के लिए टिकट की व्यवस्था कराने के लिए कथित तौर पर 90 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में मंगलवार को त्रिपाठी के साले और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि त्रिपाठी से बृहस्पतिवार सुबह भ्रष्टाचार रोधी शाखा के समक्ष पेश होने को कहा गया था और उनसे कई घंटे पूछताछ की गई है।

एसीबी ने कहा कि पूरे मामले का पता लगाने और सबूत इकट्ठा करने के लिए जांच की जा रही है। इस बीच भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग कि कि चुनाव में टिकट बिक्री के पुख्ता सबूत सामने आने पर अपने विधायकों अखिलेश पति त्रिपाठी और राजेश गुप्ता को बर्खास्त करें। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने कहा कि टिकटों की बिक्री को लेकर सबूत सामने आने के बावजूद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा अपने विधायकों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट देना, पूरी आम आदमी पार्टी की मानसिकता बताता है। आरोप लगाने वाला आप कार्यकर्ता और आरोपी भी आप कार्यकर्ता लेकिन कार्रवाई करने की जगह मनीष सिसोदिया ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं।

# आप हल करेगी बेसहारा पशुओं से जुड़ी समस्या : भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि निगम में सरकार बनने पर बेसहारा पशुओं की समस्या का उचित समाधान देगी। राजधानी में गायें कूड़े के खत्तों से कूड़ा खाती नजर आती हैं। आप सरकार उन्हें आधुनिक गौशालाओं में रखेगी और अच्छा आहार देगी।

साथ ही बंदरों की बड़ी शिकायत है। इसके मद्देनजर बंदरों को नेचुरल हैबिटेट में रखेगी और खाने के लिए आहार देगी, जिससे उन्हें अपने नेचुरल हैबिटेट से बाहर नहीं जाना पड़े। इसके अलावा आवारा कुत्तों की भी बड़ी समस्या है। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद एमसीडी ने कोई समाधान नहीं किया। उनकी पार्टी बेसहारा कुत्तों के लिए एनजीओ के साथ मिलकर रहने और खाने का इंतजाम करेगी।

### कांग्रेस ने भाजपा के घोषणा पत्र को बताया धोखा

***नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के घोषणापत्र को महज धोका पत्र बताया है। भाजपा और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पार्टी ने अलका लंबा ने कहा कि दोनों पार्टियां दलित और गरीब विरोधी है। झुग्गी बस्ती में रहने वालों से भाजपा के फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झुग्गिबस्ती में रहने वालों को घरों का मालिकाना हक चाहिए। किरायेदार बना कर अहसान नहीं।*

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन को झटका देते हुए बृहस्पतिवार को उन्हें और दो अन्य को धन शोधन के एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह प्रथम दृष्टया अपराध से प्राप्त धन को छिपाने में शामिल थे।

विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने दो सह-आरोपियों वैभव जैन और अंकुश जैन के संदर्भ में कहा कि उन्होंने अपराध से अर्जित धन को छिपाने में जानते बूझते हुए जैन की मदद की थी और प्रथम दृष्टया धन शोधन के दोषी थे। जैन वास्तव में कोलकाता के एंट्री ऑपरेटरों को नकदी देकर अपराध से अर्जित धन को छिपाने में शामिल थे और उसके बाद शेयरों की बिक्री के नाम पर तीन कंपनियों में नकदी लगाई गई और ऐसा यह दिखाने के लिए किया गया।

# केंद्र सरकार ने किया विश्वासघात 26 को मार्च निकालेंगे किसान

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्र सरकार पर किसानों की लंबित मांगों को लेकर विश्वासघात करने का आरोप लगाया है और 26 नवंबर को राजभवनों की ओर मार्च निकालने की घोषणा की है।

नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाले किसान संघों के निकाय एसकेएम ने आंदोलन के भविष्य का कार्यक्रम तय करने के लिए आठ दिसंबर को एक बैठक बुलाई है। किसान 19 नवंबर को फतेह दिवस या विजय दिवस मनाएंगे क्योंकि केंद्र सरकार ने उनके आंदोलन के बाद इसी दिन नए कृषि कानूनों को निरस्त करने का आदेश दिया था। एसकेएम के नेता दर्शन पाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सभी राजनीतिक दलों के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के कार्यालयों तक एक से 11 दिसंबर तक मार्च आयोजित किया जाएगा।

एसकेएम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार नौ दिसंबर को विरोध प्रदर्शन खत्म करने के बाद किसानों से किए गए लिखित वादों से पूरी तरह मुकर गई है। एसकेएम ने दावा किया कि न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समिति का गठन किया गया और न ही किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए झूठे मामले वापस लिए गए।




# अग्निपथ योजना लागू करके सरकार ने किया युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

## समाजसेवी रामचंद्र खटाना की जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव रिठौज में समाजसेवी रामचंद्र खटाना की जयंती समारोह में बोलते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा का युवा सेना और खेलों में सबसे आगे रहता है, लेकिन बीजेपी सरकार ने सेना में अग्निपथ योजना लागू करके युवाओं के से भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ किया है।

यह बात उन्होंने गांव रिठौज में समाजसेवी रामचन्द्र खटाना की 89वीं जयंती समारोह में कही। जयंती समारोह के बाद उन्होंने बयान जारी कर यह बात कही। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान जो खेल नीति बनाई गई थी, उसको भी मौजूदा सरकार ने तोड़-मरोड़ कर निष्प्रभावी कर दिया। पदक लाओ, पद पाओ नीति के तहत कांग्रेस सरकार के दौरान खिलाड़ियों को डीएसपी जैसे उच्च पदों पर नियुक्ति मिलती थी, लेकिन बीजेपी सरकार ने खिलाड़ियों से उच्च पदों पर नियुक्ति का यह अधिकार छीन लिया।

श्रीहुड्डा ने कहा कि आज हरियाणा का युवा सरकार की नीतियों की वजह से बेरोजगारी, नशे और अपराध के चंगुल में फंसता जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर मेडिकल विद्यार्थियों तक को अपनी शिक्षा का अधिकार बचाने के लिए सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

छोटे-छोटे बच्चे अपने स्कूल को बचाने के लिए सड़कों पर हैं तो मेडिकल के विद्यार्थी फीस बढ़ोतरी व बॉन्ड पॉलिसी के खिलाफआंदोलनरत है। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहे हरियाणा के युवाओं के साथ प्रदेश सरकार कदम-कदम पर अन्याय कर रही है। हुड्डा ने भरोसा दिलाया कि युवाओं समेत प्रदेश के हर वर्ग से जुड़े मुद्दों को सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक मजबूती से उठाया जाएगा। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर इन तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है।

# साढ़े तीन करोड़ रुपये में बना भूकंपरोधी सरकारी स्कूल भवन

## डीसी ने कहा, 30 तक पूरा कर एक दिसम्बर से नए भवन में शिक्षण कार्य शुरू होगा

**गुरुग्राम।** सीएसआर फंड से करीबन साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए सोहना खंड के गांव दोहला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एक दिसम्बर से शुरू हो जाएगा। इसमें कक्षाएं लगाई जाएंगी। निर्माण प्रक्रिया के तहत फिनिशिंग के बचे हुए कार्यों को 30 नवंबर तक पूरा कर एक दिसम्बर से नए भवन में शिक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को नव निर्मित भवन का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण दौरे के समय नवनिर्मित भवन के सभी कमरों व अन्य जगहों का निरीक्षण करने उपरान्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने नए भवन में मौजूदा सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए वहां उपस्थित ग्रामीणों से भी सुझाव मांगे। उन्होंने ग्रामीणों को नए भवन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन पूर्ण रूप से सीएसआर फण्ड के तहत ओएनजीसी व पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन संस्थान द्वारा बनवाया गया गया, जिस पर करीब साढ़े तीन करोड़ से अधिक की लागत आई है। डीसी निशांत यादव ने नए भवन के डिजाइन की सराहना करते हुए कहा कि नए भवन के डिजाइन में प्राकृतिक रोशनी व बेहतर वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि 21 कमरों के इस नए भवन में भूकंपरोधी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एक दिसंबर से यहां कक्षा 9वीं से बारहवीं कक्षा तक के तीनों संकाय आर्ट, साइंस व कॉमर्स का शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। नए भवन में लैब व लाईब्रेरी की भी सुविधा होगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से स्कूल के अन्य बचे हुए कार्यों की जानकारी लेने उपरान्त करीब छह एकड़ परिसर की चारदीवारी को डी प्लान से बनाने के आदेश भी दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हुआ कार्यक्रम




मानेसर इंटर स्कूल एसोसिएशन की ओर से आयोजित समारोह में मंच पर मौजूद अतिथि व आयोजक।

**गुरुग्राम।** ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली खेल प्रतिभा को बाहर लाने व युवा खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढाने का लक्ष्य लेते हुए मानेसर इंटर स्कूल एसोसिएशन ने एक नई पहल की शुरूआत की है। एसोसिएशन का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा तो बहुत है, लेकिन उन्हें मौका एवं अवसर न मिलने के कारण गांवों की प्रतिभा गांवों तक ही सीमित रहे जाती है। हर साल मानेसर में खेल प्रतियोगिता कराने का फैसला लिया है। जिसके तहत ये प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें 9 स्कूलों से लगभग 700 बच्चों ने भाग लिया। भाग लेने वाले सभी बच्चों ने अच्छा खेल दिखाते हुए सभी का दिल जीतने के साथ-साथ इनामों पर भी कब्जा जमाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कबड्डी टीम को गोल्ड मेडल दिलाने वाले एक कैप्टन अनूप यादव ने सभी बच्चों का हौंसला बढाते हुए कहा कि खेल हर छात्र-छात्रा के लिए जरूरी है। खेलों से जहां शारीरिक विकास होता है, वहीं मानसिक विकास भी होता है। इसके अलावा खेलों में भाग लेने वाले बच्चे अनेक प्रकार की बीमारियों से भी दूर रहते है इसलिए हर छात्र व छात्रा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढचढ कर भाग ले। इस मौके पर अनूप यादव ने खेल मे जीतने वाले युवा खिलाडियों को सम्मानित व पुरस्कार देते हुए उन्हें जीत की बधाई दी। बच्चों को आशीर्वाद देने पहुंचे शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर, आईएएस नरेन्द्र यादव ने मानेसर इंटर स्कूल एसोसिएशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन ने जो पहल की है, ये सदियों तक याद की जाएगी। इस अवसर पर राकेश कुमार, राकेश यादव, देवेंद्र यादव, रविंद्र यादव, विकास यादव, विनोद कुमार, देशराज, मोहित यादव, अधिवक्ता योग्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिन्होंने इस प्रतियोगिता को सम्पन कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## देश के 35 प्रतिशत भाग पर जंगलों में रहते हैं वनवासी



**गुरुग्राम।** देश के 12 करोड़ वनवासियों के विकास के लिए कार्य कर रही संस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र खराड़ी ने कहा कि भारतवर्ष की हजारों किलोमीटर लम्बी सीमाओं व प्राकृतिक संसाधनों की सदियों से रक्षा कर रहे वनवासियों के साथ हुए अत्याचारों से इतिहास भरा पड़ा है। हरियाणा प्रवास पर आये रामचन्द्र खराड़ी का गुरुग्राम में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम व स्वागत समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के प्रान्त संघचालक पवन जिंदल ने की। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी तथा समाज सेवी ओमप्रकाश कथूरिया विशिष्ठ रहे। रामचन्द्र खराड़ी ने कहा, इस देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह वनवासी समाज के उत्थान के लिए आगे आएं, क्योंकि भारत के विकास अंतिम पायेदान पर खड़े वनवासियों के विकास के लिये काम करें। रामचन्द्र खराड़ी ने कहा कि भारत के लगभग 35 प्रतिशत भाग पर जंगलों में वनवासी समाज रहता है, जहां पर देश के 85 प्रतिशत प्राकृतिक खनिज संसाधन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त देश कि हजारों किलोमीटर लम्बी सीमाओं चाहे वे अरुणाचल प्रदेश में हो या पश्चिम, उत्तर या दक्षिण दिशा में हो, सभी जगह वह डट कर सदियों से रक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सन् 1865 से अंग्रेजों व ईसाई मिशनरियों के इशारे पर इस समाज के साथ अत्याचार किये गए। जलियांवाला बाग से भी दस गुना अधिक संख्या में नरसंहार किया गया। वनवासी समाज से बिरसा मुंडा, तिलका माझी के अलावा गुरु गोबिंद सिंह के बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता। सन् 2006 तक स्वतंत्र देश की सरकारों ने भी इस समाज पर अत्याचार किये तथा इन्हें दबा कर रखा गया। हरियाणा कला परिषद द्वारा वनवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जिनकी जयंती पर पूरे देश में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। उनके जीवन चरित्र पर एक लघु नाटिका का मंचन किया। परिषद् के निदेशक संजय भसीन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। हरियाणा के प्रान्त संघचालक पवन जिंदल ने देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से शिक्षा ले कर देश कि उन्नति के लिए कार्य करें।

## कंपनी वेयरहाउस से लाखों रुपये की 153 कार एलईडी चोरी

**तावडू।** उपमंडल के बिलासपुर रोड पर स्थित एक निजी कंपनी के वेयरहाउस से 153 कारों की एलईडी चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी हुई सभी एंड्रॉयड एलइडी की कीमत लाखों रुपये में बताई गई है। वेयरहाउस मैनेजर के बयान पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिलियंस माइंस मैनेजमेंट सर्विस लिमिटेड वेयरहाउस मैनेजर प्रवीण कुमार के मुताबिक ऑडिट के दौरान पता लगा कि कंपनी से 153 कारों की एंड्रॉयड एलइडी गायब है। जिन्हें अज्ञात कर्मचारियों ने अलग-अलग समय पर चोरी किया है, जिनकी कीमत लाखों रुपये में है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जरुरतमंद की सेवा करने में पीछे न रहें : निर्मल देवी



**सोहना।** सोहना निवासी समाज सेवी महिला ने अपने पति की पुण्य तिथि के अवसर पर खंड के गांव मंडावर में स्थित वृद्ध एवं अनाथ आश्रम 155 कंबल वितरण किए। बीमारी एवं वृद्धों को फल भी बांटे गए।

कहते है कि दान देने की कोई सीमा नहीं होती और अपनों की आत्मशांति के लिए समाज सेवा सर्वोपरि होता है। जनसेवा भावना रखने वाले निस्वार्थ भाव से जरुरतमंदों समय पर मदद करने में पीछे नहीं रहते। सोहना निवासी समाज सेवी निर्मल देवी ने गुरुवार को खंड के गांव मंडावर में स्थित वृद्ध एवं अनाथ आश्रम में 155 कंबल दिए गए। इस आश्रम में 100 फीसदी वृद्ध नागरिक अनाथ ए मंदबुद्धि और ऐसे अभिभावक है। जिन्हे अपनों ने ठुकरा दिया है। निर्मल देवी ने बताया कि सर्दी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। मंडावर में चल रहा अनाथ एवं वृद्ध आश्रम चलाने वाली संस्था का कार्य सर्वोपरि है।

# डीसी ने किया खगोल विज्ञान लैब का निरीक्षण

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी हरसरू में पहुंचे उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गांव गढ़ी-हरसरू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खगोल विज्ञान की नवनिर्मित प्रयोगशाला का निरीक्षण करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**उपायुक्त** निशांत कुमार यादव ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी हरसरू में नवनिर्मित खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस प्रयोगशाला में खगोल विज्ञान से संबंधित सोलर सिस्टम, सोलर रोटेशन, मून साइज एंड रोटेशन, ऋतु का बनना, टेलिस्कोप, सोलर ईक्लिप्स, पाइथागोरस, न्यूटन लॉ, स्पेक्ट्रोस्कोप आदि मॉडल रखे गए हैं।

इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने उपायुक्त को इन मॉडल का प्रयोग करके दिखाया। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में इस प्रकार की प्रयोगशालाओं को पायलट आधार पर जिला के 4 स्कूलों में शुरू किया गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत होंडा कंपनी द्वारा स्पार्क एस्ट्रोनॉमी नामक संस्था के सहयोग से सीएसआर के तहत तैयार किया गया है।

इस मौके पर अपने विचार रखते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि किताबों से प्राप्त शिक्षा को प्रयोगशाला में प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया जाएगा जिससे विद्यार्थियों का तकनीकी व मानसिक विकास होगा। इससे बच्चों की खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी व खगोल विज्ञान में विद्यार्थी अपना भविष्य बना सके।

उपायुक्त ने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए एकाग्रता से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। उपायुक्त ने स्कूल बिल्डिंग व खेल के मैदान आदि का भी निरीक्षण किया। साइंस ब्लॉक की नई बिल्डिंग, खेल ग्राउंड में रेसिंग ट्रैक बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# मृत तेंदुए के शरीर में मिले ट्यूमर की होगी जांच

## तीन साल पूर्व अरावली पहाड़ियों में एक तेंदुए व दो लक्कड़ बग्घे मिले थे मृत

## कैंसर टयूमर होने पर तेंदुए प्रजाति के अन्य प्राणियों की भी आवश्यक होगा जांच कराना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के गांव खोहर की अरावली पहाड़ी में मृत मिला तेंदुए।

**खंड** के गांव खोहर से लगती अरावली पहाड़ी में मृत मिला तेंदुए के शरीर में मिले ट्यूमर की जांच कराई जाएगी। तेंदुए को टयूमर कैंसर का होने की संभावना है। करीब तीन साल पहले भी गांव सांप की नंगली में एक तेंदुए समेत दो लक्कड़ बग्घा भी अरावली पहाड़ी में मृत पाए गए थे।

बुधवार की सुबह गांव खोहर के ग्रामीणों ने अरावली पहाड़ी में दो वर्षीय मृतक मादा तेंदुए देखे जाने के बाद पुलिस और वन विभाग को दी थी। मृत तेंदुए के पेट से पोस्टमार्टम के दौरान करीब ढाई किलोग्राम का फोड़ा मिला है। यह फोड़ा मृतक तेंदुए की ओवरी से प्राप्त हुआ है। जिससे तेंदुए की ओवरी 100 गुणा अधिक बढ़ी हुई थी। यही फ ोड़ा तेंदुएं की मौत का कारण बना है। पशु विभाग से डा प्रतिभा ने बताया कि उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को फोड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंप दी है। इस फोड़े की जांच कराई जाएगी। इस फोड़े के कैंसर ट्यूमर होना संभव हो सकता है। जिससे अरावली पहाड़ी में रह रहे अन्य वन्य प्राणियों के लिए भी खतरा की घंटी बज सकती है। जिससे तेंदुएं प्रजाति के अन्य प्राणियों की भी जांच कराना आवश्यक होगा।

**आज तक नहीं हो सका खुलासा :** करीब तीन वर्ष पहले सांप की नंगली गांव से लगती अरावली पहाड़ी में तेंदुए समेत दो लक्कड़ बग्घा के शव मिले थे। तीनों शवों की मौत को लेकर पोस्टमार्टम कराया गया था। लेकिन वन विभाग ने आज तक मृतक वन्य प्राणियों की मौत होने के कारणों का खुलासा नहीं किया है।

> “ **वन्य** प्राणियों मे केंसर या अन्य प्रकार का फोड़ा खानपान से हो सकता है। यह जरूरी ही नहीं कि ये फोड़ा कैंसर का ही हो। वन्य प्राणी के शरीर पर लगी चोट से शरीर के अंदर बना जख्म भी कैंसर बन सकता है। यह तो जांच रिपोर्ट आने पर ही खुलासा होगा।
>
> **डा. प्रतिभा (पशु सर्जन)**

# सदर बाजार में किया गया विशेष जागरुकता कार्यक्रम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में लोगों को जागरुक करते विशिष्ट अतिथि।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा गुरुवार को स्थानीय सदर बाजार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता, पॉलीथीन फ्री तथा ईज ऑफ लिविंग सर्वे के बारे में दुकानदारों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के आयोजन में आई-टू-आई फाऊंडेशन तथा एक आवाज संस्था का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में बाजार के दुकानदारों एवं आने वाले ग्राहकों को जानकारी दी गई कि 19 नवम्बर के बाद नगर निगम गुरग्राम द्वारा अधिकृत इकोग्रीन एनर्जी की गाड़ियां घरों से अलग-अलग कचरा ही उठाएंगी। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने घर से निकलने वाले कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक तीन श्रेणियों में अलग-अलग रखें तथा कचरा उठाने वाली गाड़ियों में भी अलग-अलग कचरा ही डालें। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने बारे में भी नागरिकों को प्रेरित किया गया। आई-टू-आई फाऊंडेशन से डा. हर्षिता जैन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ईज ऑफ लिविंग कार्यक्रम के बारे में नगर निगम के प्लानिंग असिस्टेंट रोहित जोशी ने बताया कि मंत्रालय द्वारा जारी इस कार्यक्रम में गुरुग्राम भी भागीदारी कर रहा है। इस मौके पर विधायक सुधीर सिंगला के बड़े भाई सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सिंगला, डा. हर्षिता जैन, कुलदीप हिन्दुस्तानी, आशीष गुप्ता, स्वच्छ भारत टीम से रवि मीणा, निखिल साहू, कपड़ा थैला बैंक की संचालिका सारिका, एक आवाज संस्था से विकास गुप्ता, सदर बाजार से प्रवीण सिंगला, जयदेव शर्मा, संदीप बंसल, ओमप्रकाश सक्सेना, वरूण अग्रवाल, संजय गुप्ता, ज्योति, संजय गुप्ता सहित स्थानीय दुकानदार उपस्थित थे।

# महिलाओं की 300 मीटर दौड़ में ज्योति ने पाया पहला स्थान



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता की मटका दौड़ लगाते हुए।



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता की 300 मीटर में दौड़ती महिला व युवती।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** स्तरीय महिला की खेलकूद प्रतियोगिता में ज्योति, नीतू, अनिता, मोनिका, सुमन और अंजू ने अलग-अलग खेलों में भाग लेते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। ज्योति, पूनम, सोनू यादव, सोनिया, मुनेश और गीता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

गुरुवार को स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा खंड स्तरीय महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता कराई। जिसमें मुख्य रूप से छह प्रकार की दौड़ कराई गई। जिसमें साइकिल, आलू-चम्मच, मटका, 100, 300 और 400 मीटर की दौड़ रही। इसके अलावा दो नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतिकरण किया। इन प्रतियोगिताओं में 150 के लगभग 18 से 45 वर्ष की उम्र वाली युवती और किशोरियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मटका व आलू-चम्मच की दौड़ रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला को 2100, द्वितीय स्थान की विजेता को 1100 और तीसरे स्थान की विजेता को 750 पुरस्कार ऑनलाइन सीधा बैंक के खाते में तुरन्त भेजा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉक्टर कुलभूषण की टीम पूरे समय मौजूद रही। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीडीपीओ मीनाक्षी बवेजा ने बताया कि महिलाएं पर्दापर्था से बाहर निकलते हुए खेलकूद के क्षेत्र में आगे आ रही है। प्रदेश व केन्द्र सरकार महिलाओं के खेलकूद पर पूरा ध्यान दे रही है। ग्रामीण क्षेत्र में अभिभावक अपनी बेटियों को खेलों के क्षेत्र आगे बढ़ने के लिए पूरा सहयोग दे रहे हैं।

### कौन बनी विजेता खिलाड़ी

**महिला** की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की 400 मीटर दौड़ में प्रथम ज्योति, द्वितीय पर ज्योति कादरपुर और तीसरा स्थान अनू ने प्राप्त किया। 300 मीटर में नीतू प्रथम, पूमन द्वितीय व आरती तीसरे नंबर पर रही। 100 मीटर दौड़ में अनिता प्रथम, सोनू यादव द्वितीय और खूशबू तीसरे नंबर पर रही। साइकिल दौड़ में मोनिका प्रथम, सोनिया द्वितीय व भारती तीसरे नंबर पर रही। मटका दौड़ में सुमन प्रथम, मुनेश द्वितीय और अनिता तीसरे नंबर पर रही। आलू चम्मच दौड़ में अंजू प्रथम, गीता द्वितीय और ज्योति तीसरे नंबर पर रही।

# अवार्ड में पिछड़ रहे हैं गुरुग्राम के द्रोणाचार्य और अर्जुन

## द्रोण नगरी को 10 साल से नहीं मिला कोई अर्जुन और द्रोणाचार्य अवार्ड

## वर्ष 212 में मिला था एक अर्जुन व एक द्रोणाचार्य अवार्ड

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों को दिए जाने वाले द्रोणाचार्य व अर्जुन अवार्ड।

**गुरुग्राम** के कोच (प्रशिक्षक) और खिलाड़ी अवार्ड लेने में पिछड़ रहे हैं। गुरु द्रोणाचार्य की नगरी खेल के क्षेत्र में गुरु द्रोणाचार्य व अर्जुन के नाम से शुरू किए गए अवार्ड के लिए तरस रही है। पिछले 10 वर्षों में यहां इन दोनों अवार्ड में से एक भी अवार्ड किसी कोच और खिलाड़ी को नहीं मिल पाया है।

राष्ट्रपति के हाथों दिए जाने वाले द्रोणाचार्य अवार्ड की बात करें तो यह अवार्ड ऐसे प्रशिक्षकों को दिया जाता है, जिनसे प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाते हैं। साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा चार साल तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया हो। अर्जुन अवार्ड के लिए नियम है कि चार साल में बेहतरीन प्रदर्शन खिलाड़ी द्वारा किया गया हो। उसका बेहतरीन रिकॉर्ड हो। इसके साथ ही खिलाड़ी में नेतृत्व क्षमता, खेल की बेहतर भावना और अनुशासन भी बेहतर होना चाहिए। गुरुग्राम को 10 साल पूर्व एक द्रोणाचार्य और एक अर्जुन अवार्ड मिला था।

### बेहतर खिलाड़ी तैयार नहीं होंगे तो कैसे मिलेंगे अवार्ड

**द्रोणाचार्य** और अर्जुन अवार्ड के लिए तरसते गुरुग्राम जिला को लेकर जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला कहती हैं जब बेहतर खिलाड़ी तैयार नहीं करेंगे तो कैसे ये अवार्ड मिल पाएंगे। ये दोनों अवार्ड एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रशिक्षकों द्वारा तैयार बेहतर खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतेंगे तो इस अवार्ड के हकदार हो सकते हैं। इसलिए प्रशिक्षकों को अपने खेल केंद्रों पर अच्छे खिलाड़ी तैयार करने चाहिए। यह सम्मान प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों दोनों की मेहनत से मिलते हैं।

### गुरुग्राम को अब तक मिले इतने अवार्ड

इन दोनों अवार्ड की बात करें तो अभी तक गुरुग्राम को 2 द्रोणाचार्य अवार्ड और 9 अर्जुन अवार्ड मिले हैं। साल 2002 में एमके कौशिक को हॉकी खेल में व डा. सुनील डबास को कबड्डी के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर द्रोणाचार्य अवार्ड दिया गया था। सुनील डबास भारतीय कबड्डी टीम की कोच रह चुकी हैं। इनसे पूर्व साल 1971 में खिलाड़ी मनमोहन सिंह को बास्केट बॉल में, वर्ष 1976 में खिलाड़ी गीता जुत्शी को एथलेटिक्स में, वर्ष 1995 में शक्ति सिंह को एथलेटिक्स में और वर्ष 1996 में राजकुमार सांगवान को बॉक्सिंग में अर्जुन अवार्ड मिला था। वर्ष 1998 में एमके कौशिक को ही हॉकी में, वर्ष 1999 में विवेक सिंह को शूटिंग में, वर्ष 2003 में राजेश पट्टू को घुड़सवारी में, वर्ष 2012 में समीर सुहाग को पोलो में और इसी वर्ष ही अनूप कुमार को कबड्डी में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अर्जुन अवार्ड दिया गया था।

### अवार्ड में दिया जाता है ये सम्मान

**सरकार** के नियम के अनुसार द्रोणाचार्य अवार्ड के रूप में प्रशिक्षक को गुरु द्रोणाचार्य की खिलाड़ी को प्रशिक्षण देते हुए नजर आती कांस्य की प्रतिमा, एक प्रशस्ति पत्र, ड्रेस और 15 लाख रुपये नकद दिए जाते हैं। अर्जुन अवार्ड में निशान लगाते हुए अर्जुन की कांस्य की प्रतिमा, एक प्रशस्ति पत्र और 15 लाख रुपये नकद राशि दी जाती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022



# बीके : डेढ़ वर्ष में ही कंडम हो गए लाखों के बिस्तर

## प्रथम तल पर निकले कंडम सामान में 2021 में नए आए टूटे बिस्तर भी हैं शामिल

कविता। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में जून 2021 में भेजे गए नए बिस्तर कुछ ही समय में टूट कर कंडम होने के कगार पर पहुंच चुके हैं, लेकिन अब तो मरीजों को बेड पर लिटते ही वह टूट रहे हैं। जिस पर उन्हें कंडम सामान के साथ ही निकाल दिया गया। सूत्रों की माने तो इन लोहे के बैड की क्वालिटी इतनी घटिया है कि यह मात्र ढाई महीने का समय गुजरने पर ही टूटने लगे थे। जिस पर टूटे बिस्तरों को स्टाफ ने उठाकर अलग करना शुरू कर दिया था। लेकिन अब इन बिस्तारों को यहां से हटाकर उन्हें कंडम पड़े सामान के साथ रख दिया जाता है। जहां खुले में पड़े कंडम सामान में यह नए बिस्तर टूट कर जंग खाते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक पंचकुला एचएमसीएल (हरियाणा मेडिकल सर्विसेज लिमिटेड) की तरफ से कोरोना काल में मरीजों को बिस्तरों की समस्या का सामना न करना पड़े, जिसे देखते हुए 150 बिस्तर नए भेजे गए थे। वहीं इस दौरान सात स्पेशल बिस्तर भी भेजे गए थे। जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की तरफ से यह बिस्तर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में रखवा दिए गए थे। जिससे मरीजों को राहत मिली थी।



बीके के प्रथम तल पर कंडम सामान के संग पड़े टूटे नए बिस्तर।

**टूट गए नए बिस्तर :** बीके अस्पताल में जून माह 2021 में आए यह बिस्तर जुलाई के अंत और अगस्त में टूटने लगे थे, लेकिन अब इन बिस्तर को पूरी तरह से कंडम घोषित कर दिया गया है।

बिस्तरों पर एक से अधिक मरीज दाखिल करते ही यह बिस्तर टूट रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण बीके अस्पताल में देखने को मिला। जहां एक बिस्तर पर दो लोगों के बैठने से ही बिस्तर ज्वाइंट से टूट रहे हैं। जिस पर अस्पताल प्रबंधन की तरफ से उसे वहां से हटवा कर प्रथम तल पर मौजूद कंडम सामान में फिकवा दिया गया है।

**कमजोर बिस्तर :** बीके अस्पताल में जहां पुराने बिस्तरों पर दो से तीन मरीज दाखिल होने के बाद भी कुछ नहीं होता। वहीं नए बिस्तरों के इतना अधिक कमजोर होने से लोग परेशान हैं। मरीज यहां दाखिल होने से भी डर रहे हैं कि यहां भर्ती होने पर उन्हें फर्श पर गिरना न पड़ सकता है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह बिस्तर पंचकुला से भेजे गए हैं, इनकी क्वालिटी कैसी है, इसके बारे में वह कुछ नहीं कह सकते हैं।

# 55 लाख की चोरी में तांत्रिक और दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

## आरोपी तांत्रिक ने एक बार 10 लाख रुपये का सट्टा जितवाकर सागर को लगा दी थी सट्टे की लत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने शराब कारोबारी के घर से 55 लाख रुपये की चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में अभी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सागर, रफीक, कशिश तथा संजौली एनआईटी एरिया के रहने वाले हैं। चोरी की यह वारदात अगस्त 2022 में घटित हुई थी, परंतु इसकी सूचना पीड़ित भगतसिंह कालोनी निवासी मनोज को 12 नवंबर को हुई, जब उसे अलमारी में रखे हुए 55 लाख रुपये गायब मिले। थाना एनआइटी पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले व



चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवकों को अदालत में पेश करने ले जाते पुलिस अधिकारी।

आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मुख्य आरोपी सागर तथा कशिश को 13 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर आरोपिता संजौली तथा तांत्रिक रफीक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सागर तथा तांत्रिक रफीक को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी सागर पहले शराब कारोबारी के ठेके पर काम करता था। शराब व्यापारी मनोज का एक भाई नितिन को 2021 में पैरालिसिस हो गया। मनोज ने सागर को उसकी देखभाल करने के लिए उसके पास छोड़ दिया। सागर का व्यापारी के भाई के घर आना जाना रहता था इसलिए इसी दौरान उसकी मुलाकात व्यापारी के भाई की लड़की कशिश से दोस्ती हो गई। आरोपी सागर पर सट्टे के चक्कर में काफी कर्जा था। सागर के बताने पर कशिश ने अपने घर से जेवरात लाकर उसे दे दिए। सागर ने मूथुट में जेवरात पर 15 लाख रुपये का लोन ले लिया और सट्टे में रकम हारता रहा। सागर और कशिश ने योजना बनाकर पड़ोसी संजौली को निगरानी के लिए खड़ा कर दिया और दोनों ने मनोज के घर में चोरी कर ली।

संजौली को 50 हजार और कशिश को आठ लाख रुपये देकर शेष रकम अपने पास रख ली। इन पैसे से अपने मकान की मरम्मत, कार की खरीद और 23 लाख में गहने छुड़ाकर एक और लोन ले लिया। दो लाख रुपये सागर ने अपनी बहन और दो लाख रुपये सट्टे का नंबर बताने वाले तांत्रिक रफीक को दिये थे। रफीक ने यह पैसे अपने मामा खुर्शीद को दिये थे। तांत्रिक रफीक ने एक बार सट्टे में दस लाख जीतवा कर सागर को सट्टे की लत लगवाई थी। तांत्रिक से सागर की मुलाकात कशिश के घर में हुई थी। तांत्रिक सागर से नोनी के माध्यम से बार सट्टा लगवाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 लाख रुपये बरामद किये हैं।

# नशा तस्करों की तीन मंजिल की इमारत को पुलिस ने किया धराशायी

**फरीदाबाद।** सरकार के निर्देशानुसार नशा तस्करों द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई अवैध संपत्ति के खिलाफ चलाई गई मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पुलिस फरीदाबाद पुलिस और जिला प्रशासन ने नशा तस्कर अंगूरी देवी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें आरोपित महिला द्वारा नशा तस्करी से कमाई अवैध संपत्ति से बनाई तीन मंजिला इमारत को ध्वस्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने आज गुरुवार को बल्लभगढ़ की नव्वलु कॉलोनी में नशा तस्करी करके अर्जित की गई संपत्ति को ध्वस्त किया है। नशा तस्कर अंगूरी देवी पत्नी देवेंद्र सिंह फरीदाबाद की सुभाष कॉलोनी में रहती है। आरोपित महिला पिछले 16 वर्षों से अवैध नशा तस्करी करती है और उसके खिलाफ फरीदाबाद में नशा तस्करी के 8 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें 5 मुकदमे थाना सिटी बल्लभगढ़ और 3 मुकदमे आदर्श नगर के शामिल है।नशा तस्करी से अर्जित की गई अवैध संपत्ति से अंगूरी देवी ने नवलू कॉलोनी में तीन मंजिला इमारत बनाई हुई थी। जिसमें आरोपित महिला नशा तस्करी का काम करती



थी। अंगूरी देवी का पति देवेंद्र पृथला गांव में एक ढाबे पर काम करता है, वहीं इसका बड़ा लड़का बेलदारी का काम करता है। आरोपित महिला को एमसीएफ द्वारा कानून और नियमों की उल्लंघन करने पर नोटिस भी दिया गया था। आरोपित महिला द्वारा बनाई गई इस इमारत को फरीदाबाद पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीमों द्वारा मिलकर ध्वस्त किया जा रहा है। गली तंग होने की वजह से उसमें जेसीबी मशीन की बजाय इमारत को मैनुअली तोड़ा जा रहा है। तोड़फोड़ के दौरान डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर मौजूद है जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई संपन्न करवाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की सूचियां तैयार की जा रही हैं।

# ऐतिहासिक लिट्टी-चोखा महोत्सव मनाया गया



सेक्टर 16 स्थित कार्यालय पर लिट्टी चोखा महोत्सव के अवसर पूर्व मंत्री विपुल गोयल का स्मृति चिन्ह भेंट करते यमुना रक्षक दल के राट्रीय अध्यक्ष संत जय कृष्ण दास व अन्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के निवर्तमान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर 16 स्थित कार्यालय पर भव्य एवं ऐतिहासिक लिट्टी-चोखा महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर यमुना मैया की अविरलता तथा निर्मलता विषय पर व्यापक चर्चा हुई।

पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को यमुना मैया के प्रति उनकी समर्पित सेवाभाव के लिए यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जय कृष्ण दास तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह ने संयुक्त रूप से यमुना रक्षक सम्मान से अलंकृत किया। इस कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सरकार के निवर्तमान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जय कृष्ण दास, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह, शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र यादविंदर सिंह संधू आदि ने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा की बक्सर से चली परम्परा को आज् फ़रीदाबाद में अवतरित किया है ओर अब हर वर्ष फरीदाबाद में अपने सेक्टर 16 कार्यालय पर भोजपुरी अवधि समाज व पूर्वांचल समाज का ये लिट्टी चोखा महोत्सव भविष्य में ओर अधिक बड़े स्तर पर मनाया जायेगा।

# केरल पवेलियन में मसालों ने लगाया भीड़ का तड़का

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सदियों** से, मसाले और मालाबार तट, या आधुनिक केरल वैश्विक कोमोडिटी बाजार में खास महत्व रखते आये हैं। विदेशी व्यापारी मालाबार तट पर उत्तम किस्म के मसाले खरीदने आते थे और आज भी मसाले बतौर ब्रांड खरीदारों को आकर्षित करते हैं। मसालों के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है, जिसके चलते व्यापार मेले में प्रथम मंजिल के हॉल 5 में मौजूद केरल पवेलियन पर खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

केरल के मसालों को लेकर भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त रूझान मिला है और अधिकांश लोग मेले के दौरान केरल पवेलियन में अच्छी गुणवत्ता वाले मसाले खरीदने ही आते हैं। एक स्पष्ट प्रवृत्ति यह भी देखी गयी है कि लोग पूरे साल भर के लिए मसाले खरीदते हैं। मसालों और भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग किए गए विषयगत स्टॉल में सबसे ज्यादा कारोबार इलायची के लिए होता है। काली मिर्च और कॉफी कतार में आगे आते हैं। इडुक्की और वायनाड जैसे राज्य के विभिन्न हिस्सों में उगाई जाने वाली इलायची की आठ किस्मों को यहां प्रदर्शित किया गया है। पवेलियन के एक कर्मचारी ने कहा, 'इस बार एलेप्पी हरी इलायची की थोक व्यापारियों से अधिक पूछताछ हो रही है। केरल के मसालों की खुदरा मांग बहुत बड़ी है। मांग इतनी ज्यादा है कि हम खुदरा मांग, खासकर जीआई टैग वाली वस्तुओं की मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं।' वायनाड रोबस्टा कॉफी, अरेबिका कॉफी, और जीरकसला और गंधकसला के चावल ब्रांड भी थोक व्यापार डीलरों के बीच बहुत रुचि पैदा



कर रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग और कुदुम्बश्री द्वारा संचालित स्टालों में विभिन्न मसालों और करी शक्ति की भारी मांग है। स्टालों पर बिकने वाली अन्य वस्तुओं में अदरक, हल्दी, लौंग, नारियल उत्पाद और दालचीनी शामिल हैं।

केरल ने भौगोलिक संकेत टैग के साथ कई अनूठी कृषि उपज को पवेलियन में उपलब्ध कराया है। राज्य में जीआई टैग वाले 19 उत्पादों का संग्रह है, जो यह दर्शाता है कि यह उत्पाद किसी विशेष स्थान और जलवायु की स्थिति के लिए विशिष्ट है। इन पारंपरिक उत्पादों में मालाबार काली मिर्च, एलेप्पी कॉयर, एलेप्पी हरी इलायची, वायनाड रोबस्टा कॉफी, मानसून मालाबार रोबस्टा कॉफी, मानसून मालाबार अरेबिका कॉफी, नवारा की चावल की किस्में, कैपड, पोक्कली, पलक्कदन मट्टा, जीरकसला और गंधकसला, कुट्टियट्टूर आम, चेंगालिकोडन केला, वाझक्कुलम अनानास, एडयूर मिर्च, बलरामपुरम साड़ी, अरनमुला कन्नडी (मिरर) और सेंट्रल त्रावणकोर गुड़ शामिल हैं। लंबे समय तक चलने वाले उत्पाद कृषि स्टाल में उपलब्ध हैं, लेकिन वर्तमान में, वे खुदरा बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

# 10वां सर्कल कबड्डी कप टूर्नामेंट आज

**फरीदाबाद।** हरियाणा युवा संघ रजि फरीदाबाद द्वारा 10वां सर्कल कबड्डी कप टूर्नामेंट कल 18 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से एनआईटी स्थित दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस कबड्डी कप टूर्नामेंट में उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

ये जानकारी देते हुए हरियाणा युवा संघ रजि के संस्थापक चौ. अनिल दहिया ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से सर्कल कबड्डी कप टूर्नामेंट आयोजन करते आ रहे है। कबड्डी टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 81 हजार रूपए, दूसरा पुरस्कार 51 हजार रूपए, तीसरा पुरस्कार 21 हजार रूपए तथा चौथा पुरस्कार 11 हजार रूपए तथा क्वार्टर फाईनल तक पहुंचने वाली टीमों को भी 5100-5100 रूपये सात्वंना पुरस्कार के रूप में टीमों को दिया जाएगा। कबड्डी टूर्नामेंट के विशेष आकर्षण के तहत एक मैच हरियाणा व पंजाब की लड़कियों के बीच होगा। जिसमें पहला ईनाम 31 हजार रूपए तथा दूसरा ईनाम 21 हजार रूपए का होगा। बेस्ट रैडर व बेस्ट कैचर खिलाड़ियों को मोटर साईकिल ईनाम में दी जाएगी। मैच के कोमेन्टेटर सुरेश दलाल व सतपाल डीपी रहेंगे।

# जलापूर्ति बढ़ाने के लिए दिए निर्देश

## एफएमडीए संभालेगा हार्डवेयर चौक की सड़क मरम्मत का काम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने बुधवार शाम को फरीदाबाद शहर के कई स्थानों का दौरा किया। यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए कि निवासियों को स्वच्छ पेयजल तक पर्याप्त पहुंच हो सके।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बाईपास रोड के सेक्टर-9 जंक्शन का दौरा किया, जहां एफएमडीए की लाइन नंबर 3 की 900 मिमी डायमीटर जलापूर्ति पाइपलाइन बाईपास से परे 600 मिमी डायमीटर की हो जाती है। इसी तरह बाईपास के पास सेक्टर 29 चौक पर लाइन नंबर 7 की 900 डायमीटर पाइपलाइन भी एनएचपीसी चौक तक 600 मिमी डायमीटर की हो जाती है। इन



कैबिनेट मंत्री के बडे भाई टिपर चंद को जलापूर्ति पाइप लाइन की जानकारी देते एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल।

पाइपलाइनों का छोटा आकार पानी के नियमित प्रवाह को बाधित करती है और इन 600 मिमी पाइपलाइन में पानी का दबाव बढ़ जाता है, जिससे रिसाव होता है।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एफएमडीए अधिकारियों को इस मुद्दे की जांच करने, पाइपलाइन के आकार को बढ़ाने या पर्याप्त आकार की नई पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाइपलाइन के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुंच सके।

हम इन पाइपलाइन के माध्यम से जुड़े क्षेत्रों में जलापूर्ति में सुधार लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। लाइन नंबर 3 से पर्वतीय कॉलोनी तक सेक्टर 9, 10, 11, एनआईटी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बढ़ेगी, जबकि लाइन नंबर 7 से ग्रीनफील्ड कॉलोनी और सूरजकुंड रोड के निवासियों को लाभ होगा। इन्फ्रा-2 डिवीजन को जलापूर्ति के बेहतर आवंटन के लिए आवश्यक कार्य क्षेत्र की जांच करने का निर्देश दिया गया है, एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुधीर राजपाल ने कहा।

सुधीर राजपाल ने हार्डवेयर चौक का भी दौरा किया, जहां सड़क जर्जर हालत में है और इसकी मरम्मत का काम एमसीएफ द्वारा किया जाना है। उन्होंने टीम को निर्देश दिया कि एफएमडीए इसे अपनेअधीन लेकर सड़क की मरम्मत और उन्नयन का काम शुरू करेगी, ताकि यातायात सुचारू हो सके और हार्डवेयर चौक पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए सवारी की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

# आत्महत्या करने निकले युवक को किया बरामद

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने एक 25 वर्षीय युवक को उसके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 15 नवंबर को पुलिस थाना बीपीटीपी में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें लापता युवक के पिता ने बताया कि उनका 25 वर्षीय बेटा सुबह 8.30 इंटरव्यू देने के लिए अपनी इको स्पोर्ट गाड़ी में सवार होकर नोएडा जाने की कहकर गया था जो शाम को उन्होंने सवाना गेट के पास मार्केट में देखा कि उनकी इकोस्पोर्ट गाड़ी वहां पर खड़ी हुई है तो उन्होंने अपने बेटे को फोन मिलाया परंतु उसका नंबर बंद आ रहा था। उसके परिजनों ने बताया कि उन्होंने पास के सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला कि उनका लड़का गाड़ी की स्टेपनी में कुछ रख रहा था।

# पोलिंग बूथों पर बनवाएं नए मतदाता अपने मत : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 19 व 20 नवम्बर को नए मतदाता बूथों पर जा कर अपने मत बनवाएं। इसी कड़ी में आगामी 19 नवम्बर शनिवार, 20 नवम्बर रविवार और 03 दिसम्बर शनिवार व 04 दिसम्बर रविवार को नई वोट बनवाने के लिए विशेष तिथियां अवकाश के दिन घोषित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि इस ड्राफ्ट के अन्तर्गत कार्यक्रम में 09 नवम्बर से आगामी 08 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद की कुल 1643384 एकीकृत मतदाता सूची इसमें 901270 पुरुष और 742114 महिला मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत म एकीकृत मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि 85- पृथला विधान सभा क्षेत्र में कुल 214747 मतदाता शामिल हैं। इनमें 114887 पुरुष मतदाता व 99880 महिला मतदाता शामिल हैं।

86-एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में कुल 285324 मतदाता शामिल हैं। इनमें 159385 पुरुष मतदाता व 125929 महिला मतदाता, 87 बडखल विधान सभा क्षेत्र में कुल 304797 मतदाता शामिल हैं। इनमें 165476 पुरुष मतदाता व 139321 महिला मतदाता, 88- बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में कुल 252020 मतदाता शामिल हैं। इनमें 140537 पुरुष मतदाता व 111433 महिला मतदाता, 89- फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र में कुल 251062 मतदाता शामिल हैं। इनमें 135599 पुरुष मतदाता व 115463 महिला मतदाता और 90- तिगावं विधान सभा क्षेत्र में कुल 335434 मतदाता शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया वृद्धाश्रम का दौरा



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा बृहस्पतिवार को प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय मित्र दिवस और राष्ट्रीय मिर्गी दिवस को डिमेंशिया केयर होम, सेक्टर-11 फरीदाबाद वृद्धाश्रम में मनाया गया। जिसके उपलक्ष में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ इकाई-थर्ड के इंचार्ज डॉ. संजीव गुप्ता ने गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवकों ने नऐ एनएसएस स्वयंसेवकों ने साथ मिलकर वृद्ध आश्रम में कई गतिविधियां आयोजित कराई। जिसमें राष्ट्रीय मिर्गी दिवस की जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। दीया और हिमीका ने कविता प्रस्तुत की, इसी के साथ नृत्य, गायन और मिमिक्री भी की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों के साथ में कई खेल-खेले। गतिविधियों का सफल आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा मलिक, की देखरेख में किया गया। इसमें 30 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई, जिसमें मुख्य रूप से दीया, दीपक, पवन, नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी, हिमिका, चंचल, पूजा व टीना ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### ब्यूटी पार्लर सिंड्रोम से स्ट्रोक का खतरा बढ़ा



डॉ. रोहित गुप्ता।

**फरीदाबाद।** सुबह से शाम तक ऑफिस का वर्क स्ट्रेस, शरीर में दर्द से राहत पाने के लिए कुछ लोग मालिश करवाने पार्लर, सैलून चले जाते हैं। हेयर वॉश करते समय यदि आपके गर्दन दर्द, उल्टी और चक्कर आने की समस्या हो तो इसे नजर अंदाज बिल्कुल नहीं करें। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता का। उन्होंने कहा की ऐसे में आपको ब्यूटी पार्लर सिंड्रोम हो सकता है। जो स्ट्रोक का रूप ले सकता है। ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक सिंड्रोम के दौरान बार-बार चक्कर आना, उल्टी आना, आवाज में लड़खड़ाहट और चलने में बेलेंस बिगड़ना मुख्य लक्षण हैं। डॉ. गुप्ता ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि ब्यूटी पार्लर स्ट्रोक से बचने के लिए कोशिश करें। हेयर वॉश के समय 10 से 15 मिनट तक सिर नीचे न झुकाएं। इसके अलावा आप गर्दन के नीचे पैड या तौलिये का सपोर्ट ले सकते हैं। इसके बाद भी यदि कोई समस्या होती है तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर को दिखाएं।

### प्रकुथी संस्था ने बच्चों को गर्म जैकेट्स बांटे



**फरीदाबाद।** प्रकुथी संस्था द्वारा प्रभात एवं अवेकिंग संस्था भूपानी गांव फरीदाबाद में अबोध बच्चों को समाज सेविका मधु गुप्ता के सहयोग से गर्म जैकेट्स बांटे गये व संस्था के चेयरमैन प्रेम पसरिचा द्वारा संस्था को 11000 रुपये का चेक दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रमा सरना ने की व आयोजन प्रभात एवं अवेकिंग संस्था के अध्यक्ष अंकित नय्यर ने किया। इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा व राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समाज सेविका मधु गुप्ता ने कहा कि इस तरह के नेक कार्य सभी लोगों को करने चाहिए।ताकि ऐसे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सके। चेयरमैन प्रेम पसरिचा ने कहा कि इस तरह के बच्चों की सेवा को ही नर सेवा नारायण सेवा कहा जाता है। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि प्रभात एवं अवेकिंग संस्था ऐसे बच्चों की देखभाल करके बहुत ही नेक कार्य कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा व महासचिव रजत लाम्बा ने कहा कि प्रकुथी संस्था समाज के हर वर्ग के लिये कार्य कर रही है। अंत में अध्यक्ष रमा सरना ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर मधू गुप्ता, पारूल गुप्ता, प्रेम पसरिचा, रमा सरना, अंकित नय्यर, सुरेन्द्र जग्गा, हरीश चन्द्र आज़ाद, नीतू लाम्बा, रजत लाम्बा, मोनिका सरना व रश्मी जैन आदि उपस्थित थे।

### मनोहर सरकार में किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू : रावत



**फरीदाबाद।** हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि प्रदेश की मनोहर सरकार ने किसानों के हितों के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। विधायक नयनपाल रावत आज सेक्टर-15ए स्थित अपने निवास पर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत ने अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। विधायक ने कहा कि पृथला क्षेत्र में लगभग 30 ट्यूबवेल नए लगाए जाएंगे। जितनी भी पुलिया बनी हुई है उनका चौड़ीकरण भी किया जाएगा। वहीं उन्होंने दर्जनों गांवों में किसानों को सेम की समस्या के कारण हो रहे नुकसान को लेकर अधिकारियों के साथ नीति भी बनाई है ताकि आगामी दिनों में गेहूं की फसल किसान अपने खेतों से ले सकें। विधायक रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के अनुरूप 8 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल को लेकर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस अवसर पर एसई आरके बत्रा, एक्सईएन पलवल एस.पी. गर्ग, एक्सईएन फरीदाबाद विरेंद्र रावत, ज्ञान कौशिक आदि मौजूद थे।

### साहूपुरा विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**फरीदाबाद।** सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूजा सैनी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा बल्लभगढ़ में एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूजा सैनी द्वारा विद्यालय के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ। प्राध्यापिका रजनी ने अंत में डॉ. पूजा सैनी का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत संस्कृत विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### पंचायत चुनावों में बेहतर पोलिगं संचालन के टिप्स दिए

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा है कि पंचायत चुनाव में सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी अपने कर्त्तव्य का निष्ठा के साथ पालन करें। जब तक ये चुनाव संपन्न नहीं हो जाते तब तक ड्यूटी दे रहे कर्मचारी और अधिकारी राज्य चुनाव आयोग के अधीन स्वयं को मानें।डीसी विक्रम सिंह के मार्ग दर्शन में आज वीरवार को एसडीएम बडखल पंकज सेतिया की अध्यक्षता में सेक्टर -14 के डीएवी स्कूल के सभागार में फरीदाबाद ब्लॉक के पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग ऑफिसर्स को पंचायत चुनावों में पोलिगं से संबधित बेहतर सफलता के टिप्स दिए।

## धर्मांतरण समस्या
### शीर्ष न्यायालय में विचार

सर्वोच्च न्यायालय इस समय धर्मांतरण की समस्या पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। जबरन धर्मांतरण पर उसकी टिप्पणियां प्रासांगिक हैं। जस्टिस एम.आर. शाह व जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने कहा, 'यहां मुद्दा कथित धर्मांतरण से संबंधित है। यदि इसे सही और सच्चा पाया जाता है तो यह बहुत गंभीर मुद्दा है क्योंकि इससे राष्ट्र की सुरक्षा के साथ ही नागरिकों की धार्मिक व चेतना की स्वतंत्रता भी प्रभावित होती है। इसलिए बेहतर हो कि केन्द्र सरकार इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करे तथा एक जवाब दाखिल करे कि केन्द्र व राज्यों द्वारा जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, फिर चाहे वह धर्मांतरण बलप्रयोग से हो अथवा लालच या धोखाधड़ी के माध्यम से।' पीठ ने यह टिप्पणी वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दाखिल एक याचिका की सुनवाई के दौरान की जिसमें केन्द्र व राज्य सरकारों को धर्मांतरण पर नियंत्रण के निर्देश देने की प्रार्थना की गई थी। उपाध्याय ने पहले सर्वोच्च न्यायालय में 'खैरातों' पर नियंत्रण प्रभावी करने संबंधी याचिका दायर की थी। धर्मांतरणों के मुद्दे पर इस साल उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायाालय में अपना पक्ष रखा था, लेकिन संभवत: उनके तर्कों को उच्च न्यायालय ने प्रभावी नहीं माना था। दिल्ली उच्च न्यायालय में जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस तुषार राव गडेला की पीठ ने उनसे अपने इस दावे के समर्थन में प्रमाण पेश करने को कहा था कि धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है, लेकिन उपाध्याय ऐसा करने में विफल हो गए थे। अदालत ने कहा था, 'आप ने कोई दस्तावेज और एक भी उदाहरण नहीं पेश किया है। इसके लिए विस्तृत परीक्षण की आवश्यकता होगी। आंकड़े कहां हैं? कितने धर्मांतरण हुए? कौन धर्मांतरित हुआ? आप कह रहे हैं कि व्यापक धर्मांतरण हो रहे हैं, पर संख्या कहां है?'



उपाध्याय ने यह कह कर जवाब दिया कि उनके कथन के समर्थन में सोशल मीडिया के आंकड़े हैं। अदालत ने यह कहते हुए इसे फौरन खारिज कर दिया कि 'सोशल मीडिया कोई डेटा नहीं है।' उपााध्याय ने कहा कि वे अखबारों की खबरों से प्रमाण देंगे, लेकिन उच्च न्यायालय ने कहा कि कानून द्वारा निर्धारित है कि अखबारों व सोशल मीडिया पर तथ्यों के रूप में विश्वास नहीं किया जा सकता है। आश्चर्य नहीं कि अदालत ने सरकार को नोटिस देना उचित नहीं समझा क्योंकि वह स्वयं याचिकाकर्ता के सही होने की पुष्टि करना चाहती थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय उपाध्याय की याचिका के प्रति ज्यादा संवेदनशील है और इसी कारण उसने मुद्दे से निपटने के लिए केन्द्र को हस्तक्षेप करने तथा 'गंभीर व संवेदनशील कदम उठाने' का निर्देश दिया। यदि उपाध्याय अदालत में जबरन व्यापक धर्मांतरण के विश्वसनीय सबूत दे सके तो वे सफल होंगे। इससे दक्षिणपंथ को काफी बढ़ावा मिलेगा जो जबरन धर्मांतरण तथा खासकर हिंदुओं के ईसाइयत व इस्लाम में धर्मांतरण पर शोर मचा रहा है। ईसाई मिशनरियों पर खासतौर से आरोप लग रहे हैं कि वे गरीब हिंदुओं को लालच देकर उनका धर्मांतरण करवा रहे हैं। लेकिन तथ्यों से इसकी पुष्टि नहीं होती है क्योंकि देश में ईसाई जनसंख्या में कमी आई है और वह 1971 में 2.6 प्रतिशत से घट कर 2011 में 2.3 प्रतिशत रह गई है। इसके साथ ही, शायद ही कोई मीडिया रिपोर्ट ऐसे धर्मांतरणों की खबर देती है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर आश्चर्य होता है कि उपाध्याय अपने दावों के समर्थन में कैसे सक्षम होंगे। केवल इस कारण कि सर्वोच्च न्यायालय उनके प्रति हमदर्दी दिखा रहा है, यह अर्थ नहीं है कि वह तथ्यों की अनदेखी करेगा।

# इजरायल की जलवायु संबंधी तकनीकें

शर्म अल शेख में आयोजित वार्षिक जलवायु सम्मेलन में पहली बार इस्राइली पैवेलियन जलवायु खोज व समाधान पर केन्द्रित है।


**नाओर गिलोन**
(लेखक, भारत में इस्राइल के राजदूत हैं)

इस वर्ष 2022 में सबको स्पष्ट हो गया है कि हम भयंकर जलवायु संकट के बीच में हैं जो और गंभीर होता जा रहा है। पाकिस्तान में व्यापक बाढ़ से दसियों लाख लोग विस्थापित हुए हैं और देश का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ का प्रकोप झेल रहा है। विनाशकारी समुद्री तूफानों ने अमेरिका के पूर्वी तट व कैरीबियन पर बड़े पैमाने पर हमला बोला है। यूरोप और चीन की महान नदियां सूख गई हैं। यह उन बड़ी विभीषिकाओं की केवल आंशिक सूची है जिसके बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के विशेषज्ञ हमें बार-बार चेतावनी देते रहे हैं। ग्रीनहाउस गैसों के लगातार उत्सर्जन के कारण इन समस्याओं के और गंभीर होने की आशंका है। वर्तमान समय में दुनिया भर के नेता, सरकारी प्रतिनिधि, विशेषज्ञ, निजी क्षेत्र व नागरिक समाज के प्रतिनिधि, अकादमीशियन, विचारक व नीति निर्माता एकसाथ मिस्र के शर्म अल शेख में आयोजित काप27 वार्षिक जलवायु सम्मेलन में विचार कर रहे हैं। वे जलवायु संकट को रोकने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। इस सम्मेलन की सफलता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार वे सभी मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, जिन पर विचार किया जा रहा है। इनमें ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने के वैश्विक प्रयास, जलवायु संकट के प्रति प्रतिक्रिया व उसे अंगीकार करने के वैश्विक लक्ष्य, जलवायु फाइनेंसिंग तथा 'नुकसान व मुआवजे' के विषय पर प्रगति तथा ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान शामिल हैं।




इजरायल एक सूखे क्षेत्र में स्थित है और वह भयानक जल संकट, उच्च तापमान तथा कृषि विकास के लिए कठिन परिवेश का सामना कर रहा है। उसे इन समस्याओं से निपटने के रचनात्मक समाधान खोजने हैं। हालांकि, दशकों के ज्ञान व अनुभव से उसने जलवायु चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान खोजे हैं और इजरायल इनका साझा करना चाहता है। वह चाहता है कि इन तरीकों का क्रियान्वयन हो। इन समाधानों में वे क्षेत्र शामिल हैं जो जलवायु संकट से निपटने के लिए जरूरी हैं। इनमें जल संसाधनों की क्षमता बढ़ाना, नए जल संसाधनों की खोज, सूखा-प्रतिरोधी खेती व सटीक खेती, जैव प्रोटीन विकल्पों की खोज व टिकाऊ फसलें, ऊर्जा सक्षमता व ऊर्जा भंडारण, सूखे क्षेत्रों में वनों की बहाली व उनका संरक्षण, सर्कुलर अर्थव्यवस्था तथा ऐसी नई सामग्रियों का विकास महत्वपूर्ण है जो जलवायु एवं पर्यावरण हितैषी हों। इजरायल में सैकड़ों स्टार्टअप उन तकनीकों का विकास कर रहे हैं जो आज की अनेक प्रर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर सकती हैं। इनमें प्रदूषण, सूखा, परिस्थितिकी को नुकसान तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास की आवश्यकता शामिल हैं। इजरायली आविष्कारण ऐसे समाधान खोजने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं जिनसे एल्गी से स्वच्छ हाइड्रोजन ऊर्जा प्राप्त करना, टिकाऊ खेती के लिए कीटनाशकों का विकास तथा भोजन को ज्यादा लंबे समय तक और ज्यादा ताजा बनाए रखना शामिल हैं। अनेक विचार सक्रिय व जागरूक नागरिक समाज की ओर से भी आए हैं जो जलवायु-पर्यावरण विमर्श में योगदान कर अपनी गतिविधियों व विचारों का सरकारी कार्रवाई के साथ तालमेल बनाते हैं।

इजरायल 'रेगिस्तान में फूल खिलाने' के लिए मशहूर है। इसके लिए उसने सिंचाई, जल के विलवणीकरण, क्लाउड सीडिंग, मरुस्थलीकरण से मुकाबला व गंदे पानी के पुन: शोधन की परिष्कृत तकनीकें विकसित की हैं। अनेक दशकों से इजरायल ने सफलतापूर्वक कठोर जलवायु परिस्थितियों का सामना किया है और वह जानता है कि सूखे परिवेश में संसाधनों का अधिकतम उपयोग कैसे किया जाए। अब अनेक देशों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल स्वयं को ढालने की आवश्यकता अनुभव हो रही है। ऐसे में इजरायल विशेषज्ञता एवं तकनीक प्रदान करने की महत्वपूर्ण स्थिति में है। टिकाऊ विकास के लिए इजरायल की अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी माशव ने भारत समेत दुनिया भर में अनेक परियोजनायें अपने हाथ में ली हैं। भारत में दो विशेषज्ञ- एक कृषि अटैची व एक जल अटैची तैनात हैं जो संघीय व राज्य सरकारों के साथ कृषि व जल क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत और इजरायल ने सालों के सहयोग से एक सहयोग माडल विकसित किया है जिसे इंडो-इजरायल एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट-आईआईएपी का नाम दिया गया है।

यह दुनिया में इजरायल का सबसे बड़ा कृषि प्रोजेक्ट है। इस परियोजना के अंतर्गत भारत में 29 पूर्णत: सक्रिय इंडो-इजरायल सेंटर आफ एक्सलेंस कार्यरत हैं। ये केन्द्र इजरायल की कृषि तकनीकों का प्रयोग स्थानीय स्थितियों के अनुसार करते हैं तथा भारतीय किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। माशव इजरायली विशेषज्ञों को भारत लाता है तथा साल भर इन केन्द्रों में प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। भारत के साथ हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण आयाम जल सुरक्षा है। साझेदारी का महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां इजरायल ने अपना जल अटैची तैनात किया है जो इजरायल की सर्वोत्तम तकनीकों व व्यवहारों का साझा भारत के जल प्रबंधन क्षेत्र में प्रगति के लिए करता है। दोनों देशों की सरकारों ने जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक मेमोरैंडम आफ असोसियेशन या एमओयू पर 2016 में हस्ताक्षर किए थे। इसके अंतर्गत भारत-इजरायल सहयोग से अनेक परियोजनायें चलाई जा रही हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में एक फ्लैगशिप जल परियोजना चलाई जा रही है जिससे क्षेत्र के 25 गांवों को वर्तमान ढांचे के साथ टिकाऊ जल सुविधा वाला बनाया जा रहा है। हरित ऊर्जा एक और ऐसा क्षेत्र है जहां हमें सहयोग बढ़ा कर गर्व का अनुभव होता है। अक्टूबर, 2021 में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की इजरायल यात्रा के समय इजरायल भारत-नीत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुआ।

इजरायल, भारत, संयुक्त अरब अमीरात व अमेरिका द्वारा स्थापित आई2यू2 समूह ने भारत में खाद्य सुरक्षा व हरित ऊर्जा के क्षेत्र में दो प्रमुख परियोजनाओं की घोषणा की है। आई2यू2 साझीदारों ने सहयोग से निजी पूंजी व विशेषज्ञता को लामबंद किया है ताकि ढांचे के आधुनिकीकरण, उद्योगों के वि-कार्बनीकरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार तथा हरित तकनीकों के विकास में सहायता की जा सके। इन परियोजनाओं से भारत की जनता को बहुत लाभ होगा। सूचनायें साझा करने की इजरायली इच्छा का एक और प्रमाण पहली बार काप सम्मेलन में पहली बार इजरायली पैवेलियन की स्थापना है। यह पैवेलियन जलवायु खोज एवं समाधानों पर केन्द्रित है। इसके साथ ही मध्यपूर्व में अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दर्जनों आयोजन किए जाएंगे। हम समझते हैं कि जलवायु संकट से निपटने के लिए क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए हमारा लक्ष्य है कि इजरायली पैवेलियन में आयोजित हर कार्यक्रम से दीर्घकालीन साझेदारी व प्रक्रिया का विकास हो। इसमें इजरायल का खासकर बड़ा और उच्चाधिकार प्राप्त प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिकल होंगे ताकि जलवायु संकट से निपटने में सरकार, सिविल सोसाइटी व निजी क्षेत्र, स्थानीय सरकारों, अकादमीशियनों, आदि व अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त हो। जलवायु संकट से निपटने के लिए मानवता को व्यावहारिक व इस्तेमाल योग्य समाधान खोजने होंगे ताकि जलवायु को मजबूत कर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम किया जाए तथा इनको स्थानीय व वैश्विक स्तर पर क्रियान्वित किया जाए। इन समाधानों से वैश्विक लक्ष्य प्राप्त करने तथा उन देशों व समुदायों में जलवायु मजबूत करने के प्रयास किए जाएं जो पहले से प्रभावित हैं। इससे संरा. टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी क्रियान्वित करने में भी सहायता मिलेगी।

जलवायु खोज के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग से अर्थव्यवस्था मजबूत करने में भारी योगदान होगा जिसका लाभ सबको मिलेगा, नए रोजगारों का सृजन होगा, मानव समृद्धि बढ़ेगी तथा प्रकृति, जलवायु व परिस्थितिकीय विविधता का संरक्षण होगा। इजरायल की जलवायु खोज से पूरी दुनिया की क्षमताओं में विकास होगा जिससे वह जलवायु संकट से निपटने में दृढ़ बनेगी। इजरायल अपने अनुभवों का साझा करने के साथ दूसरों के अनुभव से सीखना चाहता है। इजरायल व भारत टिकाऊ विकास के मामले में विकसित दुनिया के लिए उपयुक्त व अद्यतन समाधान तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ताकि जलवायु परिवर्तन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव कम किए जा सकें। इजरायल को आशा है कि शर्म अल शेख सम्मेलन को व्यापक सफलता मिलेगी तथायह मानवता के भविष्य में सकारात्मक मोड़ सिद्ध होगा।

# गुजरात चुनाव में बढ़ा खर्च और सट्टेबाजी

> ऐसा कहा जाता है कि उम्मीदवार खुद कभी-कभी अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सत्ता में भाग लेते हैं


**शिवाजी सरकार**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्यक्ष खर्च में देश को लगभग 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं। चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार, उम्मीदवारों को मुद्रास्फीति की लागत से अधिक खर्च करने की अनुमति देने के लिए खर्च 2017 की तुलना में लगभग 250 प्रतिशत अधिक होगा। चुनाव खर्च स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं, विभिन्न प्रकार के बंटिंग, झंडे, मतदाताओं को अन्य उपहार, नेताओं की तस्वीरें और छोटी और बड़ी बैठकें आयोजित करने के लिए वाहनों, ऑडियो सिस्टम और अन्य सुविधाओं से कई सेवाएं प्रदान करते हैं।

एक और दिलचस्प पहलू सट्टा बाजार में सट्टेबाजी है। इसमें हजारों करोड़ का निवेश शामिल है। वास्तविक खर्च चुनाव के बाद पता चलेगा लेकिन यह तय है कि चुनाव आयोग दो चरणों में होने वाले चुनाव में 450 करोड़ रुपये खर्च करेगा। राज्य सरकार ने 2022-23 के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमानित लागत के आधार पर चुनाव खर्च के लिए 2022-23 के वार्षिक बजट में 387 करोड़ रुपये आवंटित किए। 2017 के विधानसभा चुनावों में 250 करोड़ रुपये खर्च होने थे, लेकिन वास्तविक खर्च 326 करोड़ रुपये था। इसी तरह 2012 में 175 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया गया था, लेकिन वास्तविक खर्च अनुमानित राशि से अधिक था। चुनाव कर्मचारियों के पारिश्रमिक की लागत में वृद्धि, रसद और वाहन की लागत में वृद्धि, बूथों और मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि के कारण खर्च बढ़ सकता है। 2012 में, एक उम्मीदवार 16 लाख रुपये खर्च कर सकता था। अब इसे बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दिया गया है। इसलिए, औसतन अगर तीन प्रमुख दलों - भाजपा, कांग्रेस और आप - के तीन उम्मीदवार हैं - 182 सीटों के लिए उम्मीदवार का खर्च 218.4 करोड़ रुपये होगा।




लेकिन कई निर्वाचन क्षेत्रों में, कई छोटे क्षेत्रीय और राज्यीय दल हैं जो भी चुनाव लड़ेंगे। तो कुल खर्च 400 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। पार्टियों को चुनावी बांड और चंदे से चंदा मिलता है. 2017 में, केंद्रीय भाजपा ने 160.7 करोड़ रुपये और गुजरात इकाई ने 88.5 करोड़ रुपये एकत्र किए। चुनाव आयोग को दिखाया गया खर्च केंद्रीय पार्टी द्वारा 115.02 करोड़ रुपये और राज्य पार्टी ने 15.84 करोड़ रुपये खर्च किए। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीन दौरों समेत शीर्ष नेताओं पर 76.24 लाख रुपये खर्च हुए, अन्य नेताओं के लिए 35.64 लाख रुपये खर्च किए गए। 2017 में केंद्रीय कांग्रेस पार्टी ने 49.1 करोड़ रुपये और राज्य इकाई ने 20.1 करोड़ रुपये एकत्र किए। खर्च के आंकड़े केंद्रीय पार्टी द्वारा 12.4 करोड़ रुपये और राज्य इकाई द्वारा 7.6 करोड़ रुपये थे।

भाजपा उपाध्यक्ष गोरधन जदाफिया ने मांग की है कि गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों पर होने वाले खर्च को पार्टी के खर्च में जोड़ा जाए, जबकि कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ बैठक के दौरान चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की मांग की। राज्य का दौरा। कई मामलों में इसे उम्मीदवारों के खर्च में जोड़ दिया जाता है।

कांग्रेस के केंद्रीय मुख्यालय ने स्टार प्रचारकों के यात्रा खर्च और राहुल गांधी, मनमोहन सिंह, अशोक गहलोत और अन्य जैसे वरिष्ठ नेताओं के दौरे पर 6.05 करोड़ रुपये खर्च किए। भाजपा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 2.5 गुना अधिक खर्च किया। एक बड़ा खर्च प्रचार पर था। कुल मिलाकर भाजपा ने मीडिया और विज्ञापनों पर 45.6 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने 8.68 करोड़ रुपये खर्च किए। भाजपा ने होर्डिंग, झंडे, मेहराब, बैनर, स्टिकर जैसी प्रचार सामग्री खरीदने पर 13.01 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने 1.30 करोड़ रुपये खर्च किए। ये खर्च चुनाव के दौरान 45 दिन या उससे कम की अवधि के लिए थे। विभिन्न तरीकों से वास्तविक प्रचार बहुत पहले शुरू हुआ था। सत्तारूढ़ दल के लिए राज्य सरकार के खर्च परिलक्षित नहीं होते हैं।

चूंकि इस बार हर वस्तु की कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं, इसलिए उम्मीद है कि राजनीतिक दलों का कुल खर्च दोगुना हो जाएगा। आसानी से, गुजरात में कुल खर्च 1000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा।

एक दिलचस्प पहलू यह है कि सट्टा बाजार उम्मीदवारों के भाग्य पर दांव लगा रहा है। हालांकि यह अब एक राष्ट्रीय घटना बन गई है, गुजरात में राज्य के चुनाव विशेष रुचि पैदा करते हैं। फलोदी स्थित सट्टा बाजार प्रत्येक उम्मीदवार के भाग्य में गहरी दिलचस्पी लेता है। ऐसा कहा जाता है कि उम्मीदवार खुद कभी-कभी अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और चुनाव जीतने की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए सत्ता में भाग लेते हैं। वर्तमान में सत्ता भाजपा को अपना समर्थन दे रही है।

सट्टेबाज सक्रिय हो गए हैं और 40,000 से 50,000 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं। आधिकारिक खर्चों के अलावा खर्चों का लगभग एक मध्यम हिस्सा होगा जो संभवत: सफेद नहीं होगा। लेकिन चुनाव ऐसे ही होते हैं। अंत में, खर्च सामान्य आकलन से अधिक हो सकते हैं, जिसके बढ़ने की भी संभावना है

## आप की बात

### राहत की बात

**ऐसा** कहा जाता है कि उम्मीदवार खुद कभी-कभी अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सत्ता में भाग लेते हैं कोरोना संकट और रूस यूक्रेन युद्ध के अलावा चीन ताइवान जेसी विकट स्थितियों के बीच जी20 सम्मेलन का व्यवस्थित ढंग से संपन्न होना राहत कारी है! इस सम्मेलन में भारत अब अध्यक्ष बन गया है! सम्मेलन में मोदी जी की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया है! ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर, के सिद्धांत पर मोदी जी ने दो टूक शब्दों में हर राष्ट्र को जो संदेश देना था वह बेझिझक दे दिया है! इस सम्मेलन में चीनी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि, दोनों देशों के लिए बिना एक दूसरे को गिराए संपन्न होने के लिए यह धरती पर्याप्त है! इस बयान के गहरे निहितार्थ है! मतलब यह कि अपन दोनों मिल बैठकर इस दुनिया को लूटने ले! मगर वह भूल गए हैं कि जब ऊंट पहाड़ के नीचे आता है तब उसे अपनी ऊंचाई का छोटापन नजर आता है! परमाणुओं के इस युग में अब कोई राष्ट्र छोटा या बड़ा नहीं है! अब जरूरत है कि युद्ध के लिए होने वाले खर्च को मानव विकास में खर्च किया जाए! भारत के हाथों में जी-20 की अध्यक्षता है! इस कमांड का भरपूर उपयोग कर भारत और विश्व के लिए काम करने का अवसर मोदी जी को प्राप्त हुआ है!

– **सुभाष बुड़ावनाला**, रतलाम

### पाकिस्तान में उथल-पुथल

**पाकिस्तान** में लोकतंत्र कभी भी कायम नहीं रहा है एवं वहां पर सत्ता पर मुख्य रूप से सेना ही अधिक काबिज रही है। पिछले 70 -75 सालों में हर बार चुनाव का नाटक तो होता है परंतु सत्ता की डोर हमेशा ही सेना के हाथ में ही होती है। वर्तमान में भी यही सब हो रहा है लोकतंत्र के नाम पर आज सत्ता चाहे विपक्षी दलों के नेता शाहबाज शरीफ के हाथ में है पर वास्तव में आज भी शासन की बागडोर नेपथ्य में सेना के हाथ में ही है एवं इसके पहले कि पिछली सरकार जो इमरान खान की थी उसे भी सेना का ही समर्थन प्राप्त था। तथा जब सेना को लगा कि इमरान खान सत्ता चलाने के बजाय सेना के काम में दखल अधिक दे रहे तब उसने विपक्षी दलों की मदद से इमरान की सत्ता को उखाड़ फेंका था। आज वहां शाहबाज शरीफ की सरकार चल रही है परंतु आज इमरान खान जो अपनी अच्छी खासी सरकार के जाने से काफी दुखी एवं नाराज हैं कारण इमरान खान की सत्ता को जिस ढंग से साजिश करके हटाया गया था उसके कारण पाकिस्तान की जनता एवं इमरान खान भी आज काफी नाराज है। अत: जब इमरान खान ने विरोध स्वरूप जनता में जाकर आंदोलन करने की बात कही तो जनता के द्वारा उन्हें भरपूर समर्थन मिलने लगा।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### ट्रंप का विचित्र रवैया

**उग्र** राष्ट्रवादी के सबसे बड़ी पहचान यही है की वो बार बार एक वाकय को दोहराता है। वाक्य है 'राष्ट्र को खतरा है और हमें इसे बचाना है', मसलन अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ही ले लीजिये। उन्होंने बुधवार को खुद को रिपब्लिकन पार्टी के 2024 का राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस घोषणा के वक्त सबसे पहला शब्द जो उन्होंने कहा है यानी अमेरिका बचाओ। अब उनसे कोई पूछे की किस खतरे से अमेरिका को बचाना है? अमेरिका पर कैसे खतरा आन पड़ा है? इन प्रश्नों का उनके पास कोई जवाब नहीं होगा। क्योंकि राष्ट्रवादियों को लगता है उनके हाथ में सत्ता नहीं है तो फिर देश खतरे में है। डोनाल्ड ट्रम्प क्या खुद को रिपब्लिकन पार्टी से बड़ा समझने लग गए हैं ? आखिर यह निर्णय पार्टी लेगा की किसे 2024 का पार्टी उम्मीदवार बनाना है। फिर ट्रम्प कौन होते हैं खुद को उम्मीदवार घोषित करने वाले? वैसे भी मध्यवधि चुनाव में उनके द्वारा नामांकित सभी प्रयासी चुनाव हार गए। बड़ी मुश्किल से निचले सदन में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिल पाया।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**त्रिकोणीय** मुकाबला पहली बार नहीं हो रहा है। लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय मंत्री

**मेरे** विचार से चीन की ताइवान पर तत्काल हमले की योजना नहीं है। कुछ प्रमुख मुद्दों पर जिनपिंग समझौते के लिए तैयार हैं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**प्रधानमंत्री** मोदी ने व्लादीमिर पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात कर युद्धविराम करवाया व भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने में सफलता पाई।

– **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

# 10 जिलों में बनेंगे अत्याधुनिक न्यायालय

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 दिन में प्रेजेंटेशन तैयार करने का दिया निर्देश

- मॉडल कोर्ट के रूप में डेवलप किये जाएंगे 10 जिलों के न्यायालय भवन
- नए न्यायालय भवनों को तीन कैटगरी में बांट कर तैयार होगा डिजाइन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 10 जिलों में भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। सीएम योगी ने आगरा, औरैया, हापुड़, कौशाम्बी, महोबा, बहराइच, चंदौली, हाथरस सहित 10 जिलों में नये न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए लोक निर्माण और नियोजन विभाग के अफसरों को 15 दिन के अंदर डिटेल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन भवनों की डिज़ाइन न सिर्फ खूबसूरत हो बल्कि इन्हें वर्टिकल आकर में बनाया जाए जिससे भूमि की भी बचत हो। साथ ही इन्हें आने वाले 25 से 30 साल बाद कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया जाए। सीएम ने कहा है कि नये न्यायालय भवनों में न्यायाधीशों के लिए सुंदर, स्वच्छ और हवादार कमरों के साथ ही अधिवक्ताओं के लिए अच्छे चैम्बर, बड़ी लाइब्रेरी, कैंटीन, पार्किंग और सेमिनार हॉल भी निर्मित किये जाएं। निर्मित किये जाने वाले नये न्यायालय भवनों को सर्व सुविधायुक्त बनाकर इन्हें प्रदेश ही नहीं देश में भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने 10 जिलों में नये बनने वाले न्यायालय भवनों के साथ ही न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है। सीएम ने सभी न्यायालयों और रजिस्ट्रार दफ्तरों को ई-ऑफिस के रूप में अपग्रेड करने के लिए भी कहा है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अधिग्रहीत की गयी भूमि में कहीं भी कोई पैच या अन्य परेशानियां ना हों। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि देश के किसी भी न्यायालय भवन में कोई भी अच्छी व्यवस्था दिखती हो तो उसे भी आर्किटेक्चर में शामिल करें। खासकर के महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश के न्यायालय भवनों को जरूर देखें। उन्होंने नये न्यायालय भवनों के लिए तीन कैटेगरी बनाने के लिए कहा है जिसमें 40.70 लाख की आबादी, 25.40 लाख की आबादी और 25 लाख से कम आबादी वाले जिलों के लिए अगले 25 साल की जरूरतों के हिसाब से न्यायालय भवनों की रूपरेखा तैयार की जाए। सीएम ने ये सभी काम मिशन मोड में पूरा करने के लिए कहा है साथ ही 15 दिन के भीतर पूरी कार्ययोजना और डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश भी दिये हैं। उन्होंने सभी जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों को जिला जज के साथ नियमित बैठक करने के भी निर्देश दिये हैं। सीएम योगी ने कहा कि ये बैठकें जिला जज की अध्यक्षता में होंगी और इसमें डीएम और एसपी अथवा एसएसपी का होना अनिवार्य है।



राष्ट्रपति भवन में गुरूवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी पत्नी अनीता महाना के साथ शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने पर सपत्नी आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

# एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर तेजी से बढ़ रहा है यूपीः सीएस

- यूपी एडीशन एपीएसी थर्ड इंडिया डिजिटल एंपावरमेंट मीट एंड अवाड्र्स कार्यक्रम आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री अजीत पाल एवं मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 'यूपी एडीशन एपीएसी थर्ड इंडिया डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एंड अवाड्र्स' कार्यक्रम में हिस्सा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत पाल ने प्रदेश में तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लखनऊ में 100 एकड़ में आईटी सिटी एसईजेड बना रही हैं, टियर 2 और टियर 3 शहरों में आईटी हब बना रहे हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। विकास इतनी तेजी से होना चाहिए कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाए। सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार पूरी क्षमता से देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था की उन्नति के लिए योगदान करना चाहिए। आईटी और प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आईटी के सहयोग से लगभग हर क्षेत्र में अद्भुत काम किया है। देश का लगभग 45 प्रतिशत मोबाइल उत्तर प्रदेश में बन रहा है। 2047 तक के विकास के लिए टीम इंडिया को मिलकर काम करना होगा। यूपी एक इनोवेटिव इन्वेस्टमेंट फंड बना रहा है, ताकि बच्चे व क्रिएटिव लोग आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि उत्तर प्रदेश के लिए जो बेस्ट से बेस्ट हो वह होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निवेश को आकर्षित करने के लिये कल ही कैबिनेट द्वारा नवीन इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी तथा सूचना प्रौद्योगिकी व सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा पॉलिसी को मंजूरी प्रदान की गई है। प्रदेश नई डाटा सेण्टर पॉलिसी से आने वाले समय में देश की 25 प्रतिशत जरूरत को पूरा करेगी। डाटा सेण्टर बनने से हमारा कम्यूनिकेशन आसान हो जाएगा।

## गुजरात चुनाव में शुक्रवार से रैली करेंगे योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** गुजरात के रण में शुक्रवार से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एंट्री होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात की 182 विधानसभा सीटों पर पहली व 5 दिसंबर को चुनाव होगा। शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ पहले दिन यहां चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। यहां उनकी 3 विधानसभाओं में रैली होगी। पीएम मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ की मांग चुनावी रैलियों में सबसे अधिक रहती है। इसके पहले हाल में हुए हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 दिन में 16 रैलियां की थीं। शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ की गुजरात के मोरबी, भरूच और सूरत में रैली होगी। वे सबसे पहले मोरबी के वाकानेर से भाजपा उम्मीदवार जितेंद्र भाई सोमानी के लिए वोट मांगेंगे। भरूच के झागड़िया सीट पर रितेश भाई वसावा के पक्ष में जनसभा करेंगे। वहीं तीसरी रैली उनकी सूरत के चौरासी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी संदीप भाई देसाई के पक्ष में होगी।

# जल्द एक क्लिक पर उपलब्ध होगी पीडब्लूडी की समस्त सड़कों की सूचना

- लोनिवि मंत्री ने जीआईएस पोर्टल सृष्टि 2.0 बनाने की दी स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण विभाग हाइटेक बनने की ओर अग्रसर है। इस दिशा में लगातार नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभाग के जीआईएस पोर्टल सृष्टि 2.0 को बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर लोक निर्माण विभाग की समस्त सड़कों (2 लाख 90 हजार किमी) की सूचना एक क्लिक पर उपलब्ध होगी, इस तकनीक के माध्यम से लोक निर्माण विभाग की सड़कों की नेटवर्क प्लानिंग, सड़कों की मरम्मत व एडवांस प्लानिंग में सहायता मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के जीआईएस पोर्टल को प्रधानमंत्री द्वारा लान्च किए गए पीएम गतिशक्ति गतिशक्ति पोर्टल से जोड़े जाने के



साथ ही अन्य कई पोर्टलों के साथ भी जोड़ा जाएगा। पोर्टल को एनआईसी दिल्ली के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। पोर्टल की कुल लागत 6.30 करोड़ आएगी। इस पोर्टल का कार्य 31 मार्च 2023 तक पूर्ण कराकर अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह में क्रियाशील कर दिया जाएगा। जितिन प्रसाद ने बताया कि सृष्टि 2.0 तैयार होने से लोक निर्माण विभाग की सड़कें पोर्टल पर समेकित रूप में दिखाई देंगी। इस पोर्टल पर राज्यस्तरीय जिला स्तरीय व ग्राम स्तरीय सड़कों को देखा जा सकेगा। प्रत्येक सड़क की विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। राज्य में कितनी सड़कें, स्टेट हाइवे, एमडीआर, ओडीआर व ग्राम सड़कों की श्रेणी में हैं, ये समस्त सूचनाएं पोर्टल पर देखी जा सकेंगी।

# सभी 18 साइबर थानों में पुलिस बल की तैनाती के लिए चयन प्रक्रिया निर्धारित

- योग्य कर्मचारियों के चयन के लिए एडीजी साइबर क्राइम की अध्यक्षता में मुख्यालय स्तर पर गठित होगी समिति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्तमान** समय में साइबर अपराधों में दिन-प्रतिदिन हो रही वृद्धि के दृष्टिगत लखनऊ एवं गौतमबुद्ध नगर और 16 परिक्षेत्र के मुख्यालयों पर साइबर क्राइम पुलिस थाने स्थापित किए गए हैं। इन सभी 18 साइबर थानों पर पुलिस बल की तैनाती के संबंध में डीजीपी डीएस चौहान ने चयन प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। इन थानों में साइबर अपराधों की विशेष जानकारी रखने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में नामांकन, चयन, अर्हता, तैनाती एवं स्थानान्तरण आदि के सम्बन्ध में डीजीपी द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी पुलिस कप्तानों को जारी परिपत्र में डीजीपी ने जानकारी दी है कि वर्तमान में साइबर क्राइम पुलिस के निर्धारित नियतन के अनुसार साइबर निरीक्षक- 91, साइबर उपनिरीक्षक-93, मुख्य आरक्षी साइबर-58, आरक्षी साइबर-176 है।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि साइबर क्राइम आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, निरीक्षक नागरिक पुलिस का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। नागरिक पुलिस के पद धारकों की न्यूनतम सेवा कम से कम तीन वर्ष की होनी चाहिए। साइबर क्राइम आरक्षी, मुख्य आरक्षी जिसको कम्प्यूटर का ज्ञान हो एवं उसकी रुचि हो। साइबर क्राइम सम्बंधी प्रशिक्षण कोर्स किए हुए पुलिस कर्मियों को वरीयता दी जाएगी। उनकी विगत 3 वर्षो में सत्यनिष्ठा लगातार प्रमाणित हो। विगत 3 वर्षो में उन्हें कोई लघु अथवा दीर्घ दण्ड न मिला हो। विगत 3 वर्षों में उन्हें कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न मिली हो। विभागीय कार्रवाई अथवा आपराधिक अभियोग में आरोप पत्र न दिया गया हो। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि वर्ष की प्रथम तिमाही एवं आवश्यकतानुसार साइबर क्राइम मुख्यालय पर निरीक्षक साइबर से आरक्षी साइबर क्राइम तक के रिक्त पदों/ भविष्य में उस वर्ष रिक्त होने वाले पदों के भरने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। तद्नुसार सभी जनपदों में उपरोक्त अर्हतायें रखने वाले कर्मचारियों के नामांकन साइबर क्राइम मुख्यालय को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी नामांकनों में से कर्मचारियों की उनकी ज्येष्ठता के आधार पर एक सूची बनायी जाएगी। साइबर क्राइम मुख्यालय द्वारा सूची से सम्बंधित योग्य पुलिस कर्मियों के चयन के लिए मुख्यालय स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें एडीजी साइबर क्राइम अध्यक्ष और डीआईजी/ एसपी साइबर क्राइम व एएसपी/ डिप्टीएसपी साइबर क्राइम सदस्य होंगे। समिति में सदस्य की नियुक्ति न होने की दशा में डीजीपी यूपी द्वारा नामित अन्य सदस्य नामित किए जा चुके हैं। समिति द्वारा कार्मिकों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में संस्तुति स्थापना शाखा को उपलब्ध करायी जाएगी। स्थापना शाखा के द्वारा प्रचलित शासनादेश एवं दिशा-निर्देशों के अधीन नीतिगत विधिक बाधा न होने की दशा में उपलब्ध सूची के अनुसार कार्मिकों को साइबर क्राइम मुख्यालय के लिए स्थानान्तरित किया जाएगा।

## जल्द शुरू होगी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आधारित किराया भुगतान व्यवस्था

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि देश एवं प्रदेश के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए नई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आईटी क्षेत्र में अग्रणी पहल करते हुए भारत सरकार की अपेक्षानुरूप वन नेशन वन कार्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत एक ही कार्ड द्वारा विभिन्न परिवहन साधनों की सुविधा नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के माध्यम से प्राप्त होगी। एनसीएमसी आधारित किराया भुगतान व्यवस्था का शुभारम्भ शीघ्र ही किया जाएगा। दयाशंकर सिंह ने बताया कि इसके लिए 25 नवम्बर को स्टेट बैंक आफ इण्डिया एवं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मध्य करार प्रबन्ध निदेशक स्टेट बैंक आफ इण्डिया की उपस्थिति में सम्पादित होगा।

# कांग्रेसजनों ने लाला लाजपत राय के बलिदान को किया याद

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बृहस्पतिवार को महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व. लाला लाजपत राय की पुण्य तिथि मनाई गई और उनके बलिदान को कांग्रेसजनों ने याद किया। कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि आज के वर्तमान को देखते हुए हैं हम लाला लाजपत राय के योगदान को भुला नहीं सकते। वर्तमान में हम सभी कांग्रेसजनों के जिम्मेदारी है कि हम उनके दिए गए हर विचार और समरसता की बात को लोगों में फैलाएं और समाज से वैमनस्य और हर बुराई को दूर करने का प्रयास करें। अपने हक को गांधीवादी तरीके से प्राप्त करने के लिए लगातार संघर्ष करते रहें।



उप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव (प्रभारी प्रशासन) दिनेश सिंह ने कहा कि आज वर्तमान की सरकार जिस तरह देश में भारत की अखंडता और भाईचारे को तोड़ने का प्रयास कर रही है, ऐसे समय में लाला लाजपत राय के विचारों को लोगों के बीच में संप्रेषित करने का हर कांग्रेसजन का उद्देश्य होना चाहिए।

# सरकारी सिस्टम लाचार, सीएम दूसरे प्रदेशों के चुनाव प्रचार में व्यस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नाकामी और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की वजह से प्रदेश में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। राजधानी सहित तमाम जनपदों में रोजाना डेंगू के नए मरीज मिल रहे हैं। सरकारी सिस्टम लाचार है और मुख्यमंत्री दूसरे प्रदेशों के विधानसभा चुनावों में प्रचार करने में व्यस्त हैं। अखिलेश ने कहा कि सरकार की लापरवाही इस हद तक है कि हाईकोर्ट को यह बताना पड़ गया कि उसे स्कूल कॉलेजों में फागिंग कराना चाहिए। मच्छरों की बढ़त रोकने में असफलता के चलते ही डेंगू बुखार



फैला है, पर उधर कौन देखता है। इधर अब तक डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज सरकारी आंकड़ों में दर्ज हो चुके है जबकि निजी तौर पर इलाज कराने वालों की कोई गिनती नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर जिले में डेंगू से राहत के लिए डेडिकेटेड हॉस्पिटल का सपना दिखाया पर जब सरकार ही जनता के लिए डेडीकेटेड नहीं हैं तो वह डेडिकेटेड हॉस्पिटल कहां से बनाएगी। कैसी विडम्बना है कि डेंगू के इतने प्रकोप के बावजूद लखनऊ के अस्पतालों में जांच में अभी भी दिक्कतें पेश हो रही है। बुखार में तपता और दर्द से कराहता बीमार व्यक्ति खून की जांच की लाइन में घंटों लगा रहने को मजबूर है। जांच की रिपोर्ट मिलने में भी कई-कई दिन लग जाते हैं। इससे समय पर इलाज नहीं हो पाता है। दवा के लिए भी लोग परेशान होते हैं। अस्पतालों में प्लेटलेट्स की मांग बढ़ रही है। कमाई के चक्कर में एक मरीज को तो मौसमी का जूस तक चढ़ा दिया गया था। उस मरीज की दुखद मृत्यु हो गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में फैली अव्यवस्थाओं के कारण ही रोज कितने ही लोगों की जानें जा रही है। गोरखपुर के चौरी चौरा थाने में तैनात महिला सिपाही की डेंगू से मृत्यु हो गई।

## क्लाइमेट चेंज कन्वेंशन का आयोजन आज

**लखनऊ।** प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में क्लाइमेट चेंज कन्वेंशन का आयोजन किया गया है। इस कन्वेंशन में लखनऊ के उच्च प्राथमिक एवं कोम्पोजिट विद्यालयों के लगभग 300 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय करन आनन्द ने बताया कि क्लाइमेट चेंज कन्वेंशन हेतु प्रदेश के 20 जिलो में लगभग 250 उच्च माध्यमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विगत एक माह से किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बच्चों द्वारा जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रभाव को समझने के लिए पोस्टर, लेख एवं नुक्कड़ नाटकों आदि का प्रदर्शन करते हुये जनसमुदाय को जागरूक किया गया। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन विषय पर बच्चों द्वारा बनाये गये पोस्टर का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# सिर्फ समागम नहीं, एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प है काशी तमिल संगमम

## 19 नवंबर को मोदी करेंगे काशी तमिल संगमम का विधिवत उद्घाटन

- काशी में जुटेंगे तमिलनाडु के विभिन्न विषयों से जुड़े ढाई हजार मेहमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, वाराणसी

**भारत** में लंबे समय से नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया के बहाने दिलों में दूरी पैदा करने वाले अंतरविरोधों को समाप्त करके एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का वक्त आ गया है। देश की धार्मिकए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी काशी में एक महीने तक आयोजित होने वाला काशी तमिल संगमम निःसंदेह उत्तर.दक्षिण भारत के निगेटिव नैरेटिव को तोड़ने में मददगार साबित होगा। द्रविण संस्कृति के केंद्रबिंदु तमिलनाडु की संस्कृति, खान-पान, गीत-संगीत का काशी में सीधे साक्षात्कार होने जा रहा है। 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल संगम का विधिवत उदघाटन करेंगे। इसके साथ ही भगवान विश्वेश्वर की धरती पर रामेश्वर की संस्कृति प्रकाशमान होगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। वाराणसी में बीएचयू के एम्फीथिएटर ग्राउंड में तमिलनाडु की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए 75 स्टाल आकार ले रहे हैं। इनमे तमिलनाडु के हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा फ्रीडम फाइटर्स पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नेशनल बुक ट्रस्ट की प्रदर्शनी, सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ लैंग्वेज की ओर से प्रदर्शनी और पब्लिक कन्वर्सेशन का भी आयोजन होगा। 30 दिन तक चलने वाले काशी तमिल संगमम् में 51 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमे तमिलनाडु के करीब-करीब सभी रंग दिखेंगे।

तमिलनाडु की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्यतः मीनाक्षी चितरंजन का भरतनाट्यम, तमिलनाडु का फोक म्यूजिक, इरुला व अन्य ट्राइबल नृत्य, विल्लुपाट्ट एक प्राचीन संगीतमय कथा-कथन, पौराणिक ऐतिहासिक ड्रामा, शिव पुराण, रामायण और महाभारत पर आधारित कठपुतली शो आदि देखने को मिलेंगे जो ये दर्शाएंगे कि काशी और तमिलनाडु की भाषा, खान-पान, रहन सहन भले ही अलग हो लेकिन अभिव्यक्ति का तरीका और इसकी आत्मा एक ही है। तमिल कार्तिक महीने की शुरुआत 17 नवंबर से होने के साथ ही वैसे तो वाराणसी में काशी तमिल संगमम् का आग़ाज हो चुका है। किन्तु इसका विधिवत उदघाटन 19 नवंबर को प्रधानमंत्री के हाथों होना है। काशी तमिल संगमम् में 12 अलग अलग समूहों में लगभग 2500 से 3000 लोग तमिलनाडु से 18 नवंबर को वाराणसी पहुंचेंगे। हर ग्रुप की यात्रा 8 दिन की होगी जिसमे 2 दिनों की यात्रा तमिलनाडु से वाराणसी पहुंचने की भी शामिल होगी। दल दो दिन वाराणसी में रहेगा तथा हनुमान घाट पर गंगा स्नान, सुब्रह्मण्य भारती के आवास पर जाना, काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन, सारनाथ आर्कियोलॉजिकल साइट एंड म्यूजियम, गंगा आरती और 84 घाटों का नाव से अवलोकन और शाम को बीएचयू में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होना शामिल है। वाराणसी के बाद दो दिनों में प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा भी प्रस्तावित है और फिर दो दिनों की वापसी की यात्रा होगी। इसके लिए रामेश्वरम, चेन्नई व कोयंबटूर से 3 ट्रेन में अतिरिक्त 3 स्पेशल कोच लगेंगे जो दो दिन के अंतराल पर प्रति सप्ताह काशी आएगी।

## राज्यपाल ने किया भारतीय मुद्रा परिषद के 104वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन

# मुद्रा किसी भी देश की संस्कृति व सभ्यता का प्रतिबिम्बःआनंदीबेन




- सिक्के तत्कालीन धर्म व दर्शन व सामाजिक जीवन को दर्शाते है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान गोमतीनगर में राज्य संग्रहालय लखनऊ द्वारा 17 से 19 नवम्बर तक आयोजित भारतीय मुद्रा परिषद के 104वें वार्षिक सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा कि मुद्रा किसी भी देश की संस्कृति एवं सभ्यता का प्रतिबिम्ब होती है। इससे तत्कालीन इतिहास एवं अर्थव्यवस्था की जानकारी मिलती है, जिससे हमारी आगामी पीढ़ियों को हमारी समृद्ध संस्कृति का ज्ञान होता है। उन्होंने कहा कि सिक्कों पर प्राप्त तिथियां एवं अंकन उस कालखण्ड के इतिहास व संस्कृति की जानकारी का सशक्त माध्यम हैं। क्योंकि सिक्के तत्कालीन धर्म एवं दर्शन व सामाजिक जीवन को दर्शाते हैं। दुर्भाग्य से हमारी युवा पीढ़ी इस प्रकार की जानकारियों से अनभिज्ञ है। हमारा प्रयास होना चाहिये कि इस प्रकार की प्रदर्शनी को अलग-अलग शहरों में लगायें तथा अपने बच्चों को उनका भ्रमण भी अवश्य करायें ताकि हमारे बच्चे हमारी संस्कृति के बारे में जान सकें। राज्यपाल जी ने शिक्षकों से अपील की कि वे अपने विद्यालय के बच्चों को भी शैक्षिक भ्रमण पर अवश्य ले जायें ताकि वे हमारे पर्यटन स्थलों एवं संस्कृति के बारे में जान सकें। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि टूर पर जाने वाले बच्चों में से ही 4 या 5 बच्चों की टीम बनाकर भ्रमण-स्थल की सम्पूर्ण जानकारी दें ताकि वे भ्रमण पर गये अन्य बच्चों को भी जानकारी दे सकें। उन्होंने कहा कि मुझे दुःख है कि हमारे बच्चे हमारी ऐतिहासिक समृद्धता से अनभिज्ञ हैं। उत्तर प्रदेश का इतिहास बहुत समृद्ध है। हमें अपने बच्चों को ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर ले जाकर उन्हें उनसे परिचित कराना चाहिये। क्योंकि हमारी नयी पीढ़ी ही हमारी संस्कृति की संवाहक है। प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कहा कि दशकों बाद यह सम्मेलन लखनऊ में हो रहा है, जिसका उद्देश्य है कि हम अपनी संस्कृति, शिक्षा एवं संस्कार से अपने बच्चों को जोड़ें तथा उन्हें अपनी संस्कृति से परिचित करायें। प्रमुख सचिव ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विवि में समृद्ध संस्कृति एवं प्राकृतिक धरोहरों पर शोध कार्य तथा विषयगत जानकारी के कोर्स भी चलाये जायेंगे। भारतीय मुद्रा परिषद के अध्यक्ष डा राजा रेड्डी ने मुद्रा शास्त्र के विकास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय मुद्रा परिषद के 104वें सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो मक्खन लाल, मुद्रा परिषद के महासचिव प्रो पी एन सिंह, विशेष सचिव संस्कृति आनंद कुमार, राज्य संग्रहालय के निदेशक डा आनंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में देश भर से आये मुद्रा संरक्षक मौजूद थे।

# नगर निगम की निर्वाचक नामावली जारी नहीं करने का सपाइयों ने किया विरोध

संवाददाता। बरेली

**राज्य निर्वाचन** आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी निकाय चुनाव कीनगर निगम बरेली के निर्वाचन नामावली प्रकाशित नही होने के विरोध में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया । महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने बताया राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य हेतु समय सारणी जारी की गई है जिसके अनुसार समस्त निकायों की ड्राफ्ट नामावली का 31 अक्टूबर 2022 को प्रकाशन के उपरान्त दिनॉक 01 नबम्बर से 07 नबम्बर तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना जिसके पश्चात 08 नबम्बर से 12 नबम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण कर 14 नबम्बर से 17 नबम्बर तक पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हे मूल सूची में समाहित कर दिनॉक 18 नबम्बर को अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन किया जाना है, किन्तु नगर निगम बरेली की 31 अक्टूबर तो ड्राफ्ट नामावली का कोई प्रकाशन नहीं किया गया और न ही इसके पश्चात आज की तिथि तक नगर निगम बरेली की ड्राफ्ट नामावली का कोई प्रकाशन किया जा सका है, जबकि कल दिनॉक 18 नबम्बर को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जाना है। तो यह किस प्रकार से संभव है जब नगर निगम बरेली की ड्राफ्ट के रूप में निर्वाचक नामावली प्रकाशित की ही नहीं गई तो उसका निरीक्षण कर उस पर दावा एवं आपत्ति कैसे किया जा सकता है? बी एल ओ द्वाराकर उस पर दावा एवं आपनि कैसे किया जा सकता है? बी एल ओ द्वारा निर्वाचक नामावली में परिवर्धन व अपमार्जन के नामों को बिना ड्राफ्ट नामावली के प्रकाशन व उससे मिलान करे बिना यह किस प्रकार से तय किया जा सकेगा की पुनरीक्षण का कार्य सही प्रकार किया गया है अथवा नहीं? अन्तिम प्रकाशन सूची में यदि किसी वार्ड के मतदाताओं के नाम किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण रूप से सम्मिलित कर दिये गये। तो यह किसकी जिम्मेदारी होगी व उस पर किस प्रकार से सुधार किया जा सकेगा? इससे यह प्रतीत होता है कि नगर निगम बरेली की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य में राज्य निर्वाचन आयोग की समय सारणी के निर्देशों का पालन न करते हुए अत्यन्त लापरवाही बरती गई है।

**● अन्तिम प्रकाशन सूची में यदि किसी वार्ड के मतदाताओं के नाम किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण रूप से सम्मिलित कर दिये गये**

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के तत्वावधान में शुरू हुआ जागरूकता अभियान

**सीतापुर।** बिसवां ब्लॉक में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने है। इसको लेकर बिसवां तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, वाल पेंटिंग, बैनर, हैंडबिल, पोस्टर आदि माध्यमों से जनजागरूकता किया जाएगा। एलईडी बाइक को अधीक्षक डॉक्टर अमित कपूर और डॉ अभिज्ञान ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि अभियान का समापन आगामी 30 नवंबर को होगा। उन्होंने बताया कि जिन पात्र लाभार्थियों ने अभी तक अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए हैं, उन सभी को यह कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जिला कार्यक्रम समंवयक डॉ. अभिज्ञान सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 2200 से अधिक उपचार पैकेज को सम्मिलित किया गया है। मातृ स्वास्थ्य और प्रसव या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा सहित कई बीमारियों की जांच व निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदेश के विभिन्न आयुष्मान सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

### दलालों का बोलबाला

**सीतापुर।** गल्ला मंडी सीतापुर में 4 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए है। इन सभी केन्द्रों पर दलालों का बोलबाला है। सेंटर प्रभारियों की मिलीभगत से गल्ला मंडी बिसवा में गोरखधंधा हो रहा है। 4 दिन से सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों की धान लदी ट्रालियां खड़ी है और तौल नहीं हो पा रही है, इसकी जानकारी जैसे ही संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू और गुरपाल सिंह को हुई, वह मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर तौल शुरू कराई।

## क्विक न्यूज

### फर्जी दरोगा को पुलिस के हवाले किया

**बरेली ।** एक महिला अधिवक्ता की शिकायत के बाद पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने आज लखनऊ के आशियाना निवासी बनारस के पांडेपुर निवासी सत्यम तिवारी पुत्र अमर तिवारी को रेलवे जंक्शन से पुलिस की वर्दी पुलिस का फर्जी आईकार्ड और बाकी टाकी के साथ गिरफ्तार कर लिया बताया जाता है कि सत्यम तिवारी और महिला अधिवक्ता के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क हुआ था सत्यम तिवारी ने खुद को पुलिस विभाग का दरोगा बताया था जबकि वह वास्तव में ओला कंपनी का कार चालक है और उसने महिला अधिवक्ता से विवाह का प्रस्ताव किया था अधिवक्ता ने उसका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और आज सत्यम तिवारी महिला से इंगेजमेंट के लिए रेलवे जंक्शन पहुंचा था लेकिन महिला अधिवक्ता ने उसकी वर्दी पर बैज गलत तरीके से लगा हुआ देखा और शक होने पर उससे कानून की कुछ धाराओं के बारे में पूछताछ की लेकिन सत्यम उसे संतोषजनक जवाब नहीं दे सका तब महिला अधिवक्ता का शक पुख्ता हो गया उसने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस वर्दी में मौजूद सत्यम तिवारी को हिरासत में ले लिया उसके पास बाकी टाकी और पुलिस विभाग का फर्जी आईकार्ड भी भी बरामद हुआ पुलिस फर्जी दरोगा बने सत्यम तिवारी को पकड़ कर थाने ले गई और पूछताछ शुरू कर दी ।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**बरेली ।** शाम के समय जंगल में जा रहे एक वृद्ध की लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नोगवा निवासी 80 वर्षीय रमजानी कि कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रमजानी पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और घर में ही रहते थे लेकिन कल शाम को स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने पर वह जंगल में जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई जब वह घर वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने कुछ देर इंतजार करने के बाद उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू कर दी इसी दौरान लोगों ने उनकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घरवालों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक 4 बच्चों का पिता था।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली ।** कई दिन पहले मेला देखने के लिए घर से निकले युवक को एक ऑटो चालक घायल अवस्था में घर पर छोड़ गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मृतक के घर वालों ने घर से बुलाकर ले जाने वाले उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव बसुधरन जागीर निवासी 22 वर्षीय नरेश पुत्र छत्रपाल कश्यप ने बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई उसे 9 नवंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि नरेश को घटना वाले दिन गांव के रहने वाले संजय और अजीत घर से बुलाकर ले गए थे जाते समय उन्होंने बताया कि वो शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पनवडीया में लगने वाले गंगा मेला देखने जा रहे हैं लेकिन कुछ देर बाद ही गांव का रहने वाला ऑटो चालक कमल गंगवार उसको घायल अवस्था में घर पर छोड़कर चला गया घरवालों ने अजीत और संजय से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह नरेश के साथ नहीं गए थे घरवालों ने नरेश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां से कल शाम दूसरे अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई ।

### सम्मानित हुए शिक्षक सुनील पचहरा

**सीतापुर।** प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स चौंपियनशिप में लहरपुर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले शिक्षक सुनील पचहरा को बुधवार को खेमकरन इंटर कॉलेज में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी लहरपुर साहिन अंसारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि शिक्षक सुनील पचहरा उच्च प्राथमिक विद्यालय कम अपोजिट बसंतीपुर में सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त है, उन्होंने 4 गोल्ड मेडल एक सिल्वर मेडल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम जनपद अमेठी में विगत 12 व 13 नवंबर को उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2022 की प्रतियोगिता में जीत कर नाम रोशन किया है।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सेवता विधायक ने किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**कस्बा रेउसा** के खेल मैदान में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का षुभारम्भ विधायक ज्ञान तिवारी ने दीप जलाकर किया। विधायक ने ध्वजारोहण के साथ मार्च पास्ट को सलामी ली। रेउसा ब्लॉक के 12 संकुलों के 182 विद्यालाओं के बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संकुल ढेनुवा, जमौली, राजापुर कला, सेउता, रेउसा, थौरा, थानगांव, काशीपुर, बढ़ही डीह, तरसेउरा, बजहा, चंद्रसेनी विद्यालय के बच्चो ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विधायक ज्ञान तिवारी ने प्रदेश में रेउसा को शिक्षा में प्रथम स्थान दिलाने की बात कहते हुए स्कूलों के कायाकल्प के अंतर्गत बाउंड्री वॉल और स्कूल तक सड़क बनवाने का वादा किया।

### हवन पूजन कन्याभोज व भण्डारे के साथ सम्पन्न हुई श्रीमद्भागवत कथा

**सीतापुर।** ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत नेवादा मजरा बल्दीपुरवा में मां भगवती देवी मंदिर पर सात दिनो से चल रही श्रीमद् भागवत कथा हवन पूजन कन्याभोज व भण्डारे के साथ संपन्न हुई। कथाब्यास नारायण पाण्डेय सीतापुर द्वारा कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई गयी। ऋष्णलीला कमेटी के कलाकारों ने राधा .ष्ण व सुदामा की मनमोहन झांकी प्रस्तुत की। इस मौके पर संगीता सिंह, रामेन्द्र सिंह, विष्णु कुमार बाजपेई, लालबहादुर सिंह, प्रान्शुल अवस्थी, जीतेन्द्र सिंह, सुमित बाजपेई, अमर सिंह, प्रेम गुप्ता, बसन्त सिंह, पवन कुमार बाजपेई, सुधीर सिंह, ललित बाजपेइ, देवेन्द्र सिंह, अनीता शुक्ला, अंकित मिश्रा, अनुज शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता, बीरेन्द्र सिंह आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

### 22 व 23 नवम्बर को होगी जूनियर फुटबाल व हाकी बालक वर्ग प्रतियोगिता

**सीतापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, सीतापुर जिला स्तरीय जूनियर फुटबाल व हाकी बालक वर्ग प्रतियोगिता आयोजित करेगा। 22 व 23 नवम्बर, 2022 को स्थानीय मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में 19वर्श आयु तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। यह जानकारी प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अपने विद्यालय से प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित जन्मतिथि प्रमाण पत्र अवष्य लाना होगा। प्रतियोगिताओ का समापन व पुरस्कार वितरण 23 नवंबर को किया जायेगा। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार खेल विभाग द्वारा प्रदान किये जायेगें।

### सादगी पूर्ण तरीके से मनेगी मुलायम सिंह यादव की 83वीं जयंती

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की 83वीं जयंती समाजपावादी पार्टी 22 नवंबर 2022 को सादगी पूर्ण तरीके से मनाएगी। सपा के जिला कार्यालय टाउन हाल सीतापुर में पूर्वान्ह 11 बजे सपा कार्यकर्ता उनके चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा उनके संघर्शों को याद करते हुए, सपा संस्थापक के रास्ते पर चलने का संकल्प लेंगे। यह जानकारी निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीतापुर क्षत्रपाल सिंह यादव ने दी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने पार्टी के पूर्व सांसद, विधायक, सदस्य विधान परिषद, पूर्व सदस्य विधान परिषद पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, सभी निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष, समस्त निवर्तमान पदाधिकारी, समस्त यूथ फ्रंटल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष, निवर्तमान पदाधिकारीगण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी कार्यालय पर समय से पहुंचने की अपील की है।

### श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का समापन आज

**सीतापुर।** नगर सिधौली के श्री सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का समापन 18 नवंबर को कन्या भोज, भंडारे के साथ होगा। गुरूवार को भागवत कथा सुनाते हुए हरदोई बनी आश्रम से पधारे नारायण स्वामी ने माया मोह से छुटकारा पाने उपाए बताया। नारायण स्वामी ने कहा भगवान की माया ही जीव को भ्रमिक करती है, इसके बचने के लिए भगवान की भक्ति करनी चाहिए। बालसंत स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने कहा कि परमात्मा की शरणागति ही श्रेष्ठ मार्ग है। याज्ञिक कार्य आचार्य अनिल मिश्र ने संपन्न कराया। कथा पंडाल में यजमान विनोद तिवारी, आचार्य जगदीश, श्रवण बाजपेई, अरवन्दि बाजपेई, जयप्रकाश मिश्र हरिनाम पांडे, बाबूसिंह, रामकुमार अवस्थी, संतोष तिवारी,अटल, वीरु,पंकज तिवारी, अशोक तिवारी, लक्ष्मी नारायण तिवारी, अनिल तिवारी, श्रीराम पांडे, ध्रुव शुक्ल, विष्णू बाबू, अजय मिश्र, पुतान त्रिवेदी रामनरेश शुक्ल, दयाशंकर त्रिपाठी, शिवसागर पुजारी, रघुवर दयाल शुक्ल, सैकड़ों भक्तों ने कथामृत का रसपान किया।

### सत्येंद्र मौर्य उर्फरिंकू को मिली अध्यक्ष पद की कमान

**सीतापुर।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले ग्राम प्रधानों की एक बैठक ब्लॉक सभागार महमूदाबाद में हुई। बैठक में सर्वसम्मति के बाद रामद्वारी द्वितीय के प्रधान सत्येंद्र मौर्य उर्फ रिंकू को अध्यक्ष पद का कार्य भार सौंपा गया। बैठक में 61 ग्राम प्रधानों ने हिस्सा लिया। बता दें कि संगठन के पूर्व अध्यक्ष गणेश वर्मा की ग्राम पंचायत इचौली को नगर पालिका में शामिल किए जाने के बाद उक्त पद रिक्त हो गया था। इसके अलावा जाफरपुर प्रधान बृजेश वर्मा को उपाध्यक्ष, छंगवापुर प्रधान दयाराम को कोषाध्यक्ष, भरहरमऊ प्रधान प्रतिनिधि देवकी नंदन को मीडिया प्रभारी एवं पंचदेवरा चौबे प्रधान बाबा सर्वेश कुमार वर्मा को प्रवक्ता बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गणेश वर्मा, दीपक कुमार, प्रतिनिधि राजेश वर्मा, सुरेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, चेतराम, राम सिंह, प्रदीप वर्मा प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दरियापुर गन्ना क्रय केन्द्र पर नहीं हुई शुरू हुई तौल, 800 किसान परेशान

**सीतापुर।** कमलापुर क्षेत्र के दरियापुर गन्ना क्रय केन्द्र पर तौल गुरूवार को शुरू नहीं हो सकी। तौल शुरू न होने की समस्या से क्षेत्रीय किसानो ने बुधवार को सहकारी गन्ना विकास समित कमलापुर के अन्तर्गत रामगढ चीनीमिल के गन्ना क्रय केन्द्र के संचालन को लेकर किसान दिवस में अध्यक्षता कर रहे डीएम अनुज सिंह को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था। इससे क्षेत्र के करीब 800 गन्ना किसान परेसान है।

## मारूति वैन में लगी आग, युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

संवाददाता बेहजम-खीरी।

नीमगांव कस्बे के बाजार के नजदीक स्थित प्राईमरी कम्पोजिट विद्यालय के पास एक मकान के अन्दर घरेलू गैस अपनी मारूति वैन गाड़ी में रिफिल करने के दौरान अचानक गैस रिसाव से वैन मे आग लग गई। जानकारी के अनुसार बल्लू पुत्र बृजश्याम निवासी नीमगांव अपनी मारूति वैन मे गैस रिफिल कर रहे था इसी दौरान गैस के रिसाव से सिलेण्डर मे अचानक आग लगने से वैन धू धू कर जलने लगी जिससे घर आग की लपटो में घिर गया।आग लगने से पास पड़ोस में कोहराम मच गया वहीं बल्लू के मकान के नजदीक स्थित प्राईमरी कम्पोजिट विद्यालय के बच्चो में भी भगदड मच गई विद्यालय मे एक ही गेट होने से अध्यापको ने बच्चो को बमुश्किल से तालाब होकर बाहर निकाला। अध्यापकों की सूझ बूझ से विद्यालय मे पढ़ रहे बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एक बहुत बडी घटना होते बाल बाल बच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया नीमगांव पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है पर कोई भी घटना में हताहत नहीं हुआ।



## रामलीला मेले में बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिंगाही-खीरी।** रामलीला मेले में बुधवार रात बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। देर रात तक कार्यक्रम चला। तमाम अव्यवस्थाओं में भी बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भीड़ अधिक होने से तमाम बच्चों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिली। नगर के गौरव संजय पंत (आईआरएस) मुख्य आयुक्त केद्रीय उत्पाद, जीएसटी व शीमा शुल्क आंध्र प्रदेश, इंजीनियर धनीराम मौर्य ने नगर पंचायत अध्यक्ष उत्तम मिश्र के साथ बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच बताते हुए कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। इस दौरान कस्बे के रामचरन शाह बाल विद्या मंदिर और सिंगाही पब्लिक स्कूल और गायत्री विद्यालय के स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। रामचरन शाह बाल विद्या मंदिर के बच्चों के सत्यम शिवम सुंदरम गीत को दर्शकों ने खूब सराहा। सिंगाही पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हम काले है तो क्या हुआ दिल वाले गीत सुनाया तो दर्शक भी थिरकने लगे। गायत्री स्कूल के छात्र तेरी मिट्टी में मिल जांवां, गुल बन के मैं खिल जांवां पेश करके वाहवाही बटोरी। इसके अलावा प्राइमरी स्कूल सिंगाही के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार द्वारिका प्रसाद इंटर कॉलेज निघासन, द्वितीय पुरस्कार सिंगाही पब्लिक स्कूल सिंगाही, तृतीय पुरस्कार रामचरण शाह बाल विद्या मंदिर सिंगाही और सांत्वना पुरस्कार सिटी पब्लिक स्कूल सिंगाही के बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर राजेश गुप्ता, सभासद वाजिद हुसैन प्रवीण शाह, अनुराग शुक्ल, विवेक श्रीवास्तव, जगदीश यादव, जय सिंह, इतवारी शाक्य, मसूद खान, आदि मौजूद थे।



## सड़क सुरक्षा यातायात माह के तहत की गई कार्रवाई

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत बिना फिटनेस, तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना बीमा, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर शहर स्थित सैधरीबाईपास, मेदनिया गंज चौराहा, पंडित दीनदयाल चौराहा पर यातायात प्रभारी निर्मलजीत यादव आरक्षी यातायात बीवन राज, पंकज वर्मा, सत्यप्रकाश द्वारा सघन चेकिंग की गई एवं यातायात नियमों के बारे में पंपलेट देकर जानकारी एवं जागरूक किया गया। यातायात नियमों के पालन करने हेतु बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन ना करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं। नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें स्टंट बाइकिंग से बचे हैं। काली फिल्म, मॉडिफाई साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें। गलत दिशा में न चलें। इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि ना खड़ा करें, ट्रैक्टर ट्रॉली, लोडर पिकअप पर यात्रा न करें। साथ ही ट्रैफिक वॉलिंटियर आदर्श वर्मा द्वारा सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज बिशुनपुर एवं शिववती विद्या मंदिर गोपालापुर लखीमपुर खीरी में करीब 400 छात्र-छात्राओं को पंपलेट देकर यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के लिए अपील की गई। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 195 वाहनों का चालान व 02 वाहन सीज किए गए हैं।



## पेज एक का शेष

### आतंकवाद के...

के बारे एक सवाल के जवाब में एनआईए के महानिदेशक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल वित्त पोषण, धन जुटाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे साक्ष्य है कि ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर चर्चा किए जाने की जरूरत है क्योंकि ऐसे मंचों का धन जुटाने के लिए किया जा रहा है जिसका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए हो रहा है। गुप्ता ने कहा कि आतंकी वित्त पोषण महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए, चाहे वह हवाला जैसी आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण का पारंपरिक तरीका हो अथवा बेतार हस्तांतरण या नकद कुरियर की व्यवस्था के जरिए हो। यह तीसरा मंत्री स्तरीय सम्मेलन है। इससे पहले यह सम्मेलन अप्रैल 2018 में पेरिस में और नवंबर 2019 में मेलबर्न में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में दुनिया भर के लगभग 450 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें मंत्री, बहुपक्षीय संगठनों के प्रमुख और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शामिल हैं।

### सीओपी 27...

पर सभी प्रयासों को पूरा करने के महत्व पर बल देता है तथा तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों की बात कहता है।

### ईडी ने...

शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा, एजेंसी को मामले की विस्तृत जांच के बाद ही आरोप लगाना चाहिए। ईडी ने कहा है कि उसने राज्य में अब तक 1,000 करोड़ रुपए के अवैध खनन से संबंधित अपराध का पता लगाया है। सोरेन ने कहा, अगर हम खानों और खनिजों से सालाना राजस्व की गणना करें, तो यह 1000 करोड़ रुपए तक नहीं पहुंचेगा। मैं ईडी कार्यालय जा रहा हूं और यह देखना चाहता हूं कि वे उस आंकड़े पर कैसे पहुंचे। ईडी कार्यालय के आस-पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

### सावरकर ने...

करती है और वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी से सहमत नहीं हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा था कि वह स्वतंत्रता सेनानी के बारे में पूरी तरह झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विनायक सावरकर के माफीनामे की प्रति दिखाई। उन्होंने दावा किया, सावरकर जी ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने अंग्रेजों को चिट्ठी लिखकर कहा- सर, मैं आपका नौकर रहना चाहता हूं। राहुल गांधी ने यह भी कहा, जब सावरकर जी ने माफीनामे पर हस्ताक्षर किए तो उसका कारण डर था। अगर वह डरते नहीं तो वह कभी हस्ताक्षर नहीं करते। इस तरह से उन्होंने महात्मा गांधी और उस वक्त के नेताओं के साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि इस पत्र की (सावरकर के) एक प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को भेजी जानी चाहिए। अगर (भाजपा नेता) देवेंद्र फडणवीस इसे देखना चाहते हैं, तो वह भी इसे देख सकते हैं। शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह स्वतंत्रता सेनानी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी से सहमत नहीं हैं। उनके बेटे एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे पिछले सप्ताह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से संबद्ध लोकसभा सदस्य राहुल शेवाले ने सावरकर पर टिप्पणी को लेकर बुधवार को राहुल गांधी की आलोचना की थी और कहा था कि दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किए जाने की वजह से राज्य में भारत जोड़ो यात्रा को रोका जाना चाहिए। राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत के दौरान राज्य सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह यात्रा को रोकना चाहती है, तो कोशिश करे और रोके। राहुल गांधी के बयानों के खिलाफ बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ठाणे में विरोध प्रदर्शन किया। नागपुर में, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कई कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला जलाया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। नासिक में भी भाजयुमो के कई कार्यकर्ताओं ने गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस बीच भाजपा नेता आशीष शेलार ने सावरकर के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणियों पर उनकी आलोचना करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सावरकर की प्रशंसा किए जाने का हवाला दिया। शेलार ने कहा कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर के बारे में बिना सोचे-समझे बयान दिया है और हम इसकी निंदा करते हैं। हमें हैरानी है कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने इस मुद्दे पर इतना नरम रुख क्यों अपना रखा है और अपनी खुद की विश्वसनीयता समाप्त कर ली है। पुलिस के अनुसार, सावरकर के पौत्र रंजीत सावरकर ने गांधी के खिलाफ स्वतंत्रता सेनानी का कथित तौर पर अपमान करने की शिकायत दर्ज कराई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है और जांच की जा रही है।

### मुस्लिम पक्ष...

पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया ने वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए थे। मुस्लिम पक्ष ने कहा था कि यह मामला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के तहत आता है लिहाजा इस पर सुनवाई न की जाए। गौरतलब है कि सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत के आदेश पर ज्ञानवापी शृंगार गौरी परिसर के वीडियोग्राफी सर्वे में मई में ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने से एक आकृति बरामद हुई थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह शिवलिंग है जबकि मुस्लिम पक्ष ने उसे फव्वारा बताते हुए कहा था कि मुगलकालीन इमारतों में ऐसे फव्वारे मिलना आम बात है। मिली आकृति के आधार पर हिंदू पक्ष ने कहा था कि वह आदि विश्वेश्वर का विग्रह है लिहाजा ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों का प्रवेश बंद किया जाए और उस जगह को हिंदुओं को सौंपा जाए।

### टीटीई ने...

हुई आपसी बहस के बाद सोनू नामक सैनिक को डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से धक्का दे दिया। सोनू चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दाहिनी टांग कट गई। उसे मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जाती है। घटना के बाद कुछ अन्य यात्रियों ने आरोपी टीटी के साथ कथित रूप से मारपीट की। राजकीय रेलवे पुलिस के थाना अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी टीटीई के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### ईडी निदेशक...

थी जिसमें अनुमति दी गई थी कि ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशकों का कार्यकाल दो साल की अनिवार्य अवधि के बाद तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है। बाद में, मिश्रा को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। बृहस्पतिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत कार्य करता है।

### भारत में...

सम्मेलन का आयोजन फोर्थ वेब फाउंडेशन ने यूएनओडीसी और वर्ल्ड फेडरेशन अगेंस्ट ड्रग्स (डब्ल्यूएफएडी) के साथ मिलकर किया था। बैटवेयर ने कहा, मादक पदार्थ के नशे की लत वाले 10 में नौ लोग 18 वर्ष की आयु से पहले ही ड्रग्स लेना शुरू करते हैं। 2021-25 रणनीति में यूएनओडीसी ने युवाओं और बच्चों की ताकत को पहचानने और उनका उपयोग करने को अपनी तीन महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताओं में शामिल किया है। बाल तस्करी, बाल श्रम और अपराधियों द्वारा प्रताड़ना के कारण अकसर बच्चों का मानसिक और शारिरीक स्वास्थ्य कमजोर पड़ जाता है और उनके ड्रग्स या शराब के नशे की आदत लगने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे ज्यादातर मामलों में सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों और अवसरों की कमी के कारण अपराध से जुड़ते हैं।

### महाराष्ट्र के...

गेम खेलने के लिए ज्यादातर समय इस पर बिताने लगे। उन्होंने दावा किया, इसलिए, हमने बंसी ग्राम पंचायत में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह ऐसा फैसला लेने वाली महाराष्ट्र की पहली ग्राम पंचायत बन गई है। उन्होंने कहा कि निर्णय को लागू करने में शुरुआती मुद्दे हो सकते हैं लेकिन इस कदम को सफल बनाने के लिए माता-पिता और बच्चों दोनों को सलाह दी जाएगी। सरपंच ताले ने कहा, परामर्श के बाद भी यदि हम बच्चों को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते देखेंगे तो हम जुर्माना लगाएंगे।

# सबरीमालाः पुलिस को दिए निर्देश पर भाजपा ने केरल सरकार को घेरा

**भाषा।** पतनमथिट्टा (केरल)



**भाजपा** ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों को बांटी गई एक पुस्तिका में श्रद्धालुओं के प्रवेश को लेकर एक दिशानिर्देश दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य वाला है। वहीं सत्तारूढ़ एलडीएफ ने कहा कि अगर कोई चूक हुई है तो निर्देश को वापस लिया जाएगा। राज्य के गृह विभाग द्वारा मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों को बांटी गई पुस्तिका में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के सितंबर 2018 के फैसले के अनुसार सभी श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति है। इस मामले में जब राजनीतिक विवाद शुरू हुआ तो प्रदेश के देवस्वोम मंत्री के. राधाकृष्णन ने सफाई दी कि किताब पहले ही छप गई थी और इसमें गलती से यह दिशानिर्देश आ गया। उन्होंने सबरीमाला में संवाददाताओं से कहा, सरकार का इस मामले में कोई दुर्भावनापूर्ण मकसद नहीं है। हमने सबकुछ अच्छी मंशा के साथ किया है। अगर दिशानिर्देशों में कोई चूक हुई तो उन्हें वापस लेने का निर्देश दिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे और इसे लेकर हुए प्रदर्शनों का प्रत्यक्ष उल्लेख किए बिना कहा कि अगर वाम सरकार की पुस्तिका में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश संबंधी दिशानिर्देश के पीछे कोई विशेष मंशा है तो इसे तत्काल रोकना बेहतर होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अगर यह फैसला सबरीमाला को एक बार फिर युद्ध क्षेत्र बनाने तथा लोगों की आस्था पर निशाना साधने के मकसद से लिया गया है तो हम अतीत की कोई बात नहीं भूले हैं। सरकार उन चीजों से पहले पलट चुकी है। अगर आप फिर से इस तरह के कदम उठा रहे हैं तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे। हम केवल इतना कह सकते हैं। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि सरकार के लिए इस तरह के कदमों को वापस लेना ही ठीक होगा। सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर वार्षिक मंडलम मकरविलक्कू तीर्थयात्रा की पूर्वसंध्या पर बुधवार को खुल गया।

### विवाद उठने के बाद वापस ली गयी पुलिस पुस्तिका

**पतनमथिट्टा (केरल)।** सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों को केरल के गृह विभाग द्वारा बांटी गई एक पुस्तिका को बृहस्पतिवार को विवाद उठने के बाद राज्य सरकार ने वापस ले लिया। पुस्तिका में मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश को लेकर सरकार के एक निर्देश पर विवाद उठा था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि दिशा निर्देश कथित रूप से दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य वाला है। वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत के सिलसिले में सबरीमाला पहुंचे राज्य के देवस्वोम मंत्री के. राधाकृष्णन ने कहा कि आरोपों के मद्देनजर पुस्तिका में किसी तरह की चूक पाए जाने पर उसे वापस लेने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि किताब पहले ही छप गई थी और इसमें गलती से यह दिशानिर्देश आ गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, सरकार का इस मामले में कोई दुर्भावनापूर्ण मकसद नहीं है। हमने सबकुछ अच्छी मंशा के साथ किया है। अगर दिशानिर्देशों में कोई चूक हुई तो उन्हें वापस लेने का निर्देश दिया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एम आर अजीत कुमार ने भी कहा कि गलतियों में सुधार के बाद जल्द निर्देश-पुस्तिका पुलिस कर्मियों को वितरित की जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, समझा जाता है कि पुरानी पुस्तिका को कॉपी कर उसी तरह छाप दिया गया। इसलिए गलती हुई। इसके अलावा, कुछ अन्य त्रुटियां भी हमारे संज्ञान में आईं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने इसे वापस लेने और नई पुस्तिका जारी करने का निर्देश दिया। पुस्तिका में आम दिशानिर्देश में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के सितंबर 2018 के फैसले के अनुसार सभी श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति है।



थाणे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ता सावरकर पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रदर्शन करते हुए।

## कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध करने पर विचार करने को न्यायालय सहमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय गुरुवार को शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ एक याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमत हो गया। कॉलेजियम प्रणाली न्यायाधीशों द्वारा ही न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रथा है। वकील मैथ्यूज जे. नेदुमपारा ने याचिका की त्वरित सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया था। उन्होंने शीर्ष अदालत के 2015 के फैसले का हवाला दिया, जिसने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम और संविधान (99वां संशोधन) अधिनियम, 2014 को रद्द कर दिया था, जिसके बाद कॉलेजियम प्रणाली फिर से प्रभावी हो गई थी। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ ने वकील को आश्वासन दिया कि वह याचिका पर विचार करने के बाद उनके अनुरोध पर विचार करेगी। याचिका में कहा गया है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली के परिणामस्वरूप हजारों पात्र, मेधावी और योग्य वकीलों को समान अवसर से वंचित कर दिया गया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले महीने कहा था कि देश के लोग कॉलेजियम प्रणाली से खुश नहीं हैं और संविधान की भावना के अनुसार न्यायाधीशों की नियुक्ति करना सरकार का काम है। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू. यू. ललित ने हालांकि 13 नवंबर को कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा था, कॉलेजियम प्रणाली यहां मौजूद रहेगी और यह एक स्थापित मानदंड है, जहां न्यायाधीश ही न्यायाधीश को चुनते हैं।

## राजीव हत्याकांडः दोषियों की समय-पूर्व रिहाई के आदेश की समीक्षा के लिए केंद्र पहुंचा न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस की** आलोचना का सामना कर रही केंद्र सरकार ने राजीव गांधी हत्याकांड के छह दोषियों की समय-पूर्व रिहाई के आदेश पर पुनर्विचार के लिए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। केंद्र ने कहा कि वह इस मामले में एक आवश्यक पक्षकार रहा है, लेकिन उसकी दलीलें सुने बिना ही पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारों को रिहा करने का आदेश पारित किया गया। सरकार ने कथित प्रक्रियात्मक चूक को उजागर करते हुए कहा कि समय-पूर्व रिहाई की मांग करने वाले दोषियों ने औपचारिक रूप से केंद्र को एक पक्षकार के तौर पर शामिल नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप मामले में उसकी गैर-भागीदारी हुई। शीर्ष अदालत ने 11 नवंबर को नलिनी श्रीहरन सहित छह दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आदेश दिया था।

## फैसला सुनाने के बाद अतिरिक्त आरोपियों को तलब करने के मुद्दे पर न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इस मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या आपराधिक मामले में कुछ आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाने के बाद भी निचली अदालत को अतिरिक्त आरोपियों को तलब करने का अधिकार है। न्यायमूर्ति एस. ए. नज़ीर की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ ने संदर्भ के सवालों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू, न्याय मित्र एस. नगामुथू और अन्य की दलीलें सुनीं। संविधान पीठ ने कहा, दलीलें सुनीं, फैसला सुरक्षित। पीठ में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने 2019 में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 319 (अपराध के दोषी प्रतीत होने वाले अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की शक्ति) के दायरे और क्षेत्र पर कानून के तीन प्रश्न तैयार किए थे तथा इस मामले को निर्णय के लिए एक बड़ी पीठ को भेज दिया था। पीठ की ओर से संदर्भित मुद्दों में यह शामिल है कि क्या निचली अदालत के पास सीआरपीसी की धारा 319 के तहत अतिरिक्त अभियुक्तों को तलब करने की शक्ति है, यदि अन्य सह-अभियुक्तों से संबंधित मुकदमे का फैसला आ गया हो और तलब किए जाने की घोषणा से पहले उसी तारीख को दोषसिद्धि का फैसला सुनाया गया हो।

शीर्ष अदालत ने इस मामले को एक बड़ी पीठ के पास भेजते हुए कहा था कि उसका मानना है कि सीआरपीसी की धारा 319 के तहत प्राप्त शक्ति असाधारण प्रकृति की है और निचली अदालतों को जटिलताओं से बचने तथा निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आरोपियों को तलब करते समय सतर्क रहना चाहिए। शीर्ष अदालत का फैसला पंजाब विधानसभा में विपक्ष के तत्कालीन नेता सुखपाल सिंह खैरा द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए आया था, जिसमें सीमा पार से नशीली दवाओं की तस्करी से संबंधित 2015 के एक मामले में समन रद्द करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। फाजिल्का की एक अदालत ने मामले में खैरा को पेश होने के लिए समन जारी किया था। खैरा के मामले में जब मादक पदार्थ मामले में 10 अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा चल रहा था, तब अभियोजन पक्ष ने उनके सहित पांच अतिरिक्त अभियुक्तों को समन करने के लिए आवेदन दायर किया था। शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2017 में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

## क्विक न्यूज

### बिहार के उद्योग मंत्री के रिश्तेदार के आवास पर आयकर विभाग ने छापा मारा

**पटना।** आयकर (आईटी) विभाग के अधिकारियो ने बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के एक रिश्तेदार के पटना स्थित परिसर और राज्य के कुछ अन्य स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। आयकर अधिकारी महासेठ के रिश्तेदार के खिलाफ कथित कर चोरी के मामले की जांच के सिलसिले में पटना स्थित मंत्री के आवास भी गए। मधुबनी से राजद विधायक समीर महासेठ ने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, आयकर अधिकारी मेरे दूर के रिश्तेदार जितेंद्र जी के खिलाफ जांच के सिलसिले में आज पटना में मेरे घर आए थे। मुझे पता चला है कि आयकर अधिकारी पहले से ही पटना और अन्य जगहो पर मेरे रिश्तेदार से जुड़े परिसरों पर तलाशी ले रहे हैं। महासेठ ने कहा, "मैं आपको एक बात स्पष्ट रूप से बता दूं कि यह मामला न तो मुझसे संबंधित है और न ही मेरे परिसर की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आयकर अधिकारी उनके आवास पर आए और उन्होंने उनके रिश्तेदार के बारे में पूछताछ की। महासेठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट मे मंत्री है। वे मधुबनी सीट से दूसरी बार बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गए है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने समीर महासेठ के रिश्तेदार के खिलाफ आयकर विभाग की कार्वाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, नीतीश कुमार सरकार के लगभग सभी मंत्री भ्रष्ट गतिविधियों मे लिप्त है।

### सियासी पिच पर नो बॉल की बेवकूफी पार्टियों को मैदान से बाहर कर देती है: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि "सियासी पिच पर नो बॉल की बेवकूफ़ी और हिट विकेट की बदहवासी मैदान से बाहर कर देती है। नकवी के कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्होंने रामपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना के नामांकन पर आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विपक्षी दलो को आड़ेहाथो लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमें यह याद रखना चाहिए कि जनादेश का सम्मान, समावेशी सशक्तिकरण का संकल्प ही हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य और धर्म है। समाज के आखिरी छोर के व्यक्ति का विकास हमारा लक्ष्य है। विपक्षी दलो का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि सियासी पिच पर नो बॉल की बेवकूफ़ी और हिट विकेट की बदहवासी मैदान से बाहर कर देती है। नकवी के अनुसार, सुशासन मोदी सरकार और योगी सरकार की यूएसपी है और सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण हॉलमार्क है। उन्होंन कहा कि छद्म धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण के राजनीतिक छलै को भाजपा ने समावेशी विकास के बलै से ध्वस्त किया है जिससै 3बी ब्रदरहुडै (बलवाई-बाहुबली-बकैत) बौखलाया हुआ है।

### असम पुलिस ने नवगठित उग्रवादी समूह का खात्मा किया

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने हाल ही में गठित उग्रवादी समूह आदिवासी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (एपीएलए) का खात्मा कर दिया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को समूह के नौ सदस्यो को गोलाघाट और कार्बी आंगलोग जिलो से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार आदि बरामद किए गए थे। पुलिस के विशेष महानिदेशक जी. पी. सिंह ने ट्वीट किया, असम पुलिस ने नवगठित उग्रवादी समूह एपीएलए का चार दिन से भी कम समय मे गोलाघाट और कार्बी आंगलोग जिलो से खात्मा कर दिया है। नौ सदस्यो को गिरफ्तार किया गया है और हथियार जब्त किए गए हैं। उन्होंने लिखा है, हम हिंसा और हिंसा फैलाने और करने वाले समूहो को कतई बर्दाश्त नही करेंगे। अधिकारी ने कहा, हमें इसकी जानकारी नही है कि इस (उग्रवादी) समूह का गठन कब हुआ, लेकिन हम यह पक्का बता सकते है कि यह हाल ही में हुआ है। उन्होंने कहा, ए उन आदिवासी उग्रवादी समूहो के सदस्य हैं जो फिलहाल सरकार के साथ शांति वार्ता कर रहे है। ए लोग फिर से एकत्र होकर नया समूह बनाने का प्रयास कर रहे थे।

### चाईबासा में 10 हाथी दांत बरामद, पांच गिरफ्तार

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में वन विभाग एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बुधवार को 10 हाथी दांत बरामद किए गए और इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। चाईबासा के मंडलीय वन अधिकारी (डीएफओ) सत्यम कुमार ने बताया कि वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने यहां बड़े पैमाने पर हाथी दांत की खरीद एवं बिक्री होने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि इसी सूचना के आधार पर चाईबासा वन विभाग के अधिकारियों और जिला पुलिस ने कुम्हार टोली इलाके में छापा मारकर 10 हाथी दांत बरामद किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। वन विभाग ने एक बयान में बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग बिहार, ओडिशा और झारखंड से हैं। बयान में बताया गया कि पांचों आरोपी अवैध हाथीदांत व्यापार में शामिल किसी अंतरराज्ईय गिरोह के सदस्य प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि बरामद हाथी दांत का बाजार में मूल्य लाखो रुपए है।

## निर्वाचन आयोग स्वतंत्र संस्था, सरकार किसी को भी उसकी धुन पर नाचने के लिए नहीं कहती

**भाषा।** श्रीनगर



**केंद्रीय कानून** मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र संस्था है और सरकार जहां सुचारू कामकाज के लिए निर्वाचन आयोग को मदद मुहैया कराती है, वहीं वह किसी को भी अपनी धुन पर नृत्य नहीं करवाती। मंत्री ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पत्रकारों से यह भी कहा कि मीडिया जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनावों के परिणामस्वरूप जम्मू कश्मीर में हुए विकास के बारे में नहीं बल्कि केवल विधानसभा चुनावों के बारे में बात करता है।

अनुच्छेद 370 को निरस्त कर जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के एक साल बाद 2020 में जम्मू कश्मीर में डीडीसी के चुनाव हुए थे। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देशों पर काम कर रहा है। आरोपों के बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने कहा कि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र है। उन्होंने कहा, प्रशासनिक मंत्री प्रभारी होने के नाते (भारत का निर्वाचन आयोग कानून मंत्रालय को रिपोर्ट करता है) मैं कहना चाहता हूं कि निर्वाचन आयोग एक निष्पक्ष, पारदर्शी, सशक्त और स्वतंत्र संस्था है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग में सरकार की भूमिका इसके सुचारू संचालन की व्यवस्था करने तक सीमित है। रीजीजू ने कहा, सरकार निर्वाचन आयोग को सहायता प्रदान करती है क्योंकि बिना सरकारी सहायता के न तो अदालतों का संचालन हो सकता है, न ही किसी अन्य संस्था का। यह व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है कि ए संस्थाएं कार्य कर सकें लेकिन हम किसी को अपनी धुन पर नहीं नचाते। यह पूछे जाने पर कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कब होंगे, रीजीजू ने कहा कि वे सही समय पर होंगे। उन्होंने कहा, डीडीसी के चुनाव शानदार तरीके से हुए और उन चुनावों के कारण बहुत अच्छा काम हो रहा है। आप विकास के बारे में नहीं लिखेंगे, आप केवल चुनावों के बारे में बात करेंगे।

## माओवादियों, इस्लामी कट्टरपंथियों ने हिन्दुत्व, भारत के खिलाफ तंत्र खड़ा किया : आरएसएस

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि माओवादियों, सांस्कृतिक मार्क्सवादियों, इस्लामिक कट्टरपंथियों, वैश्विक पूंजीवादियों ने अपने विचार थोपने के लिए हिन्दुत्व और भारत के खिलाफ तंत्र खड़ा किया है। कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्णायक नेतृत्व ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की है लेकिन इस्लामिक कट्टरपंथियों एवं वामपंथियों द्वारा प्रायोजित प्रचार संवाद का मुकाबला किए जाने की जरूरत है क्योंकि यह भारत आधारित शिक्षा व्यवस्था को चुनौती देता है। आरएसएस के सह सरकार्यवाह ने भारत में शिक्षा प्रणाली विषय पर तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के विचारों को लोग स्वीकार करते हैं लेकिन माओवादियों, सांस्कृतिक मार्क्सवादियों, इस्लामिक कट्टरपंथियों, वैश्विक पूंजीवादियों ने हिन्दुत्व और भारत के खिलाफ एक तंत्र खड़ा किया ताकि वे अपने विचार थोप सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे में इसका मुकाबला किए जाने की जरूरत है, खासकर शैक्षणिक संस्थानों में यह जरूरी है क्योंकि यह शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करता है। कुमार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की और कहा कि यह भारत केंद्रित है जिसमें भारतीय मूल्यों एवं संस्कृति का सार है।

### मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे, विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे

**जबलपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। यहां वह संघ के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आरएसएस प्रमुख का यह दौरा महत्वपूर्ण है क्योंकि संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के लिए केवल दो वर्ष शेष हैं। संघ के महाकौशल प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रशांत वाजपेई ने कहा कि संगठन की शताब्दी को भव्य तरीके से मनाने की योजना है। शुक्रवार को आरएसएस प्रमुख संघ के महाकौशल प्रांत के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वाजपेई ने कहा, अगले दिन (शनिवार) भागवत राष्ट्र निर्माण, ग्राम विकास, कृषि, श्रमिक कल्याण, पर्यावरण और जीवन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी विषय पर बोलेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रविवार को भागवत आरएसएस के स्वयंसेवकों के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे और देश के विकास में परिवार की भूमिका पर बात करेंगे।

## लुधियाना से 20 किग्रा हेरोइन जब्त की, अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के लुधियाना में मादक पदार्थ के एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है जिसके सीमापार से संबंध हैं। गिरोह के पास से 20 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है तथा एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि एनसीबी की चंडीगढ़ इकाई ने हेरोइन के अलावा, 5.86 लाख रुपए नकद, 2,850 रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा (दिरहम), दो कारतूस, 20 मंहगी घड़ियां और 250 ग्राम वज़न के चांदी के सिक्के, 17 ग्राम अफीम, दो लैपटॉप, पांच पेन ड्राइव, सात सिम कार्ड, पांच मोबाइल फोन और कुछ दस्तावेज़ जब्त किए हैं। एनसीबी के उपनिदेशक (चंडीगढ़) ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा, सावधानीपूर्वक अभियान चलाकर हमने एक अहम व्यक्ति को पकड़ा और 20 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की।

उन्होंने कहा कि इस जब्ती के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पता चला है जिसका संबंध सीमा पार और जम्मू कश्मीर तथा पंजाब से हैं। उन्होंने कहा, हम इस गिरोह के बारे में और जानकारी हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। सिंह ने बताया कि दो और आरोपियों की पहचान हुई है और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति लुधियाना का रहने वाला है और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशीला पदार्थ लुधियाना में प्राप्त किया गया था जिसका आगे वितरण करना था। सिंह ने बताया कि सीमा पार बैठे नशा तस्कर पंजाब के आपराधिक नेटवर्क का इस्तेमाल मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए कर रहे हैं।

## प्रवर्तन निदेशालय ने जेल में टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल से पूछताछ की

**कोलकाता।** पशु तस्करी घोटाले के धन शोधन पहलू की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को आसनसोल सुधार गृह में बंद बीरभूम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अनुव्रत मंडल से पूछताछ की। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने मंडल से सुधार गृह में पूछताछ के लिए इजाजत मांगी थी। इससे पहले मंडल की बेटी सुकन्या ने पूछताछ के दौरान एजेंसी के अधिकारियों को बार-बार बताया था कि उसके पिता को ही उन वित्तीय खातों व लेन-देन की जानकारी है जिसके बारे में ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय पहले ही दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में सुकन्या मंडल से पूछताछ कर चुका है। टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने अगस्त में पशु तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था और मामले में एजेंसी द्वारा दायर आरोपपत्र में भी उनका नाम था।

## तीन मुख्यमंत्री, छह केंद्रीय मंत्री आज से भाजपा के प्रचार की शुरुआत करेंगे

**भाषा।** अहमदाबाद/नई दिल्ली

### गुजरात चुनाव

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) गुजरात विधानसभा चुनाव में उन 89 में से 82 सीटों पर शुक्रवार से धुआंधार प्रचार करेगी जहां पहले चरण में मतदान होना है। प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने कहा कि तीन राज्यों के मुख्यमंत्री, छह केंद्रीय मंत्री और छह अन्य राष्ट्रीय नेता एक ही दिन में 46 विधानसभा सीटों को कवर करेंगे, जबकि राज्य के नेता 36 सीटों पर प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहले चरण के लिए पार्टी के प्रचार की शुरुआत करेगा। पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख बृहस्पतिवार को थी। पाटिल ने कहा कि परंपरा के मुताबिक, भाजपा 89 में से 82 सीटों पर धुआंधार कार्यक्रम करेगी। इसी कड़ी में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा नवसारी, अंकलेश्वर और राजकोट पूर्व में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नरेन्द्र सिंह तोमर और अनुराग ठाकुर क्रमशः तीन और चार-चार रैलियों को संबोधित करेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के उनके समकक्ष शिवराज सिंह चौहान भी तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री वी के सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भी चुनावी राज्य में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करेंगे। इनके अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल भी उन राष्ट्रीय नेताओं की सूची में हैं, जो शुक्रवार को चुनाव प्रचार करेंगे।



अहमदाबाद में गुजरात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वोटरों को जागरूक करने के लिए रंगोली बनातीं छात्राएं।

पाटिल ने कहा, राष्ट्रीय नेताओं के अलावा, गुजरात के मुख्यमंत्री (भूपेंद्र पटेल), पूर्व मुख्यमंत्री (विजय रूपाणी), पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व विधायक जो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, पूर्व मंत्री और गुजरात के संसद सदस्य प्रचार में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि 83 विधानसभा सीटों पर जनसभाओं को संबोधित करने के बाद नेता डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की उपलब्धियों का संदेश फैलाने के लिए शुक्रवार से तीन दिन तक घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। गुजरात में दो चरणों में एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान होगा और मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पहले चरण में सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात के इलाकों में मतदान होगा। दूसरे चरण में उत्तर गुजरात और मध्य गुजरात की 93 सीटों पर मतदान होगा। भाजपा 1995 से लगातार छह विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर चुकी है। पार्टी इस राज्य में जीत के सिलसिले को बनाए रखना चाहती है। आम तौर पर गुजरात में मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता आया है लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंककर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

# रूस ने यूक्रेन में नए सिरे से हवाई हमले किए

**● संयुक्त राष्ट्र ने अनाज समझौते के विस्तार की घोषणा की**



भाषा। कीव

**रूसी हवाई** हमलों ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन को और अधिक नुकसान पहुंचाया, जिनमें एक बैराज के तबाह होने से ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, अपार्टमेंट की इमारतों और एक औद्योगिक स्थल को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने कहा कि देशभर में ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यूक्रेन से अनाज, खाद्य सामग्री और उर्वरक का काला सागर के रास्ते निर्यात करने के चार महीने पुराने समझौते के समाप्त होने से कुछ दिन पहले इसके विस्तार की घोषणा की। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र खाद्य सामग्री और उर्वरक के निर्यात में अड़चन डालने वाले अवरोधकों को हटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस्तांबुल में हुए समझौते का उद्देश्य खाद्य सामग्री तथा खाद के दाम कम करना और वैश्विक खाद्य संकट से बचना है। कीव में शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि हवाई बलों ने कम से कम दो क्रूज मिसाइलों तथा पांच ईरान-निर्मित ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन में रूसी मिसाइलों ने पिछले कई हफ्तों में बृहस्पतिवार को पहली बार देश के दक्षिण ओडेसा क्षेत्र और निप्रो शहर को निशाना बनाया। ओडेसा के गवर्नर मैक्सिम मार्शेन्को ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडेसा और निप्रो में मिसाइल दागे जाने के बाद रूस द्वारा यूक्रेन में एक बार फिर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए जाने की आशंकाओं के मद्देनजर पूरे देश में हवाई हमलों के प्रति सचेत करने वाले सायरन बजने लगे। मार्शेन्को ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर बताया कि रूस ने एक बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमला किया। उन्होंने आगाह किया कि रूस द्वारा यूक्रेन के पूरे क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए जाने का खतरा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको के मुताबिक, निप्रो में भी कई जगहों पर हमले की सूचना मिली है, जहां दो बुनियादी ढांचों को निशाना गया और कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया। कीव के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने कहा कि मध्य कीव क्षेत्र में वायु रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। वहीं, यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों में गोलाबारी की खबरों और देश में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमलों की आशंका के बीच पोलतावा, खार्कीवस, खमेल्नित्स्की और रिव्ने क्षेत्र के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बम रोधी आश्रयों में रहने की अपील की। रूस ने इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन में कई मिसाइलें दागी थीं। उसने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था। बताया जा रहा है कि रूसी हमलों के दौरान एक मिसाइल पोलैंड की सीमा में भी जा गिरी थी और उसकी चपेट में आने से कई लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, रूस ने पोलैंड में मिसाइल हमला करने के आरोपों को खारिज किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने बृहस्पतिवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले को हारे हुए कायर लोगों की बचकानी रणनीति बताया। उन्होंने लोगों से हवाई हमलों के सायरन को नजरअंदाज नहीं करने की अपील करते हुए कहा, यूक्रेन पहले ही दुश्मन के बेहद कठोर हमलों का डटकर सामना कर चुका है। इन हमलों के ऐसे नतीजे नहीं निकले, जिनकी रूस के कायरों को उम्मीद थी।

## मालदीव के गैराज में आग लगने की घटना में मारे गए आठ भारतीयों के शव भारत भेजे गए

**माले (भाषा)।** मालदीव की राजधानी माले में पिछले सप्ताह एक गैराज में आग लगने की घटना में मारे गए आठ भारतीयों के शव भारत भेजे गए हैं। भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। माले में मावियो मस्जिद के पास एम. निरूफेफी स्थित एक गैराज में 10 नवंबर को आग लग गई थी। इस हादसे में आठ भारतीयों समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। गैराज भूतल पर था और प्रवासी मजदूर पहली मंजिल पर रहते थे। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले सभी आठ भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीरों को भारत भेजा दिया गया है। हम इस संबंध में मदद करने के लिए मालदीव के अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। उच्चायोग ने भारतीयों की पहचान और अन्य जानकारी नहीं दी। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स ने बताया कि इमारत में बांग्लादेश, भारत और श्रीलंका के 38 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने आग की घटना के जांच के आदेश दिए हैं।

## इमरान खान के विदेशी साजिश के दावे में कोई सच्चाई नहीं : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन/इस्लामाबाद

**अमेरिका ने** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिराने की साजिश रचने के आरोपों से एक बार फिर इनकार किया है। अमेरिका ने अपने इस संकल्प को दोहराया है कि वह दुष्प्रचार की वजह से द्विपक्षीय रिश्तों को प्रभावित नहीं होने देगा। खान ने कुछ दिन पहले कहा था कि अगर पाकिस्तान में उन्हें फिर से चुना जाता है तो वह अमेरिका के साथ रिश्तों में सुधार करना चाहेंगे और प्रधानमंत्री के पद से उन्हें हटाने के लिए अब अमेरिका को जिम्मेदार नहीं बताएंगे। इसके बाद अमेरिका की यह टिप्पणी आई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा, जैसा हमने पहले कहा है कि इन आरोपों में न कोई सच्चाई थी, न है और न रहेगी, लेकिन मेरे पास इससे ज्यादा कुछ कहने को नहीं है। वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख के कथित साजिश के दावे पर यू टर्न को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। खान (70) की सरकार के खिलाफ इस साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। वह प्रस्ताव हार गए थे जिसके बाद उनकी सरकार गिर गई थी। वह यह दावा करते आ रहे हैं कि यह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) नेता (और मौजूदा प्रधानमंत्री) शहबाज़ शरीफ और अमेरिका के बीच रची गई साजिश का नतीजा था। अमेरिका पाकिस्तान का शीर्ष सुरक्षा साझेदार है और उसने मुल्क को सैन्य सहायता के नाम पर अरबों डॉलर दिए हैं। इस महीने के शुरू में हुए हमले के बाद ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स को दिए साक्षात्कार में खान ने कहा कि वह अब अमेरिका को दोष नहीं देंगे और अगर दोबारा चुने जाते हैं तो गरिमापूर्ण रिश्ते चाहेंगे। खान पर तीन नवंबर को हमला किया गया था जिसमें वह जख्मी हो गए थे। खान बार-बार दावा करते रहे हैं कि अमेरिकी विदेश विभाग में दक्षिण एशिया से संबंधित मामले देखने वाले शीर्ष अधिकारी डोनाल्ड लू उनकी सरकार को गिराने वाली कथित विदेशी साजिश में शामिल थे।

## राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने की ट्रंप की घोषणा के बाद भी उनका फेसबुक खाता बहाल नहीं

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से इस शीर्ष पद की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, लेकिन वह अब भी फेसबुक का इस्तेमाल नहीं कर सकते। फेसबुक ने बुधवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि ट्रंप की व्हाइट हाउस में दूसरे कार्यकाल के लिए प्रयास करने की घोषणा के बाद भी सोशल मीडिया मंच की उनके खाते को तत्काल बहाल करने की कोई योजना नहीं है। फेसबुक ने अमेरिकी संसद भवन पर 6 जनवरी, 2021 को हुए हमले के बाद ट्रंप के खाते को बंद कर दिया था। हालांकि, उन्हें इस वेबसाइट पर लौटने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। फेसबुक से उनके निलंबन पर इसके लागू होने के दो साल बाद जनवरी में विचार किया जा सकता है। एक तत्काल बदलाव तो यह होगा कि उम्मीदवार के रूप में ट्रंप अब फेसबुक तथ्य जांच (फैक्ट चैक) के दायरे में नहीं रहेंगे। निर्वाचित अधिकारियों और उम्मीदवारों की टिप्पणियों की तथ्यात्मकता की जांच नहीं की जाती। राष्ट्रपति के रूप में अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया उपयोग से प्रमुख सोशल मीडिया मंचों के लिए बड़ी चुनौती पेश की, जो जनता के लिए अपने चुने हुए नेताओं की बातों को सुनने की जरूरत और गलत सूचना, उत्पीड़न तथा हिंसा के उकसावे के बारे में चिंताओं के बीच संतुलन की कोशिश करते रहे हैं। पिछले साल छह जनवरी की हिंसा के बाद ट्रंप के स्नैपचैट, ट्विटर और इंस्टाग्राम के उपयोग पर भी रोक लगा दी गई। ट्रंप के उनके यूट्यूब चैनल पर वीडियो डालने पर भी रोक लगा दी गई। यूट्यूब प्रवक्ता इवी चोई ने बुधवार को कहा कि कंपनी की निलंबन वापस लेने की कोई योजना नहीं है।

## प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत

**● बाइडन की कई योजनाओं में आ सकती है अड़चन**

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी ने बुधवार को 435 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में मामूली बढ़त के साथ बहुमत हासिल कर लिया। इस बदलाव के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बाकी बचे दो साल के कार्यकाल में उनकी योजनाओं के क्रियान्वयन में अड़चनें आने की आशंका है। डेमोक्रेटिक पार्टी की 211 सीटों के मुकाबले रिपब्लिकन पार्टी के पास अब 218 सीटें हैं। छह सीटों पर गणना अब भी जारी है। इनके परिणाम आने पर ही अंतिम स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मतदान आठ नवंबर को हुआ था। रिपब्लिकन पार्टी को मध्यावधि चुनाव के बाद दोनों सदन में बहुमत हासिल करने की उम्मीद थी, लेकिन वह अपनी उम्मीदों के मुताबिक नतीजे हासिल नहीं कर पाई। हालांकि कैलिफोर्निया के 27वें जिले में जीत दर्ज कर उसने प्रतनिधि सभा में



बुधवार को बहुमत हासिल कर लिया। रिपब्लिकन पार्टी ने एक दिन पहले ही केविन मैक्कार्थी को सदन में अपना नेता चुना था। मैक्कार्थी डेमोक्रेटिक पार्टी की नैन्सी पेलोसी की जगह प्रतिनिधि सभा के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। मैक्कार्थी ने कहा, अमेरिकी लोग नई दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हैं और प्रतिनिधि सभा इसके लिए काम करने को तैयार है। सीनेट में बहुमत अब भी डेमोक्रेटिक पार्टी के पास है। 100 सदस्यीय सीनेट में उसके पास 50 सीटें हैं और अगले महीने जॉर्जिया के रन ऑफ मुकाबले में भी उसके जीत दर्ज करने के आसार हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (76) के तीसरी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की घोषणा करने के एक दिन बाद पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं सदन में बहुमत हासिल करने पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता मैक्कार्थी को बधाई देता हूं। मैं कामकाजी परिवारों के लिए प्रतिनिधि सभा के साथ मिलकर काम करने को तैयार हूं। बाइडन (79) ने एक बयान में कहा, पिछले सप्ताह हुए चुनाव ने अमेरिकी लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है।

## इराक के बगदाद हवाई अड्डे पर दूसरी बार आग लगी

**बगदाद (एपी)।** इराक के बगदाद हवाई अड्डे पर 48 घंटे के अंदर बृहस्पतिवार को दूसरी बार आग लग गई, जिसके बाद इराकी अधिकारियों ने जांच शुरू करने के आदेश दिए। इराकी सेना के एक बयान के अनुसार आग हवाई अड्डे के वीआईपी हॉल के प्रथम तल पर तड़के लगी और कुछ सामान को नुकसान हुआ है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। बयान के अनुसार काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि LIG फ्लैट संख्या-20, ब्लॉक-W, सैक्टर-12 नोएडा जिसकी मूल आंवटी कु० पुष्पा वती दबला पुत्री श्री जय नरैन निवासी इस्पलेन्ड रोड दिल्ली, जिनके द्वारा श्री कैलाश चन्द गुप्ता पुत्र श्री राधे श्याम गुप्ता के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी जो उप निबन्धक कार्यालय-4 दिल्ली-53 में दिनांक 20-05-1992 में पंजीकृत है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त LIG फ्लैट संख्या-20, ब्लॉक-W, सैक्टर-12 नोएडा का अंतरण (Transfer) जीपीए के आधार पर श्री राकेश गर्ग पुत्र श्री कैलाश निवासी 25, सेक्टर-12, दुकान नं० 15, नोएडा गौमतबुद्ध नगर उ०प्र० के पक्ष में अंतरण होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा विकास प्राधिकरण के आवासीय विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

राकेश गर्ग

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SHWETA VATTA, CS Comm No.1338/21 | Vehicle No. DL10CM9837, Make and Model- TATA MOTORS LTDNEXON, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS SANCHIT., CS(Comm)-785/2019 | Vehicle No. UP14GT1840, Make and Model- CELERIO, Manu Year- 2017 |

**Auction Date: November 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho
**https://auctions.cardekho.com**
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS BHARAT SOMASTAMB, RC/312/2014 IN OA/308/2013 | Vehicle No. HR51Y0945, Make and Model- DIAMLER CHRYSLER INDIA PVT LTDBENZ, Manu Year -2006.Reserve Price: Rs.1,80,000/-, EMD Amount: Rs.18,000/- |
| ICICI BANK LTD VS RAJNI., CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No. DL8CAR9164, Make and Model- BMW, Manu Year -2017. Reserve Price: Rs.24,50,000/-, EMD Amount: Rs.2,45,000/- |
| ICICI BANK LTD VS Somesh Tiwari, CS SCJ 2172/18 | Vehicle No. UP16BP5309, Make and Model- Honda Activa/4G, Manu Year- 2017 |

**Date and Time of Online Auction: Dec 05, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho
**https://auctions.cardekho.com**
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
The online auction will be conducted on website (URL Link- https://auctions.cardekho.com) of our auction agency Car Dekho.The Prospective Bidder(s) must submit the DD/PO of EMD Amount (wherein applicable), self attested PAN card and self attested cop of address proof alongwith mobile no and email id at **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005 on or before 03-Dec-22.Earnest Money Deposit DD/PO should be from a Nationalised/Scheduled Bank in favour of "ICICI Bank Limited" payable at Delhi.**
Successfully bidder shall have to deposit sale amount(Excluding EMD amount) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount (wherein applicable) will be forfeited.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

## मनोरंजन उद्योग सामग्री का स्व-नियमन करे

भाषा। नई दिल्ली



**मनोरंजन** उद्योग को टेलीविजन और ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की सामग्री का स्व-नियमन करने की जरूरत है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ कार्यक्रमों की सामग्री भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य में स्वीकार्य मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत, भारतीय परिवारों और संस्कृति को दर्शाते समय कुछ हद तक स्व-नियमन और कुछ स्तर की शालीनता होनी चाहिए। उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम बिग पिक्चर समिट में कहा, मेरा मानना है कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग के भीतर किसी न किसी रूप में स्व-नियमन की जरूरत है। एक ओर, हम अपनी संस्कृति, समृद्ध परंपरा, अपनी विरासत, पारिवारिक मूल्य प्रणालियों की बात करते हैं और दूसरी ओर हम टेलीविजन तथा ओटीटी मंच पर जो देखते हैं, वह निश्चित रूप से भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य के भीतर स्वीकार्य मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या कोई भारतीय परिवार उस तरह की भाषा का इस्तेमाल करता है, जैसा कभी-कभी कुछ ओटीटी शो में दिखाया जाता है। गोयल ने कहा, मुझे नहीं पता कि इससे आपके उत्पाद की बिक्री में मदद मिलती है या नहीं। मुझे लगता है कि फायदा नहीं मिलता। हमें आधुनिक सामग्री का स्वागत करना चाहिए... साथ ही मुझे लगता है कि भारत, भारतीय परिवारों और संस्कृति को दर्शाते समय कुछ हद तक स्व-नियमन और कुछ स्तर की शालीनता होनी चाहिए। उद्योग का नेतृत्व करने वालों को इस संबंध में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ सामग्री को फिल्म में स्वीकार नहीं किया जाता है, तो फिर वह ओटीटी मंच पर क्यों स्वीकार्य होगा। गोयल ने आगे कहा, अगर आप स्व-नियमन नहीं करते हैं, तो समाज से एक प्रतिक्रिया आएगी और तब सरकार को इसका नियमन करना होगा। उन्होंने सलाह दी कि किसी सामग्री के संदेश को भारतीय वास्तविकता से अलग नहीं किया जाना चाहिए।

## भारत, खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत 24 नवंबर से होगी शुरू

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने की खातिर मुक्त व्यापार समझौते पर 24 नवंबर को वार्ता की शुरुआत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का संघ है। एक अधिकारी ने बताया, जीसीसी के अधिकारी वार्ता शुरू करने के लिए यहां आएंगे, इसकी शुरुआत 24 नवंबर से होगी। भारत संयुक्त अरब अमीरात के साथ इस वर्ष मई में मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 16 नवंबर को कहा था कि भारत अब नया मुक्त व्यापार समझौता शुरू करेगा। यह एफटीए वार्ता की एक प्रकार से बहाली होगी क्योंकि भारत और जीसीसी के बीच दो दौर की वार्ता 2006 और 2008 में हो चुकी है। भारत सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों से मुख्य रूप से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करता है। वहीं मोती, बहुमूल्य रत्न, धातु, लोहा और इस्पात, रसायन आदि का भारत इन देशों को निर्यात करता है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार जीसीसी को भारत से किया जाने वाला निर्यात 2021-22 में 58.26 फीसदी बढ़कर करीब 44 अरब डॉलर हो गया। 2020-21 में यह 27.8 अरब डॉलर ही था। भारत के कुल निर्यात में इन छह देशों की हिस्सेदारी 2021-22 में बढ़कर 10.4 फीसदी हो गई जो 2020-21 में 9.51 फीसदी थी। इसी प्रकार आयात भी 85.8 फीसदी बढ़कर 110.73 अरब डॉलर हो गया जो 2020-21 में 59.6 अरब डॉलर था।

**PUBLIC NOTICE**

I, Awadhesh Kumar, CA bring to the notice of general public that Mr. Suresh S/o Bhagwan Das R/o B-12/242-JJ Colony, T. No. 46330, Madanpur Khadar, New Delhi 110076 who was working with us for more than 18 years , has been terminated from job due to bad behaviour and misconduct with me and my family from 18th October'22.We are not responsible for his deed and conduct after this date. Whosoever deals with him after this date will be doing at his own risk.

CA Awadhesh Kumar
Office Address-307 Hemkunt Chambers 89 Nehru Place, New Delhi 110091
Resi. Address 114, VigyapanLok Appartments Mayur Vihar Phase-1 Ext Delhi 110091

**सार्वजनिक सूचना**

**श्रीमती खुशी कोहली** की ओर से एतद्द्वारा सूचना दी जाती है, जो 85.9 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाली संपत्ति संख्या 21/50, ओल्ड राजेंद्र नगर, नई दिल्ली में स्थित है, की मालिक हैं। उपहार विलेख दिनांक 01.01.2016 (दस्तावेज संख्या 6 देखें, उप-पंजीयक-III, आसफ अली, दिल्ली के कार्यालय के साथ पंजीकृत) और उपहार विलेख दिनांक 05.01.2017 (दस्तावेज संख्या 174 के माध्यम से, कार्यालय के साथ पंजीकृत) सब-रजिस्ट्रार-III, आसफ अली, दिल्ली, दिनांक 13.01.2017 को) और **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के लिए इसे गिरवी रखने का इरादा है। वह, मूल **1)** आवंटन पत्र, **2)** पट्टा दिनांक 18.09.1963 (दस्तावेज संख्या 6445, दिनांक 24.09.1963 को पंजीकृत), **3)** हस्तांतरण विलेख दिनांक 24.02.1998 (दस्तावेज संख्या 1216, दि. 27.03.1998 को पंजीकृत), **4)** अधिकार पत्र, **5)** भुगतान चालान और **6)** स्वर्गीय श्री सी. एल. की वसीयत के साथ साइट प्लान, जो उपलब्ध नहीं है/खो गये है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।

**लूसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011- 40046316

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DEENA, Suite No.3882/17 | Vehicle No. DL6CP5450, Make and Model- MARUTIWAGON R, Manu Year-2015 |
| ICICI BANK LTD VS GULJAR, CS Comm No.2439/2019 | Vehicle No. DL5CQ2814, Make and Model- MARUTICELERIO, Manu Year-2018 |
| ICICI BANK LTD VS MOHD NAYEEM AKHTER, CS(Comm) No. 89/19 | Vehicle No. DL1RTB9704, Make and Model- HONDA AMAZE, Manu Year-2016 |
| ICICI BANK LTD VS VIJAY KUMAR WALIA, CS(Comm) 178/21 | Vehicle No. UP16CC5461, Make and Model- FCA INDIA AUTOMOBILES PVT LTD JEEP, Manu Year- 2018 |
| ICICI Bank Ltd Vs SANDIP SINGH and Anr, CS (Comm) No -4703/21 | Vehicle No -HR55AH6296, Make and Model- Swift Dzire, Manu Yr- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS ISHAR KHAN , CS (COMM) NO. 2441/21 | Vehicle No. DL8CAF8216, Make and Model- RENAULT Duster, Manu Year-2014 |

**Auction Date: November 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA, CS(Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTDPARTNER, Manu Year- 2019 |

**Auction Date: Nov 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard, Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP, 201102
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. UP14GT8288, Make and Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year- 2017 |

**Auction Date: December 05, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No.166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and EMD(wherein applicable) to participate in the auction.DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount(wherein applicable) will be forfeited.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

## ओएनजीसी के अगले प्रमुख होंगे अरुण कुमार सिंह

**नई दिल्ली (भाषा)।** तेल शोधन एवं विपणन कंपनी बीपीसीएल के पूर्व चेयरमैन अरूण कुमार सिंह देश की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के नए चेयरमैन हो सकते हैं। उनके नाम पर मंजूरी मिल जाती है तो यह पहली बार होगा जब इस पद पर आसीन व्यक्ति की आयु 60 वर्ष से अधिक होगी। तेल मंत्रालय द्वारा गठित चयन समिति ने 27 अगस्त को छह उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेने के बाद सिंह को चुना है। वह पिछले महीने सेवानिवृत्त हुए थे और अगस्त में हुए साक्षात्कार से पहले ही उन्हें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड का प्रमुख चुन लिया गया था। ओएनजीसी का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का नियमित पद अप्रैल 2021 से रिक्त है। सिंह के चयन पर मुहर लग जाती है तो वह ओएनजीसी की कमान तीन वर्ष के लिए संभालेंगे।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से सेंसेक्स 230 अंक टूटा

**● निफ्टी 66 अंक कमजोर**

भाषा। मुंबई

**कमजोर** वैश्विक संकेतों के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 230.12 अंक या 0.37 प्रतिशत टूटकर 61,750.60 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 337.45 अंक या 0.54 प्रतिशत तक टूट गया था। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 65.75 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,343.90 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एचडीएफसी, डॉ रेड्डीज, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में नुकसान रहा। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल बढ़त के साथ बंद हुए। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में कमजोर थे। वॉल स्ट्रीट भी बुधवार को गिरकर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.43 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 386.06 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। बिकवाली दबाव के चलते निफ्टी कमजोर खुला और 66 अंक की गिरावट के साथ 18,344 पर बंद हुआ। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप 0.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत टूटा। क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो टिकाऊउपभोक्ता वस्तुओं में 1.65 प्रतिशत, उपयोगिकता क्षेत्र में 1.50 प्रतिशत, वाहन में 1.35 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र में 1.34 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर उद्योग, दूरसंचार और पूंजीगत सामान खंड बढ़त के साथ बंद हुए।

## आयात, निर्यात रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचने से जापान को लगातार 15वें महीने व्यापार घाटा

भाषा। टोक्यो

**जापान** को अक्टूबर में लगातार 15वें महीने व्यापार घाटा उठाना पड़ा है। ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी और एन में गिरावट के बीच माह के दौरान आयात और निर्यात दोनों रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गए। जापान का 2,160 अरब एन (15 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा किसी भी अक्टूबर महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। जापान में व्यापार के तुलनात्मक आंकड़े पहली बार 1979 में जारी किए गए थे। अक्टूबर में निर्यात 25.3 प्रतिशत बढ़कर 9,000 अरब एन या 64 अरब डॉलर रहा है। इसके बावजूद आयात में जोरदार उछाल से व्यापार घाटा ऊंचा रहा है। समीक्षाधीन महीने में आयात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 53.5 प्रतिशत बढ़कर 11,000 अरब एन या 79 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_T1518FBGD REG. NO. HR38Z2646-YOM 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 713988.9

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 03.12.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT :JAGDISH SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 919582795967
EMAIL-jagdish.singh@kotak.com

# अगले साल से सरकारी रूप में मनाया जाएगा ददरी मेला: दयाशंकर

**भाषा।** बलिया



बलिया में हर वर्ष लगने वाले ऐतिहासिक ददरी मेले को अगले साल से सरकारी मेला घोषित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने यह जानकारी दी।

इस साल आठ नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के साथ शुरू हुआ यह मेला 30 नवंबर को समाप्त होगा। सिंह ने बताया कि सरकार अगले साल से इसे सरकारी मेला घोषित करेगी और इसके आयोजन के लिए ददरी मेला प्राधिकरण बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में अपने बलिया दौरे में महर्षि भृगु गलियारे के लिए जिला प्रशासन से प्रस्ताव मांगा था। उन्होंने कहा कि अगले साल से यह मेला और भव्य स्वरूप में दिखाई देगा।बलिया के ददरी मेला का इतिहास बहुत पुराना है और इस मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। बलिया में गंगा और सरयू के मिलन का साक्षी ददरी मेला हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होता है। लंपी रोग फैलने की आशंका के मद्देनजर इस बार पशु मेला नहीं लगाए जाने से मेले पर असर पड़ा है, लेकिन रोजाना उमड़ रही लोगों की भीड़ इस मेले को जीवंत बनाए हुए है। ददरी मेले के आयोजन के संबंधित विभिन्न मान्यताएं हैं। एक मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु को पैर से मारने के बाद महर्षि भृगु को श्राप से मुक्ति इसी क्षेत्र में ही मिली थी। ददरी मेले पर आधा दर्जन से ज्यादा किताबें लिखने वाले इतिहासकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ऐसी भी मान्यता है कि महर्षि भृगु ने अपने शिष्य दर्दर मुनि के जरिए अयोध्या से सरयू नदी को बलिया लाकर कार्तिक पूर्णिमा के दिवस ही गंगा और सरयू नदी का संगम कराया था। उन्होंने बताया कि इसी तट पर दर्दर मुनि के नेतृत्व में यज्ञ हुआ था, जो एक माह तक चला था। उन्होंने बताया कि इस यज्ञ में 88 हजार ऋषियों का समागम हुआ था और यहीं पर महर्षि भृगु ने ज्योतिष की विख्यात पुस्तक भृगु संहिता की रचना की थी। कौशिकेय ने बताया कि यज्ञ के बाद से ही 5,000 वर्ष ईसा पूर्व ददरी मेले की शुरुआत हुई। उन्होंने बताया कि 1707 ईसवी में मुगल सम्राट अकबर ने इस मेले में मीना बाजार स्थापित किया था और बलिया के जिला बनने के बाद साल 1889 से इस मेले का आयोजन जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद की तरफ से किया जा रहा है।

## शिक्षा क्षेत्र के खिलाफ उल्लंघन की शिकायतें सबसे ज्यादा

**लखनऊ।** एडवर्टाइजिंग स्टैण्डर्स काउंसिल ऑफइंडिया ने अपनी अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट, अप्रैल से सितंबर 2022 जारी की है। इस अवधि मे इसने 2764 विज्ञापनों के खिलाफ3340 शिकायतों को प्रोसेस किया, जिसमें एएससीआई के मानकों का संभावित उल्लंघनकिया गया था। इन विज्ञापनों में 55 फीसदी विज्ञापन डिजिटल डोमेन के थे, इसके बाद 39 फीसदी प्रिंट मीडिया और 5 फीसदी टेलीविजन के थे। वर्ष 2021-22 की तुलना में एएएससीआई ने इस साल शिकायतों की संख्या में 14 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि मानकों का उल्लंघन करने के नजरिए से प्रोसेस किए गए विज्ञापनों की संख्या में 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञापन के मानकों का सबसे ज्यादा उल्लंघन किया गया। 27 फीसदी शिकायतें शिक्षा क्षेत्र से संबंधित थीं। 22 फीसदी शिकायतें शास्त्रीय शिक्षा श्रेणी से संबंधित थी, जबकि 5 फीसदी शिकायतें एडटेक सेक्टर के विज्ञापनों के खिलाफआई। इसके बाद पर्सनल केयर 14 फीसदी फूड एंड ब्रीवरेज 13 फीसदी हेल्थकेयर 13 फीसदी और गेमिंग 4 फीसदी के क्षेत्र से शिकायतें मिलीं। एएससीआई का सर्विलांस काफी मजबूत बना हुआ है। संस्था ने स्वतःसंज्ञान लेकर 65 फीसदी विज्ञापनों की समीक्षा की।

# डीएम ने की शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं का पंजीकरण, स्कूल यूनिफार्म, स्वेटर, मिड डे मिल, आधार सीडिंग, आधार विहीन छात्र-छात्राओं की संख्या के संबंध में, डीबीटी व्यवस्था, बच्चों के पढ़ाई व्यवस्था, बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण, निपुण ऐप, प्रेरणा एप तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय, महिला छात्रावास, इसके साथ ही व्यवसायिक शिक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, कौशल विकास मिशन, इलेक्ट्रॉनिक, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक आदि सहित अन्य कई योजनाओं की संबंधित विभाग के अधिकारियों से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं पर समय-समय पर विशेष ध्यान दिया जाय। ताकि इन सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, प्रिंसिपल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, एलडीएम, इंडियन बैंक मैनेजर, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग राजेश सिंह, जिला समन्वयक गणेश गुप्ता, सहित जनपद के सभी खंडशिक्षा अधिकारी व संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फरियादियों से हो मानवीय व्यवहार: तोमर

## एसपी ने किया मोतीगंज थाने का गहन निरीक्षण



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना मोतीगंज का औचक निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को कड़े दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह सहित थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष व मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों के साथ मानवीय व्यवहार करते हुए उनके शिकायतों का निष्पक्षता से निस्तारण किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि थाने में रिकार्डों का अद्यतन सही ढंग से हो, थाने पर साफ-सफाई व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे, महिला फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता कराया जाए, थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाते हुए अपराध पर अंकुश लगाया जाए, मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाये। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# खत्म हुआ इंतजार, प्रदेश की सबसे बड़ी सतही ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना हुई तैयार

**खटान परियोजना के जरिये सबसे बड़ी ग्रामीण पेयजल परियोजना संचालित करने वाले राज्यों में शामिल होगा यूपी, 10,88, 835 से अधिक ग्रामीण आबादी की प्यास बुझाएगी खटान और अमली कौर पेयजल परियोजना, बांदा में युद्ध स्तर पर किया जा रहा 217767 परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का काम**



**बांदा।** महर्षि वामदेव की तपोभूमि बांदा को योगी सरकार अब तक का सबसे बड़ा तोहफा देने जा रही है। इस भूमि पर रहने वाले जन.जन को नल से जल पहुंचाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड बाँदा की सबसे बड़ी ग्रामीण पेयजल योजनाओं में शुमार होने जा रही बांदा की खटान पेयजल परियोजना लगभग पूरी तरह से तैयार हो गई है। इस योजना से कई गांवों में पेयजल आपूर्ति का ट्रायल रन भी शुरू कर दिया गया है। सरकार की हरी झण्डी मिलते ही सभी गांवों में पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से शुरू कर दी जाएगी। वहीं अमली कौर पेयजल परियोजना का भी 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। 10 प्रतिशत फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को प्रमुख सचिव नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव और जल निगम के एमडी डॉण् बलकार सिंह ने इन दोनों परियोजनाओं का निरीक्षण किया और कार्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने परियोजनाओं के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों और इंटेकवेल को भी देखा। सप्लाई से पूर्व की जो भी तैयारी है उसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिये जिससे दिसम्बर से गांवों में जलापूर्ति शुरू की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दीपा रंजन भी मौजूद रहीं।

महर्षि वामदेव की तपोभूमि के लिए वरदान बनने जा रही हर घर नल योजना':जल जीवन मिशन की खटान और अमली कौर पेयजल परियोजनाओं से 617 गांव में रहने वाली 10ए88ए835 से अधिक लोगों की प्यास बुझेगी। बीमारियों से राहत मिलने के साथ नलकूप और सर्फेस वाटर सप्लाई आधारित योजनाओं का लाभ बांदा जिले के लिए वरदान साबित होगा। जल जीवन मिशन की योजना से बांदा में 217767 परिवारों को नल कनेक्शन दिये जाने हैं। लक्ष्य को पूरा करने में जुटे अधिकारी 38996 से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दे चुके हैं। विकासखंड कमासिन के काठर गांव में बन रही है खटान पाइप पेयजल ग्राम परियोजना में 94:इंटेक बेल का कार्य हो चुका है 88: डब्ल्यूटीपी का कार हो चुका है 68: पंप हाउस बन चुका है 46: ओवरहेड टैंक बनकर तैयार है 47: पाइप लाइन बिछाने का कार्य हो चुका है जिसमें 12: पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है ध् उपरोक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने दी।

2244 किमी से बिछाई गई पाइप लाइन':अमलीकौर और खटान पेयजल योजनाओं से अभी तक 2244 किमी से अधिक पाइपलाइन बिछा दी गई है। अमलीकौर परियोजना में 1808 किमी और खटान परियोजना से 2914.5 किमी डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन बिछाई जानी है। योजना के तहत 1 डब्ल्यूटीपीए 1 इंटेकवेलए 1 ट्रीटमेंट प्लांटए 39 सीडब्ल्यूआरए 116 ओवरहैड टैंक निर्मित किये जा रहे हैं। अमली कौर परियोजना में 1 डब्ल्यूटीपीए 1 इंटेक वेलए 1 ट्रीटमेंट प्लांटए 13 सीडब्ल्यूआर और 80 ओवरहैड टैंक निर्मित किये जा रहे हैं।



मैनपुरी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव और उनके बेटे आदित्य के साथ मंत्रणा करते हुए

# पहाड़ काट रहे खनन माफिया और गांवों पर मंडरा रहा खतरा

**ब्लॉस्टिंग में बस्ती के 10गांव लगभग 50हजार जनता की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ माँ विंध्वसनी खत्री पहाड़ के मंदिर पर भी मंडरा रहा खतरा**

**सड़कों पर उतरे लोग डीएमने कहा माफिया कितना भी पावरफुल हो बचेगा नहीं, अब होगी सख्त कार्रवाई**

**आलोक निगम।** बाँदा






**गिरवा** क्षेत्र अंतर्गतए खत्री पहाड़ की विंध्यवासिनी मैया मंदिर भी ब्लॉस्टिंग संकट में हैजरर गांव में पहाड़ फसल जीवन पर्यावरण बचाओ अभियान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकूट के कामदगिरि प्राचीन द्वार के प्रमुख स्वामी मदन गोपाल दास जी महाराज मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। इसके अलावा जररए गिरवाए पतरहा गांव के लोग शामिल हुए। गिरवा क्षेत्र के कई गांव में पहाड़ों में अवैध खनन हो रहा है। और वहां चलने वाली क्रेशर से फसल व जनजीवन को नुकसान पहुंच रहा है। जिसको लेकर आज गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस प्रकरण को लेकर जिला अधिकारी बांदा दीपा रंजन ने प्रेस सेकहा कि यदि यदि मंदिर गांव वालों को नुकसान पहुंच रहा है तो इसे सख्ती से निपटा जाएगा और इसे तत्काल रोका जाएगा पहाड़ माफिया कितना भी पावरफुल हो उसे बख्शा नहीं जाएगा उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।गिरवा क्षेत्र के जरर गिरवाए पतरहा आदि गांव में पर्वतों में शिव मंदिर विराजमान है। गिरवा में भूतेश्वर बाबाए पतरहा में किसगूर बाबाए जरर में प्राचीन शिव मंदिर पर्वतों की श्रृंखला पर विराजमान है। पिछले कई महीनों से पहाड़ खोदने वाले माफिया अवैध ब्लास्टिंग करके पर्वतों को क्षति पहुंचा रहे हैं। और वहां के धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों की आस्था के केंद्र शिव मंदिर खतरे में है। जिसको लेकर लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं। इसके अलावा गिरवा क्षेत्र में 6 क्रेशर लग चुकी है तथा दर्जनों क्रेशर को अनुमति दी जा चुकी है। बिना पर्यावरण को देखे हुए अंधाधुन तरीके से बिना किसी सर्वे के तमाम क्रेशर को अनुमति दी गई है। आज पर्यावरण बचाओ गोष्ठी में स्वामी मदन गोपाल दास जी महाराज ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार सभी पर्वत भगवानों द्वारा बनाए गए हैं। ऐसे में पहाड़ व मंदिरों को क्षति पहुंचना एक बहुत ही बड़ा मुद्दा है। आम जनजीवन इससे प्रभावित हो रहा है तथा प्राकृतिक असंतुलन पैदा हो रहा है। सरकार को तत्काल इस ओर ध्यान देते हुए इस पर उचित कार्यवाही करना चाहिए। स्वामी मदन गोपाल दास जी महाराज ने सभी क्षेत्रवासियों से संगठित होने की अपील की और कहा कि अपनी जमीन जंगल और पहाड़ बचाने के लिए सब को आगे आना होगा। पहाड़ फसल जीवन पर्यावरण बचाओ अभियान गोष्ठी में क्षेत्र के लोगों ने फैसला किया कि जल्द ही गिरवा में एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा ताकि सरकार तक बात पहुंच सके। सभी ने एक सुर में मांग की कि जल्द से जल्द यहां अवैध पहाड़ों का खनन रोका जाए व क्रेशर का संचालन बंद किया जाए।

## टीटीई ने सैनिक को दिया चलती ट्रेन से धक्का : दाईं टांग कटी

**बरेली।** बरेली रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को कथित रूप से टिकट निरीक्षक (टीटीई) द्वारा चलती ट्रेन से धक्का दिए जाने से सेना के जवान की एक टांग रेलगाड़ी के नीचे आने से कट गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। गंभीर रूप से जख्मी सैनिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद से लापता आरोपी टीटीई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वित्त प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। आरोपी टीटीई अब भी फरार है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक यह घटना आज सुबह प्लेटफार्म नंबर दो पर घटित हुई, जब सुपन बोरे नामक एक टीटीई ने टिकट को लेकर हुई आपसी बहस के बाद सोनू नामक सैनिक को डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से धक्का दे दिया। सोनू चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दाहिनी टांग कट गई। उसे मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जाती है। घटना के बाद कुछ अन्य यात्रियों ने आरोपी टीटी के साथ कथित रूप से मारपीट की। राजकीय रेलवे पुलिस के थाना अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी टीटीई के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# मध्य रेलवे की टीम अखिल भारतीय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप की विजेता बनी




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेलीए में पाँच दिन से चल रहे 43वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2022 का समापन दिनांक 16ए11ए2022 को मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक बृज मोहन अग्रवाल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता के एक सेमी फाइनल मुकाबला दिनांक 15ए11ए2022 को मध्य रेलवे एवं पूर्व रेलवे बीच हुआए जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनीए वहीं एक दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आईसीएफ और दक्षिण रेलवे के मध्य हुआ जिसमें दक्षिण रेलवे विजेता बनी। आज फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे एवं दक्षिण रेलवे के बीच हुआ जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी। फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक थाए 5 सेट के इस मुकाबले में मध्य रेलवे 25 . 23ए 25 .23ए 21.25ए 25.18 से विजयी रही।आरेडिका के खेल.कूद संघ के अध्यक्ष श्री एसण् केण् कटियारएनें बताया कि इस चैंपियनशिप में 8 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग 150 महिला खिलाड़ियों प्रतिभाग किया तथा इस चैंपियनशिप में महिला खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखायी। इस अवसर पर रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के टेक्नीकल टीमए मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न जोनों के कोच एवं आरेडिका के खेल.कूद संघ के अध्यक्ष श्री एसण् केण् कटियारए सचिव श्री एसणएसणकेरो एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेलमंत्री ने की सुपरवाइजर स्तर कर्मियों के लिए घोषणा

**रायबरेली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कान्फ्रेन्स में रेलवे विभाग के सुपरवाईजर स्तर के कर्मचारियों को वित्तीय उन्नयन देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा वित्तीय उन्नयन की की मांग सालों से चली आ रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा कर्मचारियों की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी की जायेगी जिसके तहत विभिन्न मंडलों एवं यूनिटों में कार्यरत सुपरवाईजर कर्मचारियों का लोकल स्तर पर उन्नयन का आदेश निकाला जायेगा । रेल मंत्रालय के इस निर्णय से आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली में कार्यरत लगभग 300 सुपरवाईजर स्तर के कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

## अटल बिहारी वाजपेयी पर वेब सीरीज का पहला भाग लॉन्च

**लखनऊ।** अटल फाउंडेशन ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में उनके जीवन के अनछुए पहलुओं को शामिल करते हुए एक वेब.श्रृंखला शुरू की है। वेब सिरीज़ का लॉन्च समारोह प्रेस क्लब ऑफइंडिया में आयोजित किया गया था। इस वेब सीरीज को लॉन्च करने के लिए 10 राज्यों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश अध्यक्षों ने वेब सीरीज के बारे में योजना बनाने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यहाँ वेब सिरीज़ का पहला एपिसोड और पोस्टर लॉन्च किया गया। इस पत्रकार वार्ता में अपर्णा सिंह ;राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल फाउंडेशन ने कहा, यह वेब श्रृंखला अटल जी के जीवन को सबसे बड़े भारतीय राजनेता के रूप में और भारतीय समाज में उनके योगदान को दर्शाएगी। श्रृंखला का नाम श्वाजपेयी यज्ञ् होगा जो सनातन धर्म में बहुत ही शुभ माना गया है। जिस प्रकार एक राजा अपने धर्म का पालन करता है और उनके सुख.समृद्धि के लिए कार्य करता हैए उसी तरह श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सार्वजनिक जीवन में राज धर्म को ही अपना एकमात्र सिद्धांत माना था। इन आदर्शों की मदद से यह वेब सीरीज बनाई जाएगी।

## सीडीओ ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**गोंडा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने समिति के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यातायात नियमों का समस्त माध्यमों से प्रचार-प्रसार करवाया जाय और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम एवं संगत अधिनियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जाय। समिति की सचिव सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बबिता वर्मा ने बैठक के एजेण्डे को बिन्दुवार रखते हुए जिलों के सड़क सुरक्षा से संबंधित आकड़ों को समिति के समक्ष रखा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर जो अनधिकृत कट बने हुए हैं, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही पूर्व में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी को अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया जाये। हिट एण्ड रन एवं सार्वजनिक सेवायान से संबंधित दुर्घटनाओं की जांच कराते हुए पीड़ित व्यक्तियों को सहायता राशि शीघ्र दिलाया जाये। यह भी निर्देश दिया गया कि पीड़ित पक्षों को सहायता राशि आवंटित होते ही अतिशीघ्र वितरित कर दी जाय।

## मारपीट व अमानवीय कृत्य करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के टामसन कालेज के पास मारपीट व अमानवीय कृत्य करने के मुख्य आरोपी कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र द्रिगराज सिंह निवासी ग्राम सेहरिया, थाना वजीरगंज गोंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।यह जानकारी देते हुए एसपी आकाश तोमर ने बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत टामसन कालेज के पास मारपीट व अमानवीय कृत्य करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसको संज्ञान में लेते हुए उक्त के संबंध में थाना कोतवाली नगर पुलिस को मामला दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया था। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिये पुलिस उनके ठिकाने पर दबिश दे रही है। एसपी ने बताया कि उक्त मामले में थाना कोतवाली नगर में मुख्य आरोपी सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307 एवं 07 सीएलए एक्ट व धारा 66/67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि उक्त व्यक्तियों एक व्यक्ति को जान से मारने की नियत से मारपीट व अमानवीय कृत्य कारित किया गया था। जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है एवं शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी हैं।

## सर्जिकल प्रक्रियाओं के नए युग की शुरुआत

लखनऊ। भारतीय मेडटेक स्टार्ट.अप कंपनी वैश्विक बाजार को जीतने के लिए तैयार है। एसएस इनोवेशन ने अब संयुक्त राज्य अमेरिका में नैस्डैक सूचीबद्ध कंपनी अवरा मेडिकल रोबोटिक्स में नियंत्रक हित के अधिग्रहण के माध्यम से वैश्विक पूंजी और बाजार तक पहुंच प्राप्त कर ली है। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध रोबोटिक कार्डियक सर्जन डॉ. सुधीर पी श्रीवास्तव के दिमाग की उपज सरल एसएसआई मंत्र ने सर्जिकल प्रक्रियाओं के नए युग की शुरुआत की है, जिससे रोबोटिक सर्जरी सुलभ और सस्ती हो गई है। अच्छी स्वास्थ्य सेवा अब सीमित लोगों के लिए विशेषाधिकार नहीं होगी बल्कि सभी के लिए सुलभ होगी! रोबोटिक सर्जरी के जनक डॉ. फ्रेडरिक मोल ने कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की। डॉ. फ्रेड्रिक मोलए संस्थापक. इंट्यूएटिव सर्जिकल ने कहा नई रोबोट प्रणाली की प्रगति और विकास को देखने के लिए यहां आकर बहुत उत्साहित हूंए जो मुझे विश्वास है कि चिकित्सा सर्जरी के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के सामान्य वितरण के लिए एक बड़ा कदम है। यह प्रणाली दुनिया भर के रोगियों को पूर्व और पश्चिम में समान रूप से सबसे उन्नत तकनीक प्रदान करेगी।

## फसल कटाई मशीन की चपेट में आने से दो बच्चियों की मौत

**देवरिया।** बरियापुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को धान की फसल की कटाई करते समय दो नाबालिग लड़कियों की कंबाइन मशीन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। उप जिलाधिकारी (सदर) सौरभ सिंह ने बताया कि बरियापुर थाना क्षेत्र के गौरी कोठी के गोसाई टोला निवासी अंगद गिरि की पत्नी अपनी बेटी जिया (चार) और कुशीनगर के रामाभार गांव निवासी करिश्मा (सात) को लेकर धान की फसल की कटाई करवाने के लिए खेत में गई थी। उन्होंने बताया कि कंबाइन मशीन में धान की कटाई के दौरान दोनों लड़कियां उसकी चपेट में आ गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्वाई की है।

## मस्जिद में हत्या के दोषी पांच लोगों को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर ।** एक अदालत ने वर्ष 2007 में ककरौली क्षेत्र स्थित एक मस्जिद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के दोषी पांच लोगों को बृहस्पतिवार को उम्र कैद की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने बताया कि दो जनवरी 2007 को ककरौली थाना क्षेत्र के खेड़ी फिरोजाबाद गांव में मुनव्वर, जहीर आलम, मुदस्सिर, भूरा और सदा हसन नामक लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते जान मोहम्मद नामक व्यक्ति की मस्जिद के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सी. प्रकाश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुनव्वर, जहीर आलम, मुदस्सिर, भूरा और सदा हसन को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद तथा 14-14 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022



# पुरानी खेल शैली को बदलने के लक्ष्य के साथ उतरेगा भारत

**भाषा।** वेलिंगटन



**अपनी** गलतियों से सीख नहीं लेने के बाद भारत शुक्रवार से यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे युवा और निडर खिलाड़ियों की मदद से अपनी पुरानी खेल शैली को बदलने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। पिछले साल यूएई में विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारत ने बल्लेबाजी में आक्रामक शैली अपनाई थी लेकिन अगले विश्व कप के आने तक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज खराब फॉर्म से जूझने लगे और विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ खुलकर नहीं खेल पाए। भारत का इस तरह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का नौ साल का इंतजार जारी रहा। अगला टी20 विश्व कप अभी दो साल दूर है और ऐसे में भारत के पास खिलाड़ियों की पहचान करने और इंग्लैंड द्वारा अपनाए गए किसी भी कीमत पर आक्रमण करने के रवैए के साथ उन्हें निखारने के लिए पर्याप्त समय है। अगले टी20 विश्व कप में टीम के संभावित कप्तान हार्दिक पंड्या रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई कर रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने संकेत दिया है कि आधुनिक खेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रबंधन सिर्फ टी20 विशेषज्ञों को शामिल करने का इच्छुक है। अगले साल होने वाले 50 ओवर के विश्व कप को देखते हुए अब ध्यान एकदिवसीय प्रारूप पर अधिक रहेगा लेकिन भारत यहां होने वाले तीन और फिर अपनी मेजबानी में होने वाले विश्व कप तक नौ और टी20 मुकाबलों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में शानदार फॉर्म में थे लेकिन पावरप्ले में रोहित और लोकेश राहुल की बल्लेबाजी में जज्बे की कमी के लिए काफी आलोचना हुई। इस तरह की संभावना है कि ए तीनों 2024 टूर्नामेंट तक सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेलेंगे और ऐसे में भारत को भविष्य की योजना बनानी होगी। यहां होने वाले पहले मैच में इशान किशन और शुभमन गिल पारी का आगाज कर सकते हैं लेकिन प्रबंधन शीर्ष क्रम में ऋषभ पंत को भी एक और मौका देना चाहेगा। भारत न्यूजीलैंड में दूसरे दर्जे की टीम उतार रहा है लेकिन इसके बावजूद टीम के सदस्यों के पास ठीक–ठाक अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। चार साल पहले न्यूजीलैंड में हुए अंडर–19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले गिल को यहां टी20 प्रारूप में पदार्पण करने की उम्मीद है। पिछले 12 महीने में किशन को नियमित तौर पर शीर्ष क्रम में मौका मिलता रहा है और इस श्रृंखला में उनके पास अच्छा मौका होगा कि वह खुद को सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित करें। संजू सैमसन को एक और मौका दिया गया है और वह इसका फायदा उठाने के लिए बेताब होंगे। टी20 में भारत की समस्याओं का एक बड़ा कारण अंगुली के स्पिनरों के जरिए बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में असमर्थता है। न्यूजीलैंड के होने वाली श्रृंखला के साथ कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को एक बार फिर एक साथ गेंदबाजी करने का मौका मिल सकता है। भारत को जसप्रीत बुमराह के साथ एक ऐसे गेंदबाजी की तलाश है जो तूफानी गति से गेंदबाजी कर सके और ऐसे में टीम के पास दांव खेलने के लिए उमरान मलिक मौजूद हैं। आयरलैंड और इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर उमरान को काफी सफलता नहीं मिली और उनकी नजरें गति से समझौता किए बगैर सटीक गेंदबाजी करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया की तरह न्यूजीलैंड में भी भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के नई गेंद साझा करने की उम्मीद है। विश्व कप के दौरान बेंच पर बैठे रहे हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज को भी श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में मौका मिल सकता है। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड केन विलियमसन की अगुआई में अपननी मजबूत टीम उतारेगा। भारत की तरह न्यूजीलैंड की टीम भी विश्व कप के नॉकआउट मैच में एक और हार से उबर रही है और मजबूत वापसी करने के इरादे से उतरेगी। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट की गैरमौजूदगी में अन्य तेज गेंदबाजों को आजमाने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल भी श्रृंखला में नहीं खेलेंगे और ऐसे में पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी डेवोन कॉनवे और फिन एलेन के कंधों पर होगी।

## नया टी20 कप्तान रखने में कोई परेशानी नही, भले ही वह हार्दिक पंड्या हों : शास्त्री

**वेलिंगटन।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने गुरुवार को कहा कि अलग टी20 कप्तान रखने मे कोई दिक्कत नही है और उन्होंने स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या को इस पद के लिए आदर्श उम्मीदवार बताया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में हार्दिक शुक्रवार से यहां न्यूजीलैंड मे शुरू हो रही तीन मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे टीम की अगुआई करेंगे। शास्त्री ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा, टी20 क्रिकेट के लिए नया कप्तान रखने मे कोई परेशानी नही है। इतना क्रिकेट हो रहा है कि एक खिलाड़ी के लिए खेल के सभी तीनो प्रारूपों मे खेलना कभी भी आसान नही होगा। अगर रोहित टेस्ट और वनडे मे कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं तो नया टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान रखने मे कोई बुराई नही है और अगर वह हार्दिक पंड्या है तो वही सही। कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने गुरुवार को कहा कि भारत टी20 विशेषज्ञो को तलाशने की कोशिश करेगा क्योकि विश्व कप मे मिली एक और असफलता के बाद टीम सुधार करना चाहती है। यह आगे बढ़ने का तरीका है और वीवीएस बिलकुल सही है, वे विशेषज्ञो की तलाश करेंगे, विशेषकर युवाओं में से। यही मंत्र होना चाहिए कि अब से दो वर्षो तक पहचाने और ऐसी टीम तैयार करें जो शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाली हो और इन युवाओं के लिए भूमिकाएं तय करें जो बिना किसी दबाव के निडर होकर बढ़िया क्रिकेट खेलें। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए शुभमन गिल, उमरान मलिक, इशान किशन और संजू सैमसन को मौका दिया गया है जबकि सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। शास्त्री को लगता है कि भारतीय टीम प्रबंधन को युवाओं को निखारकर इंग्लैड की सफेद गेंद क्रिकेट की योजना की तर्ज पर काम करना चाहिए जिससे उसने वनडे और टी20 विश्व कप विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

## अधिकतर समय परिस्थितियों से खेल की शैली तय होती है: रोंची

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैड के बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची ने गुरुवार को कहा कि परिस्थितियां टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजो की शैली तय करती है लेकिन यह रणनीति आपको परिणाम मे नुकसान पहुंचा सकती है, विशेषकर तब जब रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाया जाता है। सेमीफाइनल मे इंग्लैड से 10 विकेट की हार के बाद टी20 विश्व कप मे भारत की लचर बल्लेबाजी के लिए विशेषज्ञो ने आलोचना की थी। पूरे टूर्नामेंट मे भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में रन बटोरने में संघर्ष करना पड़ा था। रोंची ने भारत और न्यूजीलैड के बीच पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय की पूर्व संध्या पर कहा, आप उन परिस्थितियो के अनुसार खेलते है जो आपके सामने हैं। कभी-कभी लोग सोचते है कि हर मैच मे ताबड़तोड़ खेल दिखाना है। आईसीसी विश्व कप में नए, पुराने, धीमे विकेट और अलग-अलग तरह की परिस्थितियां होती है।

## टी20 क्रिकेट में आपको भविष्य में काफी अधिक विशेषज्ञ दिखेंगे: लक्ष्मण

**भाषा।** वेलिंगटन



**कार्यवाहक** मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने गुरुवार को कहा कि भारत टी20 विशेषज्ञों को टीम में शामिल करने पर ध्यान देगा क्योंकि वह विश्व कप में एक और विफलता के बाद सुधार करना चाहता है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया में अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाले इंग्लैंड ने निडर क्रिकेट खेलकर नए मानदंड स्थापित किए हैं। इंग्लैंड के पास 11वें नंबर तक बल्लेबाज हैं और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में प्रमुख तेज गेंदबाज मार्क वुड की अनुपस्थिति में भी उनके पास सात गेंदबाजी विकल्प थे। न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे से पहले मीडिया से बात करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि टी20 क्रिकेट में बहुआयामी खिलाड़यों की जरूरत है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख ने शुक्रवार को होने वाले पहले टी20 से पूर्व कहा, सफेद गेंद के क्रिकेट में आपको विशेषज्ञ खिलाड़ियों की आवश्यकता होती है और भविष्य में टी20 क्रिकेट में आप बहुत अधिक टी20 विशेषज्ञ खिलाड़ियों को देखेंगे। टी20 क्रिकेट ने वर्षों से हमें दिखाया है कि आपको बहुआयामी क्रिकेटरों की आवश्यकता है। हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो बल्लेबाजी कर सकते हैं और ऐसे बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी कर सकते हैं। बल्लेबाजी करने वाले गेंदबाजों की अधिक संख्या से टीम को गहराई मिलती है और बल्लेबाज क्रीज पर स्वतंत्र होकर खेल सकते हैं। मुझे लगता है कि यह समय की जरूरत है और अधिक से अधिक टीम अपनी चयन प्रक्रिया में इसे शामिल करेंगी और बहुआयामी खिलाड़ियों की पहचान करेंगी। अगला टी20 विश्व कप दो साल दूर है लेकिन भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ नई शुरुआत करेगा। इसके बाद इतने ही वनडे खेले जाएंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में हार्दिक पंड्या टीम का नेतृत्व करेंगे और उन्हें टी20 टीम के भावी कप्तान के रूप में देखा जा रहा है। विराट कोहली और लोकेश राहुल अन्य शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं जिन्हें श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। टी20 क्रिकेट में काफी स्वतंत्रता और विचारों की स्पष्टता के साथ खेलने की जरूरत होती है। मैंने इन खिलाड़ियों के साथ जो भी समय बिताया है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रगति करते हुए देखा है, यही उनकी ताकत है। उस आजादी के साथ खेलना महत्वपूर्ण है लेकिन आपको परिस्थितियों का आकलन करने और टीम की जरूरतों को पूरा करने की भी जरूरत है। लक्ष्मण ने पंड्या की जमकर तारीफ की।

## मनिका ने विश्व में सातवें नंबर की चीनी खिलाड़ी को हराया, साथियान बाहर

**बैंकाक।** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को यहां आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई कप के राउंड ऑफ 16 में दुनिया की सातवे नंबर की चीन खिलाड़ी चेन जिंगटोंग को हराकर उलटफेर किया लेकिन जी साथियान पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल मे हार गए। प्रतियोगिता के पहले दिन राउंड ऑफ 16 मैच मे विश्व की 44वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 4-3 से हराया। मनिका को थाईलैंड के दर्शकों का पूरा समर्थन मिल रहा था और इस भारतीय खिलाड़ी ने भी उन्हे निराश नही किया। उन्होंने चीनी खिलाड़ी को रोमांचक मुकाबले में 8-11, 11-9, 11-6, 11-6, 9-11, 8-11, 11-9 से पराजित किया। उन्होंने अपार समर्थन के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया। मनिका ने मैच के बाद कहा, इस जीत से मुझे बहुत खुशी मिली क्योंकि मैने विश्व मे सातवें नंबर की खिलाड़ी को हराया है। मै अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना जारी रखूंगी जैसे कि पहले भी किया करती थी। मै आगामी मैचों में भी इसी एकाग्रता और जज्बे के साथ खेलूंगी।

## जूनियर महिला पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर महिला पिस्टल टीम ने गुरुवार को कोरिया के डेगू मे चल रही 15वी एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप मे स्वर्ण पदक जीता जिसमे ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और शिखा नरवाल शामिल थी। इससे भारत के पदकों की संख्या 23 तक पहुंच गई है और प्रतियोगिता मे एक दिन बचा हुआ है। इस भारतीय तिकड़ी ने मेजबान देश की किम मिनसियो, किम जूही और यांग जिन की तिकड़ी को खिताबी भिड़ंत में 16-12 से पराजित किया। भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा मे रजत पदक जीता जिसमें रिदम सांगवान, पलक और युविका तोमर की तिकड़ी को स्वर्ण पदक के मुकाबले मे कोरिया की किम जांगमी, किम बोमी और यू ह्युनयंग से 12-16 के अंतर से हार मिली। मनु, ईशा और शिखा ने दो राउंड के क्वालीफिकेशन में से पहले में 862 का स्कोर बनाया जिससे उन्होंने टूर्नामेंट मे एशियाई रिकॉर्ड की बराबरी की।

## निशानेबाज को राइफल के साथ विमान में चढ़ने से रोका गया

**नई दिल्ली।** निशानेबाज दिशांत डे को गुरुवार को एक बड़ी एयरलाइन ने परेशान किया जिसने उन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तिरुवनंतपुरम जाते समय अपने साथ राइफल ले जाने की अनुमति नही दी। राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिताओ के तहत राइफल स्पर्धाओ का आयोजन 20 नवंबर से नौ दिसंबर तक तिरुवनंतपुरम के वट्टियूरकावु निशानेबाजी रेंज मे होगा। दिशांत ने इंडिगो एयरलाइन का टिकट खरीदा था। एनआरएआई ने ट्वीट किया, एइंडिगो ने गुवाहाटी हवाई अड्डे पर साफ तौर पर उत्पीड़न किया। दिशांत डे 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए उड़ान संख्या 6ई5226 से त्रिवेंद्रम की यात्रा करने की कोशिश कर रहे है और अपने साथ एयर राइफल ले जाने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज होने के बावजूद एयरलाइन अनुमति देने से इनकार कर रही है।

# तमिलनाडु ने गोवा को हराया, आंध्र व केरल जीते



**विजय हजारे ट्रॉफी**

**भाषा।** बेंगलुरू

तमिलनाडु ने गुरुवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी मैच में गोवा को 57 रन से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाजों एन जगदीशन (168) और बी साई सुदर्शन (117) के शतकों से चार विकेट पर 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गोवा की टीम छह विकेट पर 316 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ने वाले जगदीशन दोहरे शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे लेकिन सुयश एस प्रभुदेसाई (87 रन पर दो विकेट) ने उन्हें आउट कर दिया। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए 276 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। जगदीशन ने अपनी पारी में 15 चौके और छह छक्के मारे जबकि साई सुदर्शन ने 13 चौके जड़े। जगदीशन और साई सुदर्शन के आउट होने के बाद रन गति कुछ कम हुई लेकिन बाबा अपराजित ने 17 गेंद में 31 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचा दिया। इसके जवाब में गोवा ने स्नेहल कौथंकर (67), सिद्धेश लाड (नाबाद 62), इशान गाडेकर (51) और एकनाथ (50) के अर्धशतकों कड़ी टक्कर दी लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई।

### खराब बल्लेबाजी से कर्नाटक से चार विकेट से हारी दिल्ली

कोलकाता। अनुभवी पेशेवर खिलाड़ी शिखर धवन और इशांत शर्मा की अनुपस्थिति से कमजोर हुई दिल्ली को गुरूवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के ग्रुप बी के कम स्कोर वाले मुकाबले में कर्नाटक से चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार दूसरी पराजय है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम 45.4 ओवर में 159 रन के स्कोर पर सिमट गई। कर्नाटक के तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने 10 ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने पुछल्ले को आउट किया।

## बंगाल की जीत में चमके मजूमदार, महाराष्ट्र ने मुंबई को हराया

**रांची।** अनुस्टुप मजूमदार के नाबाद शतक की मदद से बंगाल ने गुरुवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप ई मैच मे पुदुचेरी के खिलाफ आठ विकेट से आसान जीत दर्ज की। दूसरी तरफ महाराष्ट्र ने यशस्वी जायसवाल की 142 रन की पारी के बावजूद मुंबई को 21 रन से पराजित किया। बंगाल ने पुदुचेरी के खिलाफ टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उसने गीत पुरी और शाहबाज अहमद के तीन-तीन विकेटों की मदद से पुदुचेरी को 43.2 ओवर मे 197 रन पर आउट कर दिया। पुदुचेरी की तरफ से पारस डोगरा ने सर्वाधिक 63 रन बनाए। इसके जवाब मे मजूमदार ने 106 गेंदो पर नाबाद 100 रन बनाए और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (56) के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी करके मजबूत नीव रखी।

## शुभम और कुलदीप के शानदार प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने उत्तराखंड को 10 रन से हराया

**मुंबई।** सीनियर बल्लेबाज शुभम शर्मा के शतक और कुलदीप सेन के चार विकेट की की मदद से मध्यप्रदेश मे गुरुवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप डी के मैच मे उत्तराखंड को 10 रन से हराया। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 276 रन बनाए। शुभम ने 110 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल है। उन्होने सलामी बल्लेबाज यश दुबे (72) के साथ दूसरे विकेट के लिए 138 रन और कप्तान आदित्य श्रीवास्तव (53) के साथ चौथे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की। उत्तराखंड की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने 60 रन देकर चार विकेट लिए।

## वासवडा के पहले शतक, से सौराष्ट्र की गुजरात पर बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** अर्पित वासवडा के करियर के सर्वश्रेष्ठ नाबाद शतक के बाद पार्थ भुत के गेंद से चमकदार प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने गुरुवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के ग्रुप ए मे गुजरात को 107 रन से हरा दिया। का न्योता मिलने के बाद सौराष्ट्र ने वासवडा के 86 गेंद में नाबाद 100 रन और चेतेश्वर पुजारा की 90 गेंद मे 56 रन की पारी से आठ विकेट पर 285 रन का स्कोर खड़ा किया। वासवडा ने अपनी पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के जमाए। गुजरात के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गजा (51 रन देकर तीन विकेट), पटेल (50 रन देकर दो विकेट) और आर्जन (58 रन देकर दो विकेट) ने विकेट झटको।

# आईओए चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होने चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पदाधिकारियों का चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होना चाहिए और वह सात दिसंबर को खेल संस्था से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई करेगा जिसमें संविधान के मसौदे में संशोधन की मांग भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली तथा न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की पीठ ने इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया कि संविधान के मसौदे में तीन मामूली संशोधन पर फैसला चुनाव से पहले किया जाएगा। एक वकील ने कहा, (आईओए के) पदाधिकारियों का चुनाव 10 दिसंबर से शुरू होने वाला है। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार संविधान में तीन मामूली संशोधन किए गए हैं। संविधान में संशोधन से संबंधित मुद्दे को सुनने के लिए सुनवाई की जरूरत है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने याचिका का विरोध किया। हम इस पर सात दिसंबर को सुनवाई करेंगे। चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आईओए के चुनाव 10 दिसंबर को कराने को मंजूरी दी। इससे पहले मंगलवार को न्यायालय ने निर्देश दिया था कि नया संविधान अपनाने और आईओए की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए मतदान को लेकर उसके 10 अक्टूबर और तीन नवंबर के आदेशों का निष्ठापूर्वक पालन किया जाए। विधि अधिकारी ने कहा था कि शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश द्वारा तैयार आईओए संविधान को खेल संस्था की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में अपनाया गया है और इसमें कोई भी संशोधन केवल अदालत की स्पष्ट अनुमति से ही किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को होने वाले आईओए के कार्यकारी पैनल के चुनाव के लिए तीन नवंबर को न्यायमूर्ति एल एन राव समिति द्वारा प्रस्तुत एक नई समयरेखा को मंजूरी दी थी। शीर्ष अदालत ने आईओए के सदस्यों के बीच संशोधित संविधान के मसौदे को बांटने की भी अनुमति दी थी ताकि इसे 10 नवंबर को आम सभा की बैठक में अपनाया जा सके।

## पूनम, दीप्ति, स्नेह और पूजा महिला टी20 चैलेंजर के लिए कप्तान बनाई गईं

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों पूनम यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार और स्नेह राणा को रायपुर में 20 नवंबर से खेली जाने वाली सीनियर महिला चैलेंजर टी20 ट्रॉफी के लिए गुरुवार को चार संबंधित टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया। युवा भारतीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिए यह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला से पहले अपनी प्रतिभा को दिखाने का अच्छा मंच है। मार्च में होने वाली पहली महिला इंडियन प्रीमियर लीग भी खिलाड़ियों के दिमाग में होगी। चैलेंजर ट्रॉफी के सभी मुकाबले रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। फाइनल 26 नवंबर को होगा। टीमें इस प्रकार हैं: भारत ए: पूनम यादव (कप्तान), हरलीन देओल, मुस्कान मलिक, एस सजना, अमनजोत कौर, दिशा कसात, श्रीयंका पाटिल, सायका इशाक, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सहाना पवार, नुजहत परवीन, शिवाली शिंदे और एस अनुषा। भारत बी: दीप्ति शर्मा (कप्तान), शेफाली वर्मा, धारा गुर्जर, युवाश्री, अरुंधति रेड्डी, निशु चौधरी, हुमेइरा काजी, देविका वैद्य, एसएस कलाल, मोनिका पटेल, एसएल मीना, सिमरन दिल बहादुर, तान्या सपना भाटिया और लक्ष्मी यादव।

## ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर जीत में चमके वॉर्नर व स्मिथ

**एडिलेड।** अनुभवी डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ की बड़ी अर्धशतकीय पारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने डाविड मलान के शतक पर पानी फेरते हुए इंग्लैंड को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां छह विकेट से हराया। मलान ने 128 गेंदों पर 134 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनको हालांकि दूसरे छोर से मदद नहीं मिली जिसके कारण इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर नौ विकेट पर 287 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर (86), ट्रेविस हेड (69) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 80) के अर्धशतकों की मदद से 46.5 ओवर में चार विकेट पर 291 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

## गुणतिलका को यौन उत्पीड़न मामले में जमानत

**सिडनी।** गुणतिलका को आस्ट्रेलिया में टीम के टी20 विश्व कप अभियान के दौरान एक महिला से कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गुरूवार को जमानत दी गई लेकिन मुकदमे की सुनवाई के दौरान उन्हें सोशल मीडिया अकाउंट के इस्तेमाल से प्रतिबंधित कर दिया गया। निलंबित हुए गुणतिलका सात नवंबर को जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद से पार्कलिया करेक्शनल सेंटर में हिरासत में है और वह वहीं से वीडियो लिंक से सिडनी की डाउनिंग सेंटर कोर्ट में पेश हुए।

# मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना की जीत



## ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा नहीं लिया रोनाल्डो ने

**लिस्बन।** स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेट में तकलीफ के कारण पुर्तगाल के साथ ट्रेनिंग सत्र मे हिस्सा नही ले पाए और वह नाइजीरिया के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से भी बाहर हो जाएंगे। टीम ने यह जानकारी दी। पुर्तगाल को फुटबॉल विश्व कप के लिए कतर जाने से पहले गुरुवार को लिस्बन मे नाइजीरिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है और कोच फर्नांडो सेंटोस ने कहा कि रोनाल्डो इस मैच मे हिस्सा नही लेगे। विश्व कप मे पुर्तगाल का पहला ग्रुप मैच 24 नवंबर को घाना के खिलाफ है। दक्षिण कोरिया और उरुग्वे भी पुर्तगाल के ग्रुप मे है।

**विश्व कप अभ्यास मैच में यूएई को 5-0 से हराया**

**भाषा।** अबुधाबी

**स्टार खिलाड़ी** लियोनल मेस्सी विश्व कप से पहले अर्जेन्टीना के अंतिम अभ्यास मैच के दौरान पूरे समय मैदान पर रहे और इस दौरान गोल भी दागा जिससे उनकी टीम ने यूएई को 5–0 से हरा दिया। खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल अर्जेन्टीना ने इसके साथ ही अपने अजेय क्रम को 36 मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी ने मध्यांतर से पहले टीम की ओर से चौथा गोल दागा। इससे पहले उन्होंने जूलियन इवारेज की गोल करने में मदद भी की जिन्होंने 17वें मिनट में अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई। टीम की ओर से एंजेल डि मारिया ने दो गोल दागे जबकि जोकुन कोरिया ने एक गोल किया। मेस्सी अर्जेन्टीना के लिए पिछले पांच मैच में 10 गोल कर चुके हैं और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या को 91 तक पहुंचाया। अर्जेन्टीना विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 22 नवंबर को ग्रुप सी में सऊदी अरब के खिलाफ करेगा। दूसरी तरफ जर्मनी ने पदार्पण कर रहे निकलास फल्करुग के गोल से मस्कट में ओमान को।–0 से हराया। पोलैंड ने वारसॉ में क्रिस्टोफ पियाटेक के अंतिम लम्हों में दागे गोल से चिली को।–0 से हराया। इस मैच में स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवानदोवस्की नहीं खेले लेकिन उनके विश्व कप में 22 नवंबर को मैक्सिको के खिलाफ टीम के पहले मैच में खेलने की उम्मीद है। मैक्सिको को अपने अंतिम अभ्यास मैच में स्पेन के गिरोना में स्वीडन के खिलाफ।–2 से हार झेलनी पड़ी। क्रोएशिया ने रियाद में आंद्रेज क्रामारिक के गोल से सऊदी अरब को।–0 से हराया।

## अगले चार साल तक फीफा अध्यक्ष बने रहेंगे इन्फेंटिनो

**ज्यूरिख।** फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो अगले चार साल तक फुटबॉल की इस सर्वोच्च संस्था के प्रमुख बने रहेंगे क्योंकि चुनाव के लिए किसी भी अन्य उम्मीदवार ने उनके खिलाफ चुनौती पेश नही की। फीफा ने गुरुवार को कहा कि स्विट्जरलैंड के 52 वर्षीय इन्फेंटिनो अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र उम्मीदवार है। फीफा अध्यक्ष के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि बुधवार की रात को समाप्त हो गई। चुनाव रवांडा के किगाली में 16 मार्च को होंगे। इन्फेंटिनो 2016 मे पांच उम्मीदवारों के बीच विजई बनकर सेप ब्लाटर की जगह फीफा के अध्यक्ष बने थे। उन्हें इसके बाद 2019 में निर्विरोध चुना गया था।

## मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर फाइनल्स: प्रज्ञानानंदा की पहली जीत, एरिगेसी फिर हारे

**सेन फ्रांसिस्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने गुरुवार को यहां मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर फाइनल्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की जबकि उनके हमवतन अर्जुन एरिगेसी को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा ने तीसरे दौर में वियतनाम के लिएम कुआंग ली को 3–0 से हराया लेकिन एरिगेसी को अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ 0.5–2.5 से हार झेलनी पड़ी। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपना विजई अभियान जारी रखते हुए अजरबेजान के मामेदयारोव को 3–0 से हराया जबकि पोलैंड के यान क्रिस्टोफ ने भी नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीष गिरी को 2.5–0.5 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

## लशू क्वार्टरफाइनल में, दूसरे दिन चार भारतीय अगले दौर में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज लशू यादव ने स्पेन के ला नुसिया में चल रही युवा पुरूष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के महिला 70 किग्रा वर्ग में पोलैंड की मार्टा सेजरविंस्का को सर्वसम्मत फैसले में हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लशू की 5–0 की दबदबे वाली जीत के अलावा प्रीति दहिया और देश के दो पुरूष मुक्केबाजों ने भी अगले चरण में जगह बनाई। प्रीति ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग के राउंड 32 मुकाबले में कोलंबिया की क्लॉडिया डेनिएला को 4–0 से पराजित किया।

## अन्वेशा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत की अन्वेशा गौड़ा को गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर मे हार का सामना करना पड़ा। अन्वेशा को मलेशिया की जिन वेई गोह ने सीधे गेम में 21-7, 21-13 से हराया। दिल्ली की 14 साल की अन्वेशा ने इस साल छह जूनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल मे जगह बनाते हुए चार खिताब जीते है। इस साल इबेरड्रोला स्पेनिश जूनियर अंतरराष्ट्रीय, फेरो गेम्स जूनियर अंतरराष्ट्रीय, एफजेड फोर्जा स्टॉकहोम जूनियर और अमोत इस्राइल जूनियर का खिताब जीतने वाली अन्वेशा बुल्गारिया और डेनमार्क मे भी जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के फाइनल मे पहुंची। इसी महीने चोट के कारण हाइलो ओपन के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने वाले भारत के शीर्ष पुरुष खिलाड़ी समीर वर्मा टूर्नामेंट से हट गए हैं। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की जोड़ी भी प्रतियोगिता से हट गई जबकि रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी ली चिया सिन और तेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 16-21 14-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## जोकोविच के पास ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वीजा



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने गुरुवार को पुष्टि की कि नोवाक जोकोविच को अगले साल जनवरी मे होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे हिस्सा लेने के लिए वीजा जारी किया गया है। कोविड-19 टीकाकरण नही कराने के कारण पिछले साल जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे खेलने की अनुमति नही मिली थी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किया गया था। इक्कीस बार के ग्रैंडस्लैम एकल चैंपियन जोकोविच का वीजा पिछले साल जनहित के आधार पर 14 जनवरी को रद्द कर दिया गया था और वह पूर्ण संघीय अदालत मे निर्वासन के खिलाफ अपील हार गए थे। आव्रजन मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने कहा कि उन्होंने वीजा नही देने के फैसले को रद्द करने के जोकोविच के आवेदन को मंजूरी दे दी है क्योंकि वीजा को जिस आधार पर रद्द किया गया था वह अब मौजूद नही है।

## शेरवुड अकाडमी और न्यू वे सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** शेरवुड अकाडमी और न्यू वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल टीएचएस इंटर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट ने अंडर-19 आयु वर्ग में अपने-अपने ग्रुप में जीत से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टेंडर हार्ट्स स्कूल, कुर्सी रोड ग्राउंड में शुरू हुए टूर्नामेंट में अंडर.14 आयु वर्ग में रेडहिल स्कूल और इंडस वैली पब्लिक स्कूल ने भी अंतिम चार के लिए क्वालीफाई किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन टीएचएस ग्रुप ऑफस्कूल्स के अध्यक्ष ऋषि खन्ना ने किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि तिवारी ने टीमों का उत्साहवर्धन किया। भाग लेने वाली टीमो को ए और बी ग्रुप में विभाजित किया गया था। अंडर-14 वर्ग में पहला मैच रेडहिल स्कूल और मॉडर्न स्कूल के बीच खेला गया जिसमें रेडहिल स्कूल जीता।